समृद्धि न्यूज़

सेंसेक्स 62,979.37 | निफ्टी 18,665.50

तापमान
अधिकतम 38 ℃
न्यूनतम 29 ℃

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

अधिवक्ता जफरयाब को अखिलेश ने दी श्रद्धांजलि पेज-02

बिना माइन टैग वाले वाहनों का खनन पट्टा क्षेत्र भण्डारण स्थल पर एक जुलाई... पेज-03

वर्ष 10 | अंक 306 | लखनऊ, 26 जून सोमवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 4.00 | www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

देश में इमरजेंसी लगाने वाले रच रहे भाजपा के खिलाफ कुचक्र

● 2027 तक दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था होगा भारत ● नोयडा में सीएम ने किया 1718 करोड़ की परियोजनाओं का अनावरण और लोकार्पण

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज नोयडा में 1718 करोड़ की परियोजनाओ का लोकार्पण और अनावरण किया।

उन्होंने रामनाथ गोयनका के नाम पर एक रोड का भी लोकार्पण किया। उन्होंने इस मौके पर कहा है कि देश में आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस पार्टी के साथ जयप्रकाश और लोहिया के नाम पर राजनीति करने वाले लोग मिलकर भाजपा के खिलाफ कुचक्र रच रहे हैं। आज से 48 वर्ष पूर्व आज के दिन ही कांग्रेस पार्टी ने लोकतंत्र की हत्या करते हुए देश में इमरजेंसी लगाई थी। उस समय जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, चंद्रशेखर सहित देश के विपक्ष के सभी बड़े नेताओं ने एकजुट होकर विरोध जताया था, इमरजेंसी को मात दिया था। आज जयप्रकाश और राम मनोहर लोहिया के नाम पर राजनीति करने वाले लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटाने के लिए इमरजेंसी लगाने वाले लोगों के साथ मिलकर दुष्चक्र रच रहे हैं।

सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि 80 करोड लोगों को भारत मे करीब 3 वर्ष से मुफ्त में राशन उपलब्ध कराया रहा है। पड़ोसी देश पाकिस्तान के लोग एक- एक रोटी के लिए मोहताज है। भारत विश्व के आर्थिक ताकत के रूप में उभरा है। भारत विकास की नई इबारत लिख रहा है।

किसानों के साथ बातचीत करके उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा

किसानों के साथ बातचीत करके उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। जो लोग विकास के विरोधी हैं वे लोग किसानों के कंधे पर बंदूक रखकर विकास को बाधित करना चाहते हैं। किसान इस तरह की ताकतों के बहकावे में न आएं। यहां की प्रमुख समस्या बायर्स और बिल्डर की समस्या का हम जल्द समाधान करेंगे। जनप्रतिनिधियों की सक्रियता, जनता के सहयोग, प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश सरकार मिलकर इस समस्या का समाधान करेगी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि काफी ठीक हुई है। उन्होंने दावा किया कि 9 वर्षो में भारतीय जनता पार्टी देश में विकास की बयार लाई है। बेरोजगारी दूर हुआ है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में माफिया ठंडे हो गए हैं। जिस तरह से माफिया ठंडे हो गए हैं उत्तर प्रदेश में मौसम भी ठंडा हो रहा है। मथुरा, अयोध्या, वाराणसी का विकास हो रहा है। यूपी में अब सिर्फ विकास हो रहा है।

उत्तर प्रदेश के लोगों में पैदा हुई है सकारात्मक सोच

माफिया राज खत्म हो गया है। यूपी के लोगों में सकारात्मक सोच पैदा हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इमरजेंसी के दौरान सरकार के खिलाफ डटकर मुकाबला करने वाले रामनाथ गोयनका के नाम से आज एक मार्ग का उद्घाटन करने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि 1718 करोड़ की परियोजनाएं नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा तैयार की जा रही है जिसका आज अनावरण व लोकार्पण किया गया है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए पिंक बूथ का उद्घाटन किया गया है। पहले लोग दिल्ली में रहना पसंद करते थे। क्योंकि नोएडा और ग्रेटर नोएडा में व्यवस्थाएं ठीक नहीं थी। कानून व्यवस्था ठीक नहीं थी लेकिन अब धारणा बदली है। लोग नोएडा और ग्रेटर नोएडा में आकर बसना चाह रहे है।

पूरी दुनिया के लोग यहां पर बसना चाह रहे

पूरी दुनिया के लोग यहां पर बसना चाह रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश का सबसे बड़ा डाटा सेंटर का उद्घाटन पिछली बार मैंने किया था। आज देश के सबसे बड़े रोबोटिक सेंटर का उद्घाटन हो रहा है। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉ महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर, उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी, राज्य मंत्री यशवंत सैनी, गौतम बुद्ध नगर के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह, विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, विधान परिषद सदस्य नरेंद्र भाटी, विधायक पंकज सिंह, विधायक तेजपाल नागर, भाजपा के महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, सहित भाजपा नेता मौजूद रहे।

अगर भारत की विकास गति यही बनी रही तो 2027 तक भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित होगा।

भारत सकारात्मक सोच के चलते विकास की शानदार यात्रा पर है वही पड़ोसी देश पाकिस्तान नकारात्मक सोच के नाते भुखमरी और गरीबी रास्ते पर चल रहा है। ऐसा लग रहा है कि आने वाले कुछ दिनों में पाकिस्तान भी उसी तरह से ठंडा न हो जाए जिस तरह से यूपी मे माफिया ठंडे हो गए हैं।उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने लोकतंत्र के गले को घोंटा था उनके साथ समाजवादी पार्टी, जदयू, राजद, राष्ट्रीय लोकदल जैसे जेपी के रास्ते पर चलने का दावा करने वाली राजनीतिक पार्टियां जब सांठगांठ करती है तो जनता खुद समझ रही है कि यह लोग अपने भ्रष्टाचार को छुपाने और सत्ता पाने के लोभ को पूरा करने के लिए एक मंच पर आ रहे हैं। हमें विकास के रास्ते सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना है। गौतम बुद्ध नगर के प्रति 6 वर्ष में देश के लोगों की सोच बदली है। यहां बड़ा से बड़ा निवेश हुआ है।

नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना विकास प्राधिकरण में अपने कार्य से जनपद गौतम बुद्ध नगर को विश्व पटल पर स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि इस जनपद में उत्तर प्रदेश को एक नई पहचान दी है। यहां पर एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन रहा है।उन्होने कहा कि इस वर्ष के अंत तक जेवर से हवाई यात्रा शुरू हो जाएगी। गौतम बुद्ध नगर में फिल्म सिटी बन रही है। यहां ऐसी परियोजनाएं लग रही है जिसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी। जेवर एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले किसानों उन्होंने धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता है।

जब कांग्रेस ने मुझे 16 महीने के लिए डाला था जेल में

इमरजेंसी का वो काला अध्याय याद रहेगा : राजनाथ सिंह

आगरा (समृद्धि न्यूज़)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में कागारौल ग्रामीण क्षेत्र में रविवार को जनसभा में कांग्रेस को जमकर आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज ही के दिन कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाते हुए लोकतंत्र की हत्या की थी, यह काला अध्याय सदैव याद रखा जाएगा। केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर भाजपा महा जनसंपर्क अभियान चला रही है। इस अभियान को और गति देने के लिए रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यहां आए। उन्होंने अपनी पहली जनसभा फतेहपुरसीकरी लोकसभा क्षेत्र के कागारौल में करते हुए

कहा कि आज 25 जून का दिन है। इसी दिन 1975 में आपातकाल लगाया गया था और लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया था। मैंने भी 16 महीने जेल में बिताए थे। राजनाथ ने कहा कि कांग्रेस पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हटाने के लिए बैठक कर रही है। कहती है देश में लोकतंत्र नहीं तो हिमाचल, राजस्थान, कर्नाटक में उनकी सरकार कैसे बनी।

त्रिपुरा सरकार का बड़ा फैसला

75 सीमावर्ती गांवों को अब स्वतंत्रता सेनानियों के नाम से जाना जाएगा

अगरतला। त्रिपुरा सरकार ने राज्य के 75 सीमावर्ती गांवों का नामकरण उन स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर करने का फैसला किया है जिन्होंने आजादी की लड़ाई के दौरान अपने प्राणों की आहूति दी थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। स्वतंत्रता के 75 साल पूरे होने के मौके पर शुरू की गई पहल 'आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में 75 सीमावर्ती गांवों का नाम बदलने की परियोजना शुरू की गई है। सूचना एवं सांस्कृतिक सचिव पीके चक्रवर्ती ने कहा, देश की आजादी में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने का कार्यक्रम जुलाई में शुरू होगा जो इस साल 15 अगस्त तक पूरा होगा।

हमने ट्रायल्स में छूट नहीं मांगी, यह साबित हो गया तो कुश्ती छोड़ देंगे : बजरंग

नई दिल्ली। एशियाई खेलों के ट्रायल्स से छूट मिलने के लिए साथी पहलवानों के विरोध का सामना कर रहे आंदोलनकारी पहलवानों ने शनिवार को आईओए के तदर्थ पैनल से इस तरह की छूट की मांग करने से इनकार किया और कहा कि अगर यह साबित हो गया तो वे कुश्ती छोड़ देंगे। लंदन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता योगेश्वर दत्त ने शुक्रवार को तदर्थ पैनल के फैसले पर सवाल उठाये थे कि क्या ये पहलवान इस तरह की छूट हासिल करने के लिए ही विरोध कर रहे थे। उन्होंने जूनियर पहलवानों, उनके कोचों और अभिभावकों से इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की बात कही थी। योगेश्वर दत्त ने कुछ और भी आरोप लगाये थे और बजरंग, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट की तिकड़ी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर अपने फॉलोअर्स को संबोधित करते हुए पूर्व पहलवान और अब भाजपा नेता द्वारा की गयी टिप्पणियों का जवाब दिया। साक्षी ने कहा, ''हमने ट्रायल्स में छूट नहीं मांगी थी, बस तैयारी के लिए समय मांगा था।'' रियो ओलंपिक 2016 की कांस्य पदक विजेता साक्षी ने कहा, ''हमने किसी का भी अधिकार नहीं छीना। हमने सिर्फ समय मांगा था क्योंकि हम कुश्ती से छह महीने दूर रहे थे लेकिन आप गलत जानकारी फैला रहे हो।'' तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग ने कहा, ''अगर आपको एक मुकाबले के ट्रायल से परेशानी थी तो आपको खेल मंत्री के पास जाना चाहिए था।

संक्षिप्त

56 तहसीलदार वह 38 नायब तहसीलदार के तबादले

लखनऊ। राज्य परिषद ने रविवार को अवकाश वाले दिन 56 तहसीलदारों और नायब तहसीलदार के तबादले किए हैं आयुक्त एवं सचिव मनीषा त्रिघटिया इस ने संबंध में आदेश जारी किया है। स्थानांतरित तहसीलदार और नायब तहसीलदार को आदेश जारी होने के 3 दिन के अंदर नए स्थान पर कार्यभार करना होगा। नियंत्रक अधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से मुक्त करना होगा। समय से कार्यमुक्त ना किए जाने पर इसे अनुशासनहीनता माना जाएगा। 3 दिन बाद स्थानांतरित होने वालों को स्वतः कार्यमुक्त मान लिया जाएगा।

बाढ़ से चार लाख से अधिक लोग प्रभावित

गुवाहाटी। असम में बाढ़ की स्थिति रविवार को भी गंभीर बनी रही और बाढ़ से नौ जिलों में चार लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। हालांकि बाढ़ का पानी अब धीरे धीरे घटने लगा है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के एक अधिकारी ने कहा कि इस साल राज्य के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ की पहली लहर में तीन लोगों की जान गई है। एएसडीएमए की रिपोर्ट के अनुसार, बाढ़ से बक्सा, बारपेटा, दरांग, धुबरी, गोलपारा, कामरूप, लखीमपुर, नलबाड़ी और उदलगुरी जिलों में 4,07,700 लोग प्रभावित हुए हैं।

हिजाब विवाद में प्रधानाचार्य, शिक्षकों के खिलाफ मामला दर्ज

हैदराबाद। तेलंगाना में एक स्कूल में एक छात्रा के हिजाब पहनने पर आपत्ति जताई गई है। इस मामले में एक प्रधानाचार्य और तीन शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस ने इस मामले में जानकारी शनिवार को मुहैया कराई है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इस मामले में एक 10वीं कक्षा की छात्रा शामिल है, जिसने शिकायत हिजाब पहनने को लेकर स्कूल में छात्रा को स्कूल में आने से मना किया था।

काहिरा में अल-हकीम मस्जिद पहुंचे पीएम मोदी, कहा-

यह मिस्र की समृद्ध विरासत और संस्कृति का गहरा प्रमाण है

एजेंसी

काहिरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मिस्र की राजधानी काहिरा में हेलियोपोलिस युद्ध कब्रिस्तान का दौरा किया और प्रथम विश्व युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी अल-हकीम मस्जिद भी गए। अल-हकीम मस्जिद काहिरा में 11वीं सदी का एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थल है। यह मस्जिद भारत और मिस्र द्वारा साझा की गई समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रमाण के रूप में खड़ी है। पीएम मोदी की यात्रा का महत्व अल-हकीम मस्जिद का उल्लेखनीय जीर्णोद्धार है, जो दाऊदी

बोहरा समुदाय के अटूट समर्पण और समर्थन के माध्यम से संभव हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि काहिरा में ऐतिहासिक अल-हकीम मस्जिद का दौरा करके सम्मानित महसूस हुआ। यह मिस्र की समृद्ध विरासत और संस्कृति का एक गहरा प्रमाण है।

भारतीय प्रवासी समुदाय के बोहरा समुदाय के सदस्य शुजाउद्दीन शब्बीर तांबावाला, जो आज अल-हकीम मस्जिद में मौजूद थे, जब पीएम मोदी वहां गए थे, कहते हैं, यह हमारे लिए एक ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि पीएम मोदी आज यहां आए थे। उन्होंने हमारे साथ बातचीत भी की। उन्होंने हमारे बोहरा समुदाय की भलाई के बारे में

पीएम मोदी ने भारतीय सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

पीएम मोदी ने मिस्र के काहिरा में हेलियोपोलिस युद्ध कब्रिस्तान का भी दौरा किया। यहां उन्होंने प्रथम विश्व युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिस्र के काहिरा में हेलियोपोलिस युद्ध कब्रिस्तान का दौरा किया और प्रथम विश्व युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने मिस्र के राष्ट्रपति अल-सिसी से भी मुलाकात की।

मणिपुर हिंसा में हजारों महिलाएं आई ऑपरेशन के खिलाफ में

सुरक्षा बलों को छोड़ने पड़े 12 उग्रवादी

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर में इन दिनों हिंसा जारी है। इसी बीच सुरक्षा बलों को उग्र भीड़ से निपटना काफी भारी पड़ रहा है। इम्फाल में ऐसा ही कुछ माहौल देखने को मिला जब सुरक्षा बलों के तलाशी अभियान को स्थानीय महिलाओं ने ही रोक दिया। इस अभियान को रोक कर महिलाओं ने 12 उग्रवादियों को भी छुड़ाने में सफलता हासिल कर ली है। गौरतलब है कि मणिपुर में जारी हिंसा के बीच स्थानीय लोग भी सैन्य बलों और अर्धसैनिक बलों के विरोध में उतर रहे है। इसी बीच शनिवार को बड़ी संख्या में इकट्ठी हुई महिलाओं ने सुरक्षा बलों को घेर लिया जिससे सुरक्षा बलों को अपना तलाशी अभियान रोकना पड़ा। इसके साथ ही विरोध के चलते सुरक्षा बलों को 12 उग्रवादियों को भी छोड़ना पड़ा। इन उग्रवादियों को सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान के दौरान पकड़ा था।

जानकारी के मुताबिक मणिपुर के इथम गांव में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान चलाया जा रहा था। इस अभियान को देखते हुए स्थानीय विद्रोही समूह के 12 गिरफ्तार उग्रवादियों को छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई कार

दो बच्चों समेत चार लोगों की मौत

बदायूं, समृद्धि न्यूज़

उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक वैगन-आर कार मुरादाबाद-फर्रुखाबाद मार्ग पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई, जिससे उसमें सवार दो बच्चों और दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। सिविल लाइंस थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) गौरव बिश्नोई ने रविवार को बताया कि शनिवार को देर रात लगभग एक बजे एक वैगन-आर कार मुरादाबाद-फर्रुखाबाद मार्ग पर दहेमी गांव के पास खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई। बिश्नोई के मुताबिक, इस हादसे में सूरजश्री (50), शशि यादव (25), हर्ष (10) और अरणव (छह) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नीतल, जितेंद्र आरू (2) गंभीर रूप से घायल हो गए।

घर की छत गिरने से दो बच्चों की मौत

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के न्यू मंडी थाना क्षेत्र के एक गांव में बारिश के दौरान मकान की छत गिरने से एक ही परिवार के दो बच?चों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मुजफ्फरनगर के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) परमानंद झा ने बताया कि न्यू मंडी थाना क्षेत्र के नसीरपुर गांव में एक घर की छत गिरने से उवैस (14) और असलम (13) की मौत हो गई, जबकि परिवार के तीन अन्य सदस्य-इदरीस (40), करीना (11) और समरीन (16) घायल हो गए। झा के मुताबिक, यह हादसा रविवार तड़के हुआ।

भारत के इतिहास में वीर सावरकर का अहम योगदान : ब्रजेश पाठक

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को वीर सावरकर के इतिहास को माध्यमिक शिक्षा परिषद के पाठ्यक्रम में शामिल किये जाने की सराहना करते हुए कहा कि भारत के इतिहास में वीर सावरकर का अहम योगदान है। पाठक ने शनिवार को जिले के हल्दी रामपुर गांव में संवाददाताओं से बातचीत में सावरकर का इतिहास माध्यमिक शिक्षा परिषद के पाठ्यक्रम में शामिल करने से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा सावरकर हमारे पूर्वज हैं, भारत के इतिहास में उनका अहम योगदान है। पुराने राजपाट चलाने वालों ने ऐसे लोगों को हटा दिया।

बराक ओबामा पर बरसीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, बोलीं-

छह मुस्लिम देशों पर बरसाए थे 26,000 से ज्यादा बम

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिका और मिस्र के दौरे को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। उन्होंने कहा कि बहुत कम लोगों को अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करने का अवसर मिला है। यह दूसरी बार है जब प्रधानमंत्री मोदी को संयुक्त सत्र को संबोधित करने के लिए बुलाया गया। साथ ही स्टैंडिंग ओवेशन प्राप्त करना हम सभी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी कांग्रेस की

संयुक्त सभा को संबोधित करने के लिए वहां के दोनों दलों द्वारा आमंत्रिण किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी के इस दौरे के दौरान रक्षा उत्पादन और रोजगार के विषय पर कई महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं। निर्मला सीतारमण ने कहा कि मुझे यह कहते हुए बेहद खुशी हो रही है कि यह एक ऐसी यात्रा थी जहां भारत और अमेरिका दोनों ने अपनी साझेदारी को फिर से परिभाषित किया और ऐसे कदम उठाए जिसके परिणामस्वरूप हमारे राष्ट्रीय लक्ष्यों को अधिक से अधिक साकार किया जा सकेगा।

गृहमंत्री ने इमरजेंसी के दिनों को किया याद | इमरजेंसी की 48वीं बरसी पर अमित शाह का कांग्रेस पर हमला

कभी न मिटने वाला कलंक है आपातकाल : अमित शाह

नई दिल्ली (एजेंसी)। आपातकाल की 48वीं बरसी पर पीएम मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने इमरजेंसी के दिनों को याद किया। गृह मंत्री अमित शाह ने इमरजेंसी को याद करते हुए कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने आपातकाल को कभी न मिटने वाला कलंक बताया है।

कभी न मिटने वाला कलंक है आपातकाल

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज ही के दिन 1975 में एक परिवार ने अपने हाथ से सत्ता निकलने के डर से जनता के अधिकारों को छीन व लोकतंत्र की हत्या

आपातकाल की 48वीं बरसी पर पीएम मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने इमरजेंसी के दिनों को याद किया। गृह मंत्री अमित शाह ने इमरजेंसी को याद करते हुए कांग्रेस पर हमला बोला। अमित शाह ने कहा कि 1975 में एक परिवार ने अपने हाथ से सत्ता निकलने के डर से जनता के अधिकारों को छीन व लोकतंत्र की हत्या कर देश पर आपातकाल थोपा था।

1975 में एक परिवार ने अपने हाथ से सत्ता निकलने के डर से जनता के अधिकारों को छीन व लोकतंत्र की हत्या कर देश पर आपातकाल थोपा था।

21 मार्च 1977 को हटा लिया गया था।

कर देश पर आपातकाल थोपा था। अपने सत्ता-स्वार्थ के लिए लगाया गया आपातकाल, कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता का प्रतीक और कभी न मिटने वाला कलंक है। उस कठिन समय में अनेक यातनाएं सहकर लोकतंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए लाखों लोगों ने संघर्ष किया। मैं उन सभी देशभक्तों को दिल से नमन करता हूं। आज ही के दिन 1975 में एक परिवार ने अपने हाथ से सत्ता निकलने के डर से जनता के अधिकारों को छीन व लोकतंत्र की हत्या कर देश पर आपातकाल थोपा था।

कांग्रेस ने की थी लोकतंत्र की हत्या- अमित शाह

अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता के स्वार्थ व अहंकार में देश पर आपातकाल थोपकर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की हत्या कर दी थी। असंख्य सत्याग्रहियों को रातों-रात जेल की सलाखों की कालकोठरी में कैदकर प्रेस पर ताले जड़ दिए। नागरिकों के मौलिक अधिकार छीनकर संसद व न्यायालय को मूकदर्शक बना दिया। कांग्रेस ने सत्ता के स्वार्थ व अहंकार में देश पर आपातकाल थोपकर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की हत्या कर दी। उल्लेखनीय है कि भारत में 25 जून 1975 की रात को आपातकाल लगाने की घोषणा की गई थी, जिसके तहत नागरिक स्वतंत्रता को निलंबित कर दिया गया था और प्रेस पर कई प्रतिबंध लागू किए गए थे। उस समय केंद्र में इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार थी। आपातकाल को 21 मार्च 1977 को हटा लिया गया था।

इमरजेंसी झेली और बने सियासत के अहम किरदार, कोई पीएम बना तो कोई सीएम, कोई बड़ा नाम

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

आज ही के दिन देश पर इमरजेंसी थोपी गई थी। इमरजेंसी में जिन्होंने आवाज बुलंद की, जेल में ठूसे गये। जेपी की अगुवाई में जो विरोध के स्वर फूटे तो फिर इंदिरा गांधी को सत्ता से बेदखल कर ही थमे। आपातकाल में जो विरोध में आगे थे,वो देश की सियासत में बड़े खास किरदार बनकर उभरे। कोई आगे चलकर पीएम बना तो कोई सीएम। कोई तो पद भले ही बड़ा न हासिल किये हो मगर नाम जरूर बड़े अदब से लिया जाता है। आज 25 जून है। आज से 48 साल पहले देश में आपातकाल लागू हुआ था।

देश की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थीं। आपातकाल के दौरान नागरिकों के मौलिक अधिकार खत्म कर दिए गए और प्रेस पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। आपातकाल का विरोध करने वाले जयप्रकाश नारायण, चौधरी चरण सिंह,अटल बिहारी वाजपेयी, लालू प्रसाद यादव , नीतीश कुमार, शरद यादव और रामविलास पासवान समेत बड़ी तादाद में नेताओं को जेल में डाल दिया गया। 21 महीने के बाद 21 मार्च 1977 को आपातकाल हटा दिया गया और जब आम चुनाव हुए तो इंदिरा को सत्ता गंवानी पड़ी। इंदिरा गांधी की तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाने वाले कुछ प्रमुख नेताओं के बारे में जानना जरूरी है। जयप्रकाश नारायण को लोकनायक के नाम से जाना जाता है। उन्होंने इंदिरा गांधी के द्वारा लागू किए गए आपातकाल का जमकर विरोध किया, उन्हें जेल में डाल दिया गया।जेपी आपातकाल के खिलाफ आंदोलन का प्रमुख चेहरा थे। उन्हें जेपी आंदोलन का जनक माना जाता है।जेपी ने इंदिरा को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए संपूर्ण क्रांति का नारा दिया था। 1977 में जनता पार्टी के गठन में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। जेपी का आठ अक्टूबर 1979 को हृदय की बीमारी और मधुमेह के चलते निधन हो गया। चौधरी चरण सिंह ने तो कभी इंदिरा गांधी की नीतियों को पसंद नहीं किया। इमरजेंसी के खिलाफआंदोलन में वे भी अहम किरदार रहे। किसानों के मसीहा कहलाये। देश के प्रधानमंत्री भी बने। आपातकाल के दौरान विपक्षी नेताओं को जेल में डाला गया था। इनमें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भी थे। 18 महीने तक कैद कर रखा गया था। इस दौरान उन्होंने अपनी कविताओं के जरिए इंदिरा गांधी के आपातकाल लागू करने के फैसले की आलोचना की थी। 1977 में आपातकाल हटा तो जनता पार्टी की सरकार और मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने। उस सरकार में वाजपेयी ने विदेश मंत्री बने। जनता पार्टी टूटी तो उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का गठन किया और 1996 में पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने। इसके बाद वे 1998 और 1999 से 2004 तक प्रधानमंत्री रहे। लंबी बीमारी के बाद 16 अगस्त 2018 को उनका निधन हो गया। वे तीन बार देश के प्रधानमंत्री रहे। उन्हें 2015 में श्भारत रत्नश् से सम्मानित किया गया।लालकृष्ण आडवाणी आपातकाल के दौरान जेल गये थे। वे 19 महीने तक जेल में रहे। आडवाणी भाजपा के संस्थापक सदस्य हैं। वे एनडीए सरकार में डिप्टी प्राइममिनिस्टर रह चुके हैं। जून 1975 में गुजरात में कांग्रेस का किला ढहाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अटल-आडवाणी की जोड़ी प्रसिद्ध हुई। आडवाणी चार बार राज्यसभा और पांच बार लोकसभा के सदस्य रहे। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जब 1951 में जनसंघ की स्थापना की तो आडवाणी 1957 तक इसके सचिव रहे। 1973 से 77 तक इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में भी काम किया। जब भाजपा का गठन हुआ तो उन्होंने 1986 से लेकर 1991 तक इसके अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली। राम मंदिर आंदोलन के दौरान 1990 में सोमनाथ से अयोध्या के लिए रथ यात्रा निकालने के बाद भारतीय राजनीति में उनका कद बढ़ गया। आपातकाल में कुछ नेताओं को राजनीतिक करियर संवारने में मदद मिली, उनमें बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव शामिल हैं। लालू नौकरी छोड़कर जेपी आंदोलन में शामिल हुए थे। 22 साल की उम्र में पहली बार राजनीति में कदम रखा और पटना यूनिवर्सिटी के छात्रसंघ के महासचिव का चुनाव जीता। आपातकाल के दौरान लालू प्रसाद यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। वे 1977 तक जेल में बंद रहे।लालू यादव की बेटी का नाम मीसा भारती है। लालू ने अपनी बेटी का यह नाम इसलिए रखा क्योंकि उन्हें मीसा कानून के तहत गिरफ्तार किया गया था। लालू 1977 में पहली बार सांसद बने, उस समय उनकी 29 साल थी। 1990 से 1997 तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे। नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री हैं। आपातकाल के दौरान उन्हें गिरफ्तार करने वाले 15 पुलिस अधिकारियों और सिपाहियों को 2750 रुपये का इनाम मिला था। नीतीश को 9ध्10 जून 1976 की रात गिरफ्तार किया गया था। नीतीश ने 1994 में जॉर्ज फर्नांडिस के साथ मिलकर समता पार्टी की स्थापना की थी, जिसका बाद में 2003 में जनता दल यूनाइटेड में विलय कर दिया गया।नीतीश कुमार 1996 में लोकसभा के लिए चुने गए। उन्हें वाजपेयी सरकार में केंद्रीय मंत्री बनाया गया। नीतीश कुमार भाजपा के सहयोग से सबसे पहले 2005 में बिहार के मुख्यमंत्री बने। वे राजद के सहयोग से मुख्यमंत्री पद पर विराजमान हैं।आपातकाल के दौरान मुलायम सिंह यादव को भी जेल में डाल दिया गया। मुलायम ने समाजवादी पार्टी की स्थापना की। वे देश के रक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। आपातकाल के बाद जनता पार्टी का गठन हुआ तो मुलायम भी उसके सदस्य थे। वे पहली बार राम नरेश यादव के मुख्यमंत्रित्व काल में मंत्री बने थे। उन्हें सहकारिता और पशुपालन विभाग मिला था।मुलायम सिंह आंदोलन 1954 से आंदोलन में हिस्सा लेने लगे थे, जिसकी वजह से जेल भी गए। वे सबसे पहले संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी की टिकट पर 1967 में विधायक चुने गए। उनका 10 अक्टूबर 2022 को निधन हो गया। वे आठ बार विधानसभा और एक बार विधान परिषद के लिए चुने गए।शरद यादव के राजनीतिक करियर को बढ़ाने में भी आपातकाल का अहम योगदान रहा। अन्य नेताओं के साथ उन्हें भी 25 जून 1975 को जेल में डाल दिया गया। उस समय उनकी उम्र 28 साल थी। वे तीन राज्यों मध्य प्रदेश, बिहार और उत्तर प्रदेश से लोकसभा सदस्य चुने जाने वाले पहले नेता थे।वे बिहार के मधेपुरा सीट से चार बार, मध्य प्रदेश की जबलपुर सीट से दो बार और यूपी की बदायूं सीट से एक बार लोकसभा के लिए चुने गए। वे चार बार राज्यसभा सदस्य भी चुने गए। शरद का 12 जनवरी 2023 को निधन हो गया।जॉर्ज फर्नांडिस आपातकाल का विरोध करने वाले प्रमुख नेताओं में से एक हैं। उन्होंने कभी मछुआरा तो कभी साधु का वेश धारण कर देशभर में घूमकर इंदिरा गांधी के खिलाफ आंदोलन करते रहे। बाल और दाढ़ी भी बढ़ा लिए थे ताकि किसी की पहचान में न आएं। उन्हें जून 1976 में गिरफ्तार कर जेल में बंद कर दिया गया।फर्नांडिस ने जेल में रहते हुए 1977 का लोकसभा चुनाव लड़ा और बिहार की मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट से जीत दर्ज की। वे जनता पार्टी की सरकार में मंत्री बने। वे अपने राजनीतिक करियर में नौ बार सांसद चुने गए। लंबी बीमारी के बाद 29 जनवरी 2019 को उनका निधन हो गया।लोकजनशक्ति पार्टी के नेता रामविलास पासवान को आपातकाल के दौरान जेल में ठूंस दिया गया था। वे इंदिरा गांधी के खिलाफ आंदोलन कर रहे थे। रामविलास पासवान 1969 में पहली बार विधायक बने थे। इसके बाद 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में उन्होंने विश्व रिकार्ड बना दिया। उन्होंने हाजीपुर सीट पर अपने प्रतिद्वंदी को सवा चार लाख मतों से हराया था। इसके लिए उनका नाम गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी दर्ज हुआ। इसके बाद 1989 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने इसी सीट पर अपने पिछले रिकार्ड को तोड़ते हुए पांच लाख मतों से जीत दर्ज किया था।पासवान के पास छह प्रधानमंत्रियों वीपी सिंह, एचडी देवेगौड़ा, इंद्रकुमार गुजराल, अटल बिहारी वाजपेयी, मनमोहन सिंह और नरेन्द्र मोदी के साथ काम का अनुभव था। वे नौ बार लोकसभा और दो बार राज्यसभा सांसद रहे। उन्होंने सूचना एवं प्रसारण, खनिज, रेल, रसायन एवं उर्वरक और उपभोक्ता मामलों के मंत्री के रूप में काम किया। आठ अक्टूबर 2020 को उनका निधन हो गया। लोकबंधु राजनारायण ने इंदिरा गांधी को आपातकाल के बाद हुए 1977 के लोकसभा चुनाव में करारी शिकस्त दी।

खबरें एक नजर में

मुख्यमंत्री ने किया रामनाथ गोयनका मार्ग का उद्घाटन, लोकतंत्र के लिए आज सबसे बड़ा दिन

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज नोएडा में रामनाथ गोयनका मार्ग का उद्घाटन किया है। आइडिया एक्सचेंज प्रोग्राम में सीएम ने कहा कि लोकतंत्र के लिए एक बड़ा दिन है जब हम रामनाथ गोयनका के नाम पर इस मार्ग का उद्घाटन कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि 25 जून 1975 का दिन लोकतांत्रिक भारत के लिए काले अध्याय के तौर पर जाना जाता है। जब देश में आपातकाल लागू हुआ था। उस दौर में लोकतंत्र को बचाने के लिए मीडिया को रामनाथ गोयनका ने किसी भी हद तक जाकर काम करने का जज्बा दिया था। गोयनका परिवार ने लोकतंत्र को बचाने के लिए काम किया है। इस दौरान सीएम योगी ने गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार मिलने का भी जिक्र किया। सीएम योगी के दौरे को देखते हुए नोएडा में सुरक्षा चुस्त दुरुस्त कर दी गई। चप्पे-चप्पे पर पुलिस कर्मी तैनात हैं। न्यू ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण गवर्निंग बॉडी ने नोएडा के सेक्टर 10 में अमलताश मार्ग का नाम बदला है।

वीपी सिंह को भारत रत्न देने की मांग

लखनऊ । राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह ने 7 अगस्त 1990 को मंडल कमीशन लागूकर क्षत्रिय वर्ग के न्यायिक चरित्र का उत्कृष्ट परिचय दिया था।भारतीय ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता लौटन राम निषाद ने कहा है कि वीपी सिंह ने मण्डल कमीशन की सिफारिश को लागू कर न्यायिक चरित्र का परिचय दिया। वीपी सिंह ने सामाजिक न्याय के मसीहा के रूप में अपना नाम दर्ज करा दिया। उन्होंने भारत सरकार से मण्डल मसीहा वीपी सिंह को भारतरत्न देने एवं संसद भवन परिसर में उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित कराने की माँग किया है। उन्होंने बताया कि शरद यादव, रामविलास पासवान, अजित सिंह, जार्ज फर्नांडिस, मधु दंडवते, सुबोधकांत सहाय, आदि की सदन के अंदर धारदार बहसों व सड़क पर लालू प्रसाद यादव, रामविलास पासवान जैसे नेताओं के संघर्षो की परिणति वीपी सिंह द्वारा पिछड़ोत्थान के लिए ऐतिहासिक, साहसिक व अविस्मरणीय फैसले के रूप में हुई । वीपी सिंह का कालजयी वक्तव्य जनमानस पर आज भी अंकित है। उन्होंने कहा कि हमने मंडल रूपी बच्चा माँ के पेट से बाहर निकाल दिया है, अब कोई माई का लाल इसे माँ के पेट में नहीं डाल सकता है। यह बच्चा अब प्रोग्रेस ही करेगा। मंडल से राजनीति का ग्रैमर बदल गया और एक चेतना डिप्राइव्ड सेक्शन में आई, जो पावर स्ट्रक्चर में नहीं थे, उनको एक कॉन्शसनेस आयी। हम समझते हैं, ये कॉन्शसनेस इंडिविजुअल पार्टी या इंडिविजुअल लीडर से बड़ी चीज आई।

पत्रकार को गोली मारे जाने के मामले में अमिताभ ठाकुर आज जायेंगे उन्नाव

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उन्नाव में पत्रकार को गोली मारे जाने के मामले में आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर वस्तुस्थिति जानने कल उन्नाव जाएंगे। वह पत्रकार को देखने अस्पताल जाएंगे। वह वहाँ जाकर वस्तुस्थिति जानने के लिये अन्य पत्रकारों से भी मुलाकात करेंगे। पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में लोकतंत्र के लिए काम करने के लिये व्यवस्था की कारगुजारी को उजागर करने वालों की जान प्रदेश में सुरक्षित नहीं है।उन्नाव में पत्रकार मन्नू अवस्थी को कुछ लोगों ने शनिवार को गोली मार दी गयी थी।

यूपी कोआपरेटिव बैंक सेवोत्तम लाईसेंस प्राप्त करने वाला भारत का प्रथम बैंक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा यूपी कोआपरेटिव बैंक को सेवोत्तम लाइसेंस प्रदान किया गया है। उन्होने बताया भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा यह लाइसेंस गुणवत्तायुक्त सेवा एवं पारदर्शिता के लिये प्रदान किया जाता है। यूपी कोआपरेटिव बैंक सेवोत्तम लाईसेंस प्राप्त करने वाला भारत का प्रथम बैंक है। बैंक को यह लाइसेंस मिलना अत्यंत गर्व की बात है, इसके लिए बैंक के सभी अधिकारी व कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। उत्तर प्रदेश में यूपी कोआपरेटिव बैंक दूसरी संस्था है जिसे सेवोत्तम प्रमाण पत्र मिला है। सेवोत्तम माडल असेसमेन्ट इम्प्रूवमेन्ट माडल है जिसके अन्तर्गत सिटीजन चार्टर, नागरिक शिकायत समाधान पद्वति, सेवा प्रदाय क्षमता निहित होते है । बैंक द्वारा उपरोक्त मानको को अंगीकृत किया गया है। प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा वर्ष 2006 में नागरिक सेवा प्रदान किये जाने हेतु लोक सेवाओं के मूल्यांकन एवं सुधार संरचना विषयक सेवोत्तम माडल की परिकल्पना विकसित की गयी है,जो सीधे ग्राहको से जुडे हुए है।

नाका गुरुद्वारे में लगा हेल्थ चेकअप मेडिकल कैंप

लखनऊ । लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में गुरु हरि राय डायग्नोस्टिक सेंटर गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा सदर कैंट लखनऊ द्वारा मेडिकल एवं ब्लड चेकअप का फ्री हेल्थ चेकअप मेडिकल कैंप का आयोजन श्री गुरु नानक देव गुरुद्वारा नाका हिंडोला लखनऊ में किया गया। जिसमें अवध हॉस्पिटल एवं हार्ट सेंटर आलमबाग के वरिष्ठ डॉक्टरों डॉ. अर्पित गुप्ता, डॉ. काजल सिंह और उनकी टीम ने मरीजों का बी.पी आर.बी.एस, वेट, पल्स का चेकअप कर, परामर्श दिया। इस कैंप में लगभग डेढ़ सौ मरीजों ने अपनी बीमारी का चेकअप करवाया। गुरु हरि राय डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक मनमीत सिंह बंटी ने बताया गुरुद्वारा साहिब में चलने वाले इस कैंप में पैथोलॉजी से संबंधित जितने भी ब्लड सैंपल की जांच की जाएगी। उनकी दरें बाजार दर से लगभग 75 प्रतिशत कम पर है। इस अवसर पर लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार राजेंद्र सिंह बग्गा, महामंत्री सरदार हरपाल सिंह जग्गी, प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत, मनमीत सिंह बंटी हरमिंदर सिंह टीटू , कुलदीप सिंह सलूजा मौजूद रहे।

अपराधियों को पौधारोपण का दंड

मुल्जिम और जमानतदार को भी लगाने पड़ते हैं पेड़

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उत्तर प्रदेश की बिजनौर जेल में अनोखा मामला सामने आया है। पर्यावरण बचाने के लिए एक अनूठी पहल शुरू की गई है। इस नई पहल के तहतजेल में बंद कैदियों को जमानत के लिए अब शपथ पत्र देना होगा कि वे कम से कम सात पौधे लगाएंगे। इसकी शुरुआत मांगे राम चौहान ने की है, जो वर्तमान में बिजनौर जिले में एसडीएम के पद पर तैनात हैं। इससे पहले अमरोहा जिले में तैनाती के दौरान भी उन्होंने इसी तरह की पहल शुरू की थी।उन्होंने सीआरपीसी की धारा 107,116 151 के जमानत चाहने वाले आरोपियों से अंडरटेकिंग लेना शुरू किया। एसडीएम मांगे राम चौहान ने कहा, अपनी जमीन पर पौधे लगाने थे, उनका पालन-पोषण करना था।अदालती सुनवाई में इसका सचित्र सबूत देना था। दो गारंटरों को भी एक-एक पौधा लगाना होता है। मनुष्य पेड़-पौधों के बिना जीवित नहीं रह सकता। वातावरण हरा-भरा पौधों से शुद्ध होता है, तो समाज भी फलता-फूलता है स्वस्थ रहता है।

एसडीएम का प्रयास रंग लाया। अब तक अमरोहा बिजनौर जिलों में पहल के तहत विभिन्न प्रजातियों के 20,000 के करीब पौधे लगाए जा चुके हैं। बिजनौर जिले की नजीबाबाद तहसील में तैनात एसडीएम मांगेराम चौहान ने पर्यावरण बचाओ की मुहिम 10 जून 2019 को शुरू की थी। मांगेराम का कहना है कि इस दिन उनको दिल्ली के पालम हवाई अड्डे का टेंपरेचर 50 डिग्री सेल्सियस पुहंचने की जानकारी मिली थी। धरती के बढ़ते तापमान को देखते हुए वो चिंता में पड़ गए एक ऐसी मुहिम शुरू करने के बारे सोचा, जिससे पृथ्वी व उस पर रहने वाले जीवों को बचाया जा सके।वो बताते हैं कि उस दिन उनकी तहसील में मारपीट का एक मामला आया। शांतिभंग के क्रम में दो लोगों को उनके सामने पेश किया गया जिनको देखकर उनके दिमाग में एक योजना आई,जिसके चलते उन्होंने दोनों आरोपियों को पेड़ लगाने का काम दिया। उन्होंने एक आदेश जारी कर दिया।आदेश में जमानत के बदले आरोपी को 5 जमानती को एक-एक पेड़ लगाने को कहा गया। शांति भंग के एक मामले में कम से कम सात पेड़ तो लगेंगे ही। प्रयास करेंगे तो नतीजा भी आयेगा, केवल पहल की जरूरत है।

अधिवक्ता जफरयाब को अखिलेश ने दी श्रद्धांजलि

बोले आज भी आपातकाल है, आप तक कोई सच्चाई नहीं पहुंचेगी

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

सीनियर अधिवक्ता जफरयाब जिलानी की श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सपा प्रमुख पूर्व सीएम अखिलेश यादव पहुंचे। लखनऊ के मुमताज कॉलेज में अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि आज के ही दिन आपातकाल लागू हुआ था। वह एक पुराना इतिहास है लेकिन आज भी आपातकाल है। अगर आज आप बोलेंगे तो आपके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आज का आपातकाल ऐसा है कि आप तक सच्चाई नहीं पहुंचेगी। अखिलेश यादव ने मुमताज कॉलेज में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में आपातकाल पर बोलते हुए कहा कि अखिलेश कांग्रेस सरकार ने आपातकाल आज के दिन ही लगाया था आज बीजेपी की सरकार है। और इस सरकार में अगर आप कोई सच्चाई बोलेंगे तो आपके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आज का दिन पुराने इतिहास जैसा ही दिन है। अखिलेश यादव ने कहा कि आज का आपातकाल ऐसा है कि आप तक सच्चाई नहीं पहुंचेगी। इस सरकार से न्याय की कोई उम्मीद नहीं की जा सकती है। आज के आपातकाल के हालात पहले से ज्यादा खराब है। 17 मई को अधिवक्ता जिलानी का निधन हुआ था। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआइएमपीएलबी) के सचिव जफरयाब जिलानी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। पहले भी एक दो बार उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। जिसके बाद स्वजनों ने इलाज के लिए लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अयोध्या बाबरी विवाद में मुस्लिम पक्ष के चर्चित वकील जफरयाब जिलानी का बुधवार को निधन हो गया। वह 73 साल के थे। लंबे समय से बीमार चल रहे थे। निशात अस्पताल में इलाज चल रहा था। वह मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड के सदस्य के अलावा बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के अध्यक्ष और यूपी के अपर महाधिवक्ता रह चुके थे। सुन्नी वक्फ बोर्ड और आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में बाबरी मस्जिद मामले में वकील थे।

लाविप्रा जोन सात को विकास प्राधिकरण नहीं समानांतर काकस चला रहा

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

लखनऊ विकास प्राधिकरण का जोन सात जो पुराना शहर में आता है। अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्रों में गिना जाता है। यहां पर ऐतिहासिक महत्व की एवं तमाम धरोहरें मौजूद हैं। साथ ही यह क्षेत्र घनी आबादी के रूप में बसा हुआ है। यहां पर अब कोई भी जगह खाली नहीं है। इसलिए यहां पर जब भी कोई इमारत बनती है। तो पुरानी इमारत तोड़कर ही बनती है। जिसके लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने तमाम नियमवाली बना रखी है। ताकि ऐतिहासिक धरोहरों की यथा स्थिति बनी रहे, और कोई अतिक्रमण ना होने पाए, और पुराना शहर अपने इतिहासिक महत्व को बरकरार रखते हुए सुनियोजित ढंग से विकसित होता रहे। इस जोन में चौक, ठाकुरगंज, सहादतगंज, तालकटोरा बाजार खाला आंशिक काकोरी आदि क्षेत्र आते हैं। जिसमे चौक और यहियागंज अत्यधिक व्यवसायिक महत्त्व के क्षेत्रों में गिना जाता है। यहां पर कोई जगह शेष नही बची है। जहां नवनिर्माण कराया जा सके एक ही विकल्प है। पुरानी इमारत को तोड़कर नई इमारत बनाई जाए। इसको करने के भू-माफिया सक्रिय रहते हैं। पुराने इमारत के मालिक को प्राधिकरण के भ्रष्टतंत्र से मिलीभगत करके निर्माण करते हैं। अब चूंकि स्थल सीमित होता है। पार्किंग और बायलॉस का पालन करना संभव ही नही होता। एक इंच बिना छोड़े हुऐ संकीर्ण गलियों में अवैध खनन करते हुऐ बेसमेंट भी बनाते हैं। जिसकी बानगी चौक की व्यवसायिक क्षेत्रों फूलवाली गली, चूड़ी वाली गली और चौक के ही यहियागंज नाला बेगमगंज, मजार वाली जिसमे एक अवैध निर्माण को सील गया था। जिसकी वाद संख्या 88ध्2023, दिनाक 20.2.23 अब इसपे सीलिंग तोड़कर दुर्त गति से निर्माण चल रहा है। इसके अतिरिक्त किसी भी गली में जब चाहे यह अवैध निर्माणों को श्रंखला देखी जा सकती है। व्यापार को देखते हुए खरीदारों में होड़ मची रहती है। जो मन मांगी कीमत देने को तैयार रहते हैं। ऐसे ही ठाकुरगंज क्षेत्र में अवैध नर्सिंग होम और अस्पतालों की भरमार है। परंतु इस क्षेत्र में प्राधिकरण में तैनात समस्त अभियन्ता गण और कर्मचारी अपने शासकीय दायित्वों के मूल उद्देश्य को भूलते हुऐ, प्राधिकरण के नियमों को दरकिनार करते हुए अनधिकृत निर्माण को संरक्षण दिए हुए हैं। इसमे निलंबित और प्रवर्तन से हटाए गए कर्मचारी और अभियंता मिलीभगत करते हुए पूरे क्षेत्र में अवैध निर्माण करवा रहे हैं। और एक कथित काकस बनाके जिसमे निलंबित सुपरवाइजर अशोक श्रीवास्तव, चौक क्षेत्र से हटाए गए। सुपरवाइजर के स्थान पर आए राजेश अवस्थी और प्रवर्तन से हटाए गए सुपरवाइजर राजकुमार और दिनेश यादव भ्रष्ट सिस्टम का लाभ उठाते हुए पुनरू तैनाती उन्ही थाना क्षेत्रों सहादतगंज एवं ठाकुरगंज में कराली जहां से भ्रष्ट आचरण की शिकायतों के बाद लगभग साल भर पहले हटाए गए थे। और एक सुपरवाइजर नाजिम रजा जो लगभग पांच साल से ठाकुरगंज क्षेत्र में तैनात है, और कथित रूप से इन सब का मुखिया है। अब इन सब ने मिलकर एक कथित रूप से एक काकस बना लिया है। जो क्षेत्र में अवैध निर्माणों को प्रश्रय दे रहा है, और खुलकर अवैध वसूली कर रहा है, और क्षेत्र की तंग गलियों में बिना स्वीकृत मानचित्र के अट्टालिकायें, अस्पताल और मॉल बनवा रहा है। यह गलियां इतनी तंग है यहां आसानी से कार क्या थ्री व्हीलर तक नही जा पाते। अग्निशमन की गाड़ी तो जाना असंभव ही है। अवर अभियंता उदयवीर सिंह इसी जोन में प्रोन्नति पाकर सहायक अभियंता बन गए। लेकिन सिस्टम ने इनको फिर से इसी जोन में तैनाती दे दी। जबकि प्रोन्नति के पाने वाले को नियमता अन्यत्र स्थानांतरित किया जाता है। लेकिन उदयवीर सिंह के मामले में इस नियम को भी तिलांजलि दे दी गई। उपरोक्त तथ्यों को देखते हुए यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। यह कितना नियमों का पालन कर रहे होंगे या करा रहे होंगे। बस अपनी जेबों को भरने में व्यस्त हैं।

बैंक की सफलता के लिए कस्टमर सर्विस और कम्प्लाइन्स जरूरीः चांडक

एसबीआई आफिसर्स एसोसिएशन के अधिवेशन सम्पन्न

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

एसबीआई ऑफिसर्स एसोसिएशन का आज लखनऊ के कृषि भवन के प्रेक्षागृह में त्रैवार्षिक मंडलीय अधिवेशन सम्पन्न हुआ। सभा की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार गौतम ने की। अधिवेशन के मुख्य अतिथि शरद चांडक मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, विशिष्ट अतिथि दीपक शर्मा महासचिव अखिल भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी परिसंघ एवं अरुण साहू, महाप्रबंधक, नेटवर्क प्रथम रहे। प्रारंभ में सभा को संबोधित करते हुए मुख्य महाप्रबंधक ने संघ की महत्ता पर प्रकाश डाला एवं एसोसिएशन द्वारा बैंक के विकास में किए जा रहे योगदान की प्रशंसा की। अपने नौकरी के प्रारंभ के दिनों में एसोसिएशन द्वारा उनको प्राप्त सहयोग की भी चर्चा की। श्री चांडक ने बैंक के सामने आने वाली चुनौतियों की भी चर्चा की। उनका कहना था कि बैंक की सफलता और लोकप्रियता के लिए कस्टमर सर्विस एवं कम्प्लाइन्स की आवश्यकता पर जोर जरूरी हैं। चांडक एवं साहू ने पवन कुमार के सेवानिवृति पर उनके कार्यों को याद किया और उनकी द्वितीय पारी हेतु शुभकामनाएं भी दी।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दीपक शर्मा ने उपस्थित सभी साथियों को परिसंघ द्वारा किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया अपने साथियों के वर्किंग इनवायरमेंट सुधारना उनकी प्रथम प्राथमिकता है। उन्होंने बताया की बैंक मैनेजमेंट से बहुत से विषयों पर चर्चा चल रही है और शीघ्र बेनिफिट सामने होंगे। अधिवेशन के अंत में पवन कुमार, महासचिव को भावभीनी विदाई दी गई।

आपातकाल पर झूठ बोलना बंद करें भाजपा और आरएसएसः कांग्रेस

उनके लोकतंत्र को कमजोर करने के काले कारनामे छिपने वाले नहीं

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

देश की जनता ने आपातकाल के बाद 1980 के चुनाव में इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस को पुनः 353 सीटें देकर अपना भरोसा कांग्रेस और गांधी परिवार पर जताया। जनता पार्टी को 31 सीटों पर समेट कर बता दिया कि 1977 में जनता पार्टी को दिया गया समर्थन उस समयकाल की त्रुटिवश भूल थी। 1975 में जनसंघ और आरएसएस के नेता बाहरी ताकतों के इशारे पर साजिश रचकर देश के लोकतंत्र की नींव कमजोर करने का कुत्सित प्रयास कर रहे थे। उस समय लौह महिला और दुर्गा के नाम से विख्यात इंदिरा गांधी ने उसी तरह देश हित में देश को बचाने के कठोर फैसले लिए जैसे 1969 में बैंकों का राष्ट्रीय करण कर देश के

बैंकों के दरवाजे आम आदमी के लिए खोले, 1971 में कठोर फैसला लेकर पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए,1974 में कठोर फैसले से भारत को परमाणु संपन्न राष्ट्र बनाया। प्रिवी पर्स समाप्त कर राजाओं की पेंशन से देश को भारहीन किया। जनसंघ और आरएसएस के नेता अपने मंसूबे में कामयाब नही हो पाए जिसका रोना वो आज भी रोते हैं।भाजपा और आरएसएस के नेता आपातकाल का रोना और तमाशा बंद करें क्योंकि देश के की जनता से बड़ा कोई नही होता और देश के जनमानस ने 1980 में इतना स्पष्ट और विशाल समर्थन कांग्रेस और इंदिरा गांधी को देकर साबित किया था कि आरएसएस और जनसंघ उस समय देश के लोकतंत्र को कमजोर करने का कुत्सित प्रयास कर रहा था, जिसके लिए इंदिरा गांधी के देशहित के निर्णय पर, जनता ने, पुनः सत्ता में वापसी दिला अपनी सहमति जता दी थीं। कांग्रेस और गांधी परिवार हमेशा देश हित के लिए लड़ता रहा है देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों के बलिदान तक दिया है। भाजपा के लोग जिन्होंने आजादी की लड़ाई में एक चींटी भी नहीं मारी न जेल गए वह देशहित के लिए जब कोई बात करते हैं उससे हास्यापद कुछ हो नहीं सकता।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के आवास पर लोकतंत्र का काला दिवस पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व सुरेश खन्ना व अन्य

बिना माइन टैग वाले वाहनों का खनन पट्टा क्षेत्र भण्डारण स्थल पर एक जुलाई से प्रवेश प्रतिबंध

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में प्रदेश में उपखनिजों के खनन व परिवहन पर विशेष रूप से नजर रखी जा रही है।खनन विभाग द्वारा ठोस व प्रभावी रणनीति बनाकर लगातार प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है। निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग डा.रोशन जैकब ने फर्जी धुंधले से अधिक नम्बर प्लेट लगाकर उपखनिजों का परिवहन करने वाहनों,लोगों के प्रति बहुत सख्त रूख अख्तियार किया है। पिछले दिनों उप खनिजों के परिवहन की औचक जांच में ऐसे तथ्य प्रकाश में आये हैं।वाहनों में नम्बर प्लेट मिटाकर या उसमे धब्बे बना देना या नम्बर स्पष्ट न दिखने जैसे खेल खेलने वाले मामले भी प्रकाश में आये हैं और अस्पष्ट नम्बर वाले वाहन पकड़ में आये हैं।खनन निदेशक ने स्पष्ट किया है कि सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट अनिवार्य है। गलत नम्बर प्लेट लगाकर खनन परिवहन करने वाले वाहनों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। प्रदेश में सघन चेकिंग अभियान चल रहा है।प्रवर्तन कार्यवाही का मकसद ,खनन में ओवरलोडिंग के विरुद्ध जीरो टालरेन्स नीति का शत -प्रतिशत पालन कराना है और ओवरलोडिंग रोककर सड़कों की सुरक्षा के साथ साथ राजस्व में इजाफा करना है।इस सम्बन्ध में खनन

विभाग द्वारा जिलाधिकारियों को जारी परिपत्र में कहा है कि समय-समय पर खनिजों के परिवहन की जाँच के दौरान पाया गया है कि कुछ वाहनों द्वारा फर्जी धुंधले एक से अधिक नम्बर प्लेट लगाकर उपखनिजों का परिवहन करते हैं। भारत सरकार द्वारा वाहनों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट अनिवार्य किया गया है जबकि जाँच के दौरान प्राय: यह देखा गया है कि खनिजों का परिवहन करने वाले कतिपय वाहनों में अभी भी हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट नही लगाया गया है। वाहनों के चेक-गेट से गुजरने के दौरान नम्बर प्लेट सही नही होने के कारण उनकी जाँच नहीं हो पाती है। चेक गेट एवं एम चेक एप के माध्यम से की गयी जाँच में यह भी देखा गया है कि कार्यवाही के उपरान्त भी कई वाहन बार-बार ईएमएम-11 में अंकित मात्रा से अधिक मात्रा में खनिजो का परिवहन कर रहे है। निर्धारित मात्रा से अधिक मात्रा में खनिजों के परिवहन से एक ओर जहाँ राजस्व की क्षति होती है, वहीं दूसरी ओर सड़के भी क्षतिग्रस्त होती है। डा जैकब ने ऐसे सभी प्रकरणों में खनन, परिवहन विभाग तथा जिला प्रशासन के समन्वय से विसंगतियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु व्यापक दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारियों को जारी निर्देशो में कहा है कि हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट वाहनों के लिये अनिवार्य है। पट्टाधारकों को निर्देशित करते हुये सुनिश्चित किया जाय कि खनिजों का परिवहन उन्हीं वाहनों से हो, जिनपर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगा हो। हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट न होने की स्थिति में वाहनों को खनन पट्टों भण्डारण स्थल में प्रवेश न दिया जाय।बिना आईएसटीपी के खनिज का परिवहन पाये जाने पर वाहन में लदे सम्पूर्ण खनिज को अवैध मानते हुये उस पर रायल्टी, खनिज मूल्य एवं शास्ति की वसूली की जाय। खनिजों के अवैध परिवहन ओवरलोडिंग की जाँच हेतु खनिजों का परिवहन करने वाले सभी वाहनों में माइन टैग अनिवार्य किया गया है।

चारबाग रविंद्रालय में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के शताब्दी समारोह में मंचासीन शिवपाल यादव व उदय प्रताप सिंह

पुरानी पेंशन के लिए राज्य और केन्द्र कार्मिकों का अगला कदम

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

पुरानी पेंशन को लेकर जनपदीय रथयात्रा के उपरान्त पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली संयुक्त मंच की प्रस्तावित हुंकार महारैली 27 जून को रेलवे स्टेडियम होगी। महारैली की तैयारी में जुटे केन्द्रीय और राज्य कर्मचारी संगठनों के हजारो कार्मिकों ने प्रदेश भर से आ रहे वाहनों के रूकने के लिए तीन पार्किंग स्थल बनाए है। पानी के साथ भोजन की व्यवस्था भी की जा रही है। महारैली की व्यवस्थाओं की समीक्षा केन्द्र और राज्य कर्मचारी संगठन तीन स्तर पर कर रहे है। केन्द्र और राज्य कर्मचारी संगठनों ने इस रैली में एक लाख तक की संख्या में केन्द्र एवं राज्य कर्मचारियों के एकत्रित होने का अनुमान लगाया है। लगातार षान्तिपूर्व तरीके से पुरानी पेंशन बहाली के लिए राज्य एवं केन्द्र कार्मिका का यह अगला कदम है। इस महारैली के दौरान केन्द्र स्तर पर दिल्ली में किसी वृहद आन्दोलन की घोषणा की जा सकती है। हुंकार रैली को का. शिव गोपाल मिश्रा महामंत्री एआईआरएफइं. हरिकिशोर तिवारी अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, कामरेड. आर.के. पाण्डे मण्डल मंत्री एनआरएमयू, सुशील पाण्डेय अध्यक्ष उ.प्र. प्रदेषीय प्राथमिक शिक्षक संघ, योगेश त्यागी

▸ बड़े वाहनों के लिए बनाए गए तीन पार्किंग स्थल

अध्यक्ष उ.प्र. जू. हा. स्कूल शिक्षक संघ, का. एस.बी. सिंह सेक्रेटरी जनरलध्कन्फ्रेडरेशन पी.ए.क्यू. शिवबरन सिंह यादव महामंत्री, इं. एन.डी. द्विवेदी, विभूति मिश्रा रेलवे, सुशील पाण्डेय प्रान्तीय अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, इं. जी.बी. पटेल विद्युत परिषद राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद,डा.नरेश, प्रेम कुमार सिंह, वीरेन्द्र चौहान अध्यक्ष वि.वि. महा. वि. शिक्षक संघ, राममूरत यादव अध्यक्ष लेखपाल संघ, इं. राकेष त्यागी अध्यक्ष,जी.एन. सिंह महासचिव डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ, सुशील त्रिपाठी अध्यक्ष उ.प्र. मिनीस्टीरिय कलेक्ट्रेट संघ, चेत नारायण सिंह पूर्व एमएलसी, राजबहादूर सिंह चन्देल एमएलसी, डा. आकाश अग्रवाल एमएलसी, ओंमकार नाथ तिवारी महामंत्री उ.प्र. सचिवालय संघ, शिव गोपाल सिंह अध्यक्ष सचिवालय राजपत्रित अधिकारी संघ, का. के.एल. गुप्ता महामंत्री एनईआरएमयू, का. बंसत चतुर्वेदी अध्यक्ष एन.ई.आर.एम.यू. का. कामरान अहमद मण्डल मंत्री इज्जतनगर, कां. एस.यू. शाह जोनल सचिव, का. राजेष चौबे मण्डल मंत्री मुख्यालय, का. अनूप वाजपेई मण्डल मंत्री कारखाना सहित केन्द्र और राज्य कर्मचारी संगठन के र्षीष नेता हुंकार रैली को सम्बोधित करेगें। पूरे प्रदेश से आने वाले चार पाहिया वाहन बसों आदि के लिए दुर्गापुरी स्टेषन तथा मवैया तिराहा के मध्य बनाई गई पार्किंग में फैजाबाद रोड़ और सुलतानपुर रोड़ से आने वाले वाहन वाया शहीद पथ, तेलीबाग, बंगलाबाजार, अवध हास्पिटल मवैया होते हुए पहुंचेगे। जबकि पार्किंग बी में कानपुर रोड़ आगरा एक्सप्रेस वे, हरदोई रोड और सीतापुर रोड से महारैली में षामिल होने वाले वाहन अवध नर्सिंग होम, मवैया तिराहा ऐषबाग रोड से पार्किंग स्थल निलांश पहुंचेगें। सी पार्किंग स्थल पर रायबरेली रोड से आने वाले वाहन बाया तेलीबाग, बंगला चौराहा इंकोगार्ड होते हुए यदुनथ चौक से छत्ते वाले पुल के मध्य पार्क होगे। जरूरत पड़ने पर वाहनों के लिए वैकाल्पिक पार्किंग व्यवस्था भी प्रस्तावित है।

फैजी जैदी के साथ सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों एवं उसकी समावेशी विचारधारा में आस्था रखते हुए, कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, तथा महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश प्रियंका गांधी द्वारा देश एवं संविधान की रक्षा हेतु किये जा रहे व्यापक संघर्षों से प्रेरित होकर जनपद मेरठ से बहुजन समाज पार्टी के (मेरठ तथा सहारनपुर) मंडल प्रभारी प्रवीन वशिष्ठ तथा लखनऊ शिया कॉलेज के छात्र नेता रहे सै0 तकी मेंहदी जैदी उर्फ फैजी जैदी के साथ सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। छात्र नेता श्री जैदी के समर्थकों में सै0 अली अहमद, मोहम्मद उबैद, मो0 फरदीन, शुभम बाजपेई, दानिश जैदी, मोहम्मद राहिल, अभिषेक गौतम, हामिद हुसैन, तरब रिजवी, मोहम्मद रिजवी, फैजान आब्दी, मोहसिन अब्बास, मोनिस आगा, मोहम्मद गाजी, मेराज हुसैन, शादाब हुसैन, शफात हुसैन ने आज यहां प्रदेश मुख्यालय पर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। सभी को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नकुल दुबे, प्रदेश महासचिव प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, पूर्व मंत्री डॉ0 मसूद जी द्वारा कांग्रेस पट्टिका पहनाकर एवं सदस्यता कार्ड दिया गया। सदस्यता ग्रहण के दौरान प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने कहा कि आज फिरकापरस्त ताकतों ने लोकतंत्र, संविधान तथा देश-समाज के सामने संकट खड़ा कर दिया है। ऐसी ताकतों को मुकम्मल शिकस्त देने के लिए कांग्रेस पार्टी ही सदन से लेकर सड़क तक संघर्ष कर रही है। श्री दुबे ने कहा कि मा0 राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रभावित होकर आज देश व प्रदेश का आम जनमानस किसान, युवा, महिलाएं, व्यापारी और प्रबुद्धजन, कांग्रेस से लगातार जुड़ रहे हैं। उन्होंने आज शामिल हुए कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी कांग्रेस की नीतियों एवं विचारधारा के अनुरूप कार्य करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संगठन को मजबूत बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव पिछड़ा वर्ग विभाग तालिब अली, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, उबैद नासिर, डॉ0 जियाराम वर्मा, राजेश सिंह काली, पूर्व मेयर प्रत्याशी संगीता जायसवाल, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी श्रीमती शहाना सिद्दीकी, राजेश जायसवाल, प्रभाकर मिश्रा, रेहान गनी, तनवीर फातिमा, नावेद नकवी, जहां आरा, हनीफ खान, सै0 अख्तर अब्बास, आदि प्रमुख कांग्रेसजन मौजूद रहे।

आरक्षण के मुद्दे पर निषाद पार्टी कटिबद्धः संजय निषाद

लखनऊ। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं निषाद पार्टी के अध्यक्ष डॉ संजय कुमार निषाद ने अपने सरकारी आवास 01 विक्रमादित्य मार्ग पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि 27 जून को निषाद पार्टी द्वारा कानपुर के सती चौरा घाट पर बलिदान दिवस और निषाद महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे कई प्रदेशों के लोग आएंगे। उन्होंने कहा कि निषाद समेत193 जातियां आजादी के 05 साल 16 दिन बाद 31 अगस्त 1952 में आजाद हुई थी, जिनको डिनोटिफाइड ट्राइब्स एक्ट के तहत आजाद करवाया गया था किन्तु आजादी के बाद भी इन जातियों ने पूर्व की सरकारों का दंश झेला है। भूतपूर्व गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल द्वारा साइम्न अंगयार कमेटी बनाकर पता किया गया, जिसमे स्पष्ट बताया गया था कि विमुक्ति जनजातियों की दशा देश मे एससी एसटी से भी खराब है और 74 प्रकार की सुविधाएं देकर विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए।

खबरें एक नजर में

जानकीपुरम विस्तार प्रथम में आयी विकास कार्य में तेजी जनविकास महासभा के पदाधिकारी मिले पार्षद प्रतिनिधि से

लखनऊ । जानकीपुरम प्रथम वार्ड के क्षेत्र में विकास कार्यों में आयी तेजी को लेकर जनविकास महासभा के प्रतिनिधि मण्डल ने वार्ड की पार्षद निशा तिवारी के प्रतिनिधि सौरभ तिवारी से मिलकर पुष्पगुच्छ भेंटकर शुभकामनाएं दी। मुलाकात करने वालों में महासभा के अध्यक्ष पंकज तिवारी, प्रदेश मंत्री अजय यादव, संगठन मंत्री दिव्या शुक्ला, सृजन फाउंडेशन के अध्यक्ष डा. अमित सिकरवार मौजूद थे। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी दी और वहीं प्रतिनिधि मण्डल ने वार्ड के उन क्षेत्रों के बारे में भी जानकारी दी जहां कई वर्षों से विकास कार्य नहीं हो सका, इस पर पार्षद प्रतिनिधि शीघ्र ही उन क्षेत्रों में विकास कार्य करवाने का आश्वासन दिया। उधर जनविकास महासभा के अध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया कि लखनऊ शहर के विकास कार्यों को लेकर सभी जनप्रतिनिधियों से महासभा का प्रतिनिधि मण्डल मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिये अपनी मांगों को रखेंगा। जिसके क्रम में जानकीपुरम विस्तार प्रथम वार्ड की पार्षद निशा तिवारी के प्रतिनिधि सौरभ तिवारी से मुलाकात की गयी।

दो जुलाई तक बढ़ी स्कूलों की छुट्टी,बेसिक शिचा परिषद ने जारी किया आदेश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग ने स्कूलों की छुट्टी 2 जुलाई तक बढ़ा दी है। अब 3 जुलाई से क्लास शुरू होंगी। 26 जून को स्कूल खुलने वाले थे। गर्मी की वजह से छुट्ष्टी को बढ़ाने का फैसला लिया गया है। वैसे स्कूल 15 जून से खुलना था। लेकिन समय स्कूल की छुट्टी 25 जून तक बढ़ा दी गई थी। उप्र में बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत क्लास 1 से 8 तक के स्कूल आते हैं। यह नियम सरकारी स्कूलों पर लागू है। अब कक्षा 1 से 8वीं तक के सभी बेसिक स्कूल 3 जुलाई , सोमवार से खुलेंगे। यह आदेश उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल ने जारी किया है।

भारतीय किसान यूनियन की बैठक हुई संपन्न,6 जुलाई को करेगे प्रदर्शन

लखनऊ। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) संगठन की बैठक युवा जिला अध्यक्ष मनीष पटेल काका के कार्यालय सदरपुर करोरा गोसाईगंज में संपन्न हुई, जिसमें संगठन के कई बड़े पदाधिकारी भी उपस्थित हुए। भकियू (अराजनैतिक) संगठन गोसाईगंज के कार्यकर्ताओं ने अपनी-अपनी समस्याएं उन पदाधिकारियों के सामने रखी जिसमें सबसे ज्यादा समस्याएं खंड विकास अधिकारी गोसाईगंज एवं थाना गोसाईगंज से निकल कर आयी है। जिसके निवारण के लिए उन सभी 6 जुलाई को ब्लॉक प्रांगण गोसाईगंज में बैठक व प्रदर्शन कर समस्याओं का निवारण करवाया जाएगा जिसमें प्रदेश अध्यक्ष चौधरी हरिनाम सिंह वर्मा जी भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजेश रावत, पूर्वांचली प्रदेश प्रभारी आशु चौधरी, पूर्वांचल प्रदेश सचिव सर्वजीत पटेल ,वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र वर्मा, मंडल संगठन मंत्री राजकुमार यादव, मंडल मीडिया प्रभारी पवन गुप्त, युवा जिला अध्यक्ष मनीष पटेल, जिला उपाध्यक्ष मनोज पटेल, जिला मीडिया प्रभारी करन गुप्ता सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

आम आदमी पार्टी यूपी मे चलायेगी, बत्ती गुल अभियान

लखनऊ । बिजली के दामों में बेतहाशा बढ़ोतरी करने के लिए केंद्र की मोदी सरकार विद्युत उपभोक्ता अधिकार अधिनियम में संशोधन कर नया कानून लेकर के आ रही है जिस पर आम आदमी पार्टी ने आपत्ति दर्ज करते हुए विरोध किया। आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी सांसद संजय सिंह ने प्रेस वार्ता कर इस कानून को काला कानून बताया और कहा आम आदमी पार्टी इस कानून का विरोध करती है।

डालीगंज स्थित उमराव सिंह धर्मशाला में भारत लोक शिक्षा परिषद के सहयोग से दिव्यांगजन सहायता शिविर में उपकरण की माप लेते डॉक्टर

तबादला नीति पर सरकार से खफा कर्मचारी संगठन

दो साल के अंदर अध्यक्ष और मंत्री का ट्रांसफर करने का विरोध

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

तबादला नीति को लेकर प्रदेश के कर्मचारी संगठन सरकार से दो-दो हाथ करने को तैयार है। इसको लेकर पूरे प्रदेश में शिक्षक, राज्य और निकाय कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। 27 जून को पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। दरअसल, सरकार ने नई नीति में दिया है कि संगठन के अध्यक्ष और मंत्री का तबादला भी अब किया जा सकता था। अभी तक अध्यक्ष और मंत्री चुने जाने के दो साल के अंदर उनका तबादला नहीं हो सकता था। सरकार ने पुराने नियम को बदल दिया है।

उप्र चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष रामराज दुबे ने बताया कि सरकार चाहती है कि कर्मचारी संगठन की राजनीति न हो।

▸ इस कानून से घरेलू उपभोक्ताओं के साथ होगा बडा धोखा: अवधेश वर्मा

इस नियम से यह होगा कि कोई अध्यक्ष मंत्री नहीं बनना चाहिए अगर बनेगा तो तबादला कर दिया जाएगा। यह संगठन के ऊपर हमला है। सरकार कर्मचारियों के मामले में कुछ न कुछ कुराफत करते रहती है।

नगर निकाय कर्मचारी संघ के नेता शशि मिश्रा ने बताया कि नई नीति में अध्यक्ष और मंत्री को भी कोई सहूलियत नहीं मिलेगी। इससे सरकार,शासन कर्मचारियों परेशान करना चाहती है। प्रदेश में कर्मचारी राजनीति खत्म करने की यह साजिश है। उन्होंने बताया कि इसको लेकर पिछले दिनों बैठक की गई थी। इसमें प्रदेश के कई बड़े नेता शामिल हुए थे। इसमें तय हुआ था कि इसका विरोध किया जाएगा। बैठक में वीपी मिश्र, एसपी तिवारी, रामराज दुबे, भारत सिंह यादव, सतीश पांडेय, सुरेश रावत, अतुल मिश्रा, गिरीश मिश्र, मनोज मिश्र, राकेश यादव, संजय शुक्ला, जे पी पान्डे, राम लाल जी, अशोक कुमार, संदीप बडोला, केके सचान, शशि कुमार मिश्र, जीएम सिंह , अवधेश कुमार सिंह, घनश्याम यादव समेत कई बड़े नेता शामिल थे। सभी ने एक स्वर में इसका विरोध करने का फैसला किया है। इसमें प्रदेश के कर्मचारी दो घंटे का कार्य बहिष्कार करेंगे। इसमें विभाग के मुख्य गेट पर मीटिंग की जाएगी और सरकार से अपील की जाएगी कि वह इस नियम को वापस लेकर पुराने नियम को लागू करे। अगर मांग को पूरा नहीं किया गया तो आगे चलकर बड़ा और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

यूपी में विपक्ष में फूट संग नए गठबंधन के संकेत, अखिलेश दोबारा थाम सकते हैं राहुल का हाथ

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

पटना में 23 जून को हुए विपक्षी दलों की बैठक के बाद यूपी में फूट के साथ नए गठबंधन के संकेत बन रहे हैं। अखिलेश यादव के अलावा कोई भी मुख्य विपक्षी दल का नेता पटना की बैठक में शामिल नहीं हुआ। बीएसपी ने जहां एक तरफविपक्षी दलों की एकता पर सवाल उठाए तो वहीं रालोद और सुभासपा जैसी पार्टियों ने इस गठबंधन में न शामिल होने के बहाने भी बताएं। फिलहाल मौजूदा हालात में यूपी में विपक्षी दलों के गठबंधन में दरार के संकेत साफनजर आ रहे हैं।

राहुल और अखिलेश यादव की पटना में मुलाकात के बाद चर्चाएं यह भी शुरू हो गई हैं क्या 2017 की तरह सपा एक बार फिर कांग्रेस के साथ हाथ मिलाएगी।फिलहाल बसपा यूपी में अकेले चुनाव लड़ेगी। वहीं दूसरी तरफ पश्चिमी यूपी में चुनावी जमीन तैयार करने में जुटी आरएलडी-कांग्रेस के साथ मिलकर यूपी में नए गठबंधन भी बना सकती है। रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने पश्चिमी यूपी की 12 सीटों पर ताल ठोकने और बीजेपी को घेरने की तैयारी कर ली है। किसान आंदोलन के बाद पश्चिमी यूपी के बदले समीकरण में जयंत चौधरी 12 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने जा रहें हैं, जिनमें बागपत , कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, अमरोहा, गाजियाबाद, बुलंदशहर, मथुरा, हाथरस और फतेहपुर सीकरी लोकसभा शामिल है।इन सभी सीटों पर जयंत ऐसे प्रत्याशी उतारने जा रहें हैं जो बीजेपी प्रत्याशी का मुकाबला कर सकें।

सपा-आरएलडी में गठबंधन है। वहीं जयंत गठबंधन के साथ या फिर बिना गठबंधन को 12 सीट लाने का प्लान तैयार कर रहे हैं। जयंत का समरसता अभियान भी इस प्लान का हिस्सा है।पश्चिमी यूपी में पकड़ रखने वाले रालोद (त्स्व) कि सपा और अन्य पार्टियों से नाराजगी की वजह सामने आ रही है कि क्षेत्रीय दलों को अन्य पार्टियों के तरीके से बराबर की तवज्जो नहीं दी जा रही है। राजनीतिक जानकारी अभी मानते हैं कि आरएलडी 2024 के समीकरण में खुद को चौधरी चरण सिंह वाली पार्टी बनाने और राष्ट्रीय लोकदल का दोबारा से दबदबा पश्चिमी यूपी में बनाने के लिए वह अपनी पकड़ वाले क्षेत्र में मजबूत दिखना चाहती हैं। इसको लेकर निकाय चुनाव में भी उन्होंने नाराजगी जताई थी। जयंत जिन 1500 गांवों का मिशन लेकर बीजेपी के खिलाफऔर रालोद के पक्ष में माहौल बनाने निकले हैं, वो भी इसी प्लान 12 का हिस्सा है। हालांकि रालोद के इस

प्लान 12 पर सपा के नेताओं का अलग तर्क भी है। फिलहाल सवाल यह है कि विपक्षी दलों की बैठक में न पहुंचने के बाद रालोद क्या पश्चिमी यूपी में कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ सकती है।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने जहां विपक्षी दलीय नेताओं को लेकर बड़ी टिप्पणी की है। वहीं उन्होंने विपक्ष के महागठबंधन पर तंज करते हुए कहा था कि यह स्वार्थ का गठबंधन है। फिलहाल अब तक मायावती ने स्पष्ट किया है कि बसपा 2024 का लोकसभा का चुनाव अकेले दम पर लड़ेगी। मायावती ने भाजपा व सपा पर जानबूझकर धार्मिक उन्माद फैलाने का आरोप तो लगाया, लेकिन कांग्रेस पर हमलावर नहीं रहीं। इससे माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव से पहले बसपा नए राजनीतिक समीकरण बनाने में जुटी है। उन्होंने पदाधिकारियों से यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव समय से पहले हो सकता। मायावती ने संगठन विस्तार, लोकसभा और इसी साल चार राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों पर चर्चा की। मायावती के इस रवैये को मध्य प्रदेश व राजस्थान में इसी साल होने वाले विधान सभा चुनावों से जोड़कर देखा जा रहा है। इन राज्यों में बसपा ने कांग्रेस को सरकार बनाने के लिए बाहर से समर्थन दिया था। इससे इन दोनों राज्यों में गठबंधन के कयास लगाए जा रहे हैं। अगर ऐसा हुआ तो यूपी में भी इसे लोकसभा चुनाव में सीटों के तालमेल के रूप में आजमाया जा सकता है। बसपा सुप्रीमो ने बूथ, सेक्टर, विधानसभा व जिला कमेटियों के गठन का काम 15 जुलाई तक पूरा करने का निर्देश दिया।

यह काम पहले अगस्त तक पूरा करना था। इसके तुरंत बाद कैडर बैठकों का दौर शुरू होने के साथ ही लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम तय किए जाएंगे। कैडर कैंप में बसपा के छोटे से बड़े पदाधिकारी गांवों तक जाएंगे। अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश की मौजूदा 80 लोकसभा सीट में से 2019 में जीती पांच सीट के अलावा उन 35 सीटों पर सबसे ज्यादा फोकस कर रहे हैं जो कभी मुलायम सिंह यादव की लहर में जीती गई थी। अखिलेश यूपी के 2024 के सियासत में समाजवादी पार्टी को सबसे मजबूत बनाने के लिए 35 सीटों पर ही जीतने का फोकस रखें हैं जिससे ज्यादा से ज्यादा सीट जीत कर वह मुख्य विपक्षी पार्टी के नेताओं में खुद को मजबूत साबित कर सके। राष्ट्रीय राजनीति में अखिलेश यादव का यह दूसरी बार बड़ी परीक्षा है।

2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा के साथ मिलकर यूपी की सीटों पर अखिलेश यादव ने गठबंधन किया था तो बसपा को 10 और सपा को मात्र 5 लोकसभा सीट मिली थी। ऐसे में महागठबंधन का हिस्सा बनते हुए यूपी में अखिलेश कितने सफल साबित होते हैं।

यह उनके राजनीति करियर पर बड़ा प्रभाव भी डालेगा। 23 जून को पटना में महागठबंधन की रैली में यूपी से अकेले अखिलेश यादव ही पहुंचे। यूपी के सहयोगी दल रालोद ने इस बैठक से खुद को किनारा किया तो दूसरी तरफसुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओपी राजभर ने बैठक पर ना बुलाए जाने पर भी सवाल भी उठाए। सपा के साथ 2022 विधानसभा में सुभासपा एक साथ मिलकर यूपी में चुनाव लड़े थे। उत्तर प्रदेश की राजनीति में सत्तारूढ़ बीजेपी के सामने सपा मुख्य विपक्षी दल है। ऐसे में देश के महागठबंधन में उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव क्या अकेले नेतृत्व करेंगे या उनके साथ आरएलडी और अन्य पार्टियों भी चुनाव के समय साथ आएंगी।

5 जुलाई को होगा प्रतिभा सम्मान समारोह

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

- यूपीएससी, यूपीपीएससी के साथ ही सीबीएससी, आईसीएसई व यूपी बोर्ड के टॉपर्स होंगे शामिल

प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए आगामी 5 जुलाई की तारीख तय की गई है। यह कार्यक्रम सर्कुलर रोड स्थित होटल जेपी पैलेस में आयोजित किया जाएगा, जिसमें यूपीएससी-यूपीपीएससी के सफल अभ्यर्थियों व प्रदेश में यूपी बोर्ड, सीबीएससी बोर्ड व आईसीएसई बोर्ड उत्तर प्रदेश के टॉपर एवं देवीपाटन मण्डल के गोण्डा, बलरामपुर, बहराइच व श्रावस्ती के सभी बोर्डों के टॉपर छात्र और नीट 2023 के सफल छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया गया है। उन सभी को अतिथियों के द्वारा सम्मानित व पुरस्कृत किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए प्रतिभा सम्मान समारोह 2023 के आयोजक पूर्व ब्लाक प्रमुख व पूर्व लोकसभा प्रत्याशी मसूद आलम खां ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी देवीपाटन मंडल के उन सभी सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित और पुरस्कृत किया जाएगा जो पूरे देश और प्रदेश में मंडल का नाम रोशन किए हैं।

मसूद खां ने बताया कि इस सम्मान समारोह में संघ लोकसेवा आयोग, उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग, नीट में सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही यूपी बोर्ड, सीबीएससी बोर्ड, आईसीएसई बोर्ड के कक्षा 10वीं और 12वीं के यूपी टॉपर्स व देवीपाटन मंडल के चारों जनपदों के टॉपर्स को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी आमंत्रित किए गए हैं। उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी सेवानिवृत्त आईपीएस जावीद अहमद हैं जबकि अति विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खां, विशिष्ट अतिथि हाजी मुश्फिक अहमद खां, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राम अचल आचार्य हैं। कार्यक्रम के संरक्षक लाइफ लाइन हॉस्पिटल गोण्डा के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ मोहम्मद सादिर खां हैं तथा अध्यक्षता एससीपीएम गोण्डा के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ ओएन पाण्डेय करेंगे। उन्होंने बताया कि यदि इस तरह के छात्र हों तो कोई भी व्यक्ति मोबाइल नंबर 8299037506 पर फोन कर डिटेल नोट करा सकता है।

स्काउट गाइड ने रेल यात्रियों की बुझाई प्यास

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़। स्काउट गाइड सेवा को ही अपना कर्तव्य मानते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोंडा स्टेशन के प्लेटफार्म पर ग्रुप बनाकर लगाया प्याऊ स्टाल ।सेवा कार्य स्काउट गाइड द्वारा किया जा रहा है जिससे यात्रियों को निशुल्क जल मिल रहा है। कार्यकम को सफल बनाने में पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ से अरमान अली , शुभम सिंह विसेन, नवीन कुमार लाल (HWB) और आशुतोष कुमार पाण्डेय राष्ट्रपति स्काउट और जिला मीडिया प्रभारी , जाहिद अली छ्हष्ट स्काउट , प्रकाश ठाकुर सचिव सुधीर कुमार राय ग्रुप लीडर आदर्श स्काउट एवं अन्य साथियों एवं स्काउटो का सहयोग प्राप्त हुआ। स्काउट हर परिस्थिति में सेवा करने के लिए सदैव तैयार रहते है जिसकी प्रशंसा मनीष कुमार (Area Manager, DC Scout) द्वारा की गई। कार्यकम की सूचना आशुतोष कुमार पाण्डेय जिला मीडिया प्रभारी स्काउट, राष्ट्रपति स्काउट द्वारा प्रदान की गई।

पीड़ित परिवार ने सरकार से मांगी प्रदेश पलायन की अनुमति, जमीन हेरा फेरी को लेकर मुकदमा दर्ज

मनकापुर /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़

क्या योगी सरकार में भी जिम्मेदार पद पर तैनात अधिकारियों द्वारा की जा रही है मनमानी किया जा रहा है पीड़ितों का शोषण।ऐसे ही तमाम आरोप लगाते हुए तहसील तरबगंज के महंगूपुर निवासी राम सजीवन व राम बहादुर ने उत्तर प्रदेश सरकार से अपनी जमीन नीलाम करवाने की गुहार लगाते हुए पलायन करने की बात कही है।

जनपद गोंडा के तहसील तरबगंज अंतर्गत ग्राम सभा बखिरा महंगूपुर थाना नवाबगंज के निवासी राम सजीवन व राम बहादुर पुत्र गड़ राघव राम ने उप जिलाधिकारी मनकापुर के विरुद्ध विपक्ष के दबाव में आकर मुकदमे की मियाद पूरी होने के बावजूद वाज दायर स्वीकार करना लंबित वाद में धारा 24 के तहत पैमाइश होने के बाद भी कब्जा परिवर्तन ना कराना तथा फाइल से गायब मूल अभिलेखों की शिकायत के बावजूद भी कार्यवाही ना करने के साथ सीमांकन के बाद भी एसडीएम द्वारा मामले को संज्ञान में ले कर अनैतिक रूप से मामले को लंबित कर देना तथा उप जिलाधिकारी द्वारा फौजदारी करवाकर फर्जी sc-st व आगजनी के मुकदमे में फसाने संबंधित शिकायत के साथ गांव के ही पूर्व प्रधान वीरेंद्र बहादुर सिंह के विरुद्ध जमीन गाटा संख्या 7,20, 26 व 28 पर जालसाजी करते हुए कूटरचित तरीके से हेराफेरी करने को लेकर धारा 419,420, 471 के तहत मुकदमा पंजीकृत करवाया है।पीड़ित का कहना है कि विगत 19 वर्षों से हमारा मुकदमा चल रहा है तथा मुकदमे में फैसला होने के बाद वह तमाम शिकायते भी की उसके बावजूद भी तहसील प्रशासन संज्ञान में लाकर मामले में फर्जी रिपोर्ट लगाकर निस्तारित कर देता है।उच्चाधिकारियों से शिकायत की जाती है तो फर्जी रिपोर्ट के आधार पर तहसील स्तर के अधिकारी बच निकलते हैं। जिससे परेशान होकर पीड़ित ने उत्तर प्रदेश राज्य सरकार से अपनी संपूर्ण संपत्ति सुरक्षा की दृष्टि से नीलाम कराते हुए प्रदेश पलायन करने की बात कही है।मामले के बाबत प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज मनोज कुमार राय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मुकदमा दर्ज हुआ है।जांच की जा रही है।

वही मामले को लेकर प्रार्थना पत्र में आरोपित उपजिलाधिकारी तरबगंज से बात करने का प्रयास किया गया तो लगातार कई वेल जाने के बावजूद भी फोन रिसीव नहीं हुवा।

सड़क हादसे में मृत मां-बेटे को नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

- प्राइवेट अस्पताल में जिंदगी और मौत से लड़ रही घायल अफसाना, सलामती की हो रही दुआएं

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

शनिवार की सुबह थाना मोतीगंज के अन्तर्गत दर्जीकुआं-मनकापुर मार्ग पर स्थित दनौवा गांव के पास सड़क हादसे में हुई मां-बेटे की दर्दनाक मौत से दौलतपुर गांव में रविवार को दूसरे दिन भी मातम छाया रहा। हर आंख नम और चेहरा गमजदा दिखाई दे रहा था। रविवार को सुबह दस बजे दोनों लाशों को गम और मातम के बीच गांव के बाहर कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान जहां लोग मां-बेटे की मौत पर आंसू बहाते नजर आए,वहीं जिला मुख्यालय पर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में जिंदगी और मौत से लड़ रही बीस वर्षीय अफसाना की सलामती के लिए लबों पर दुआएं थीं। जहाँ दो दिनों से कोमा में बताई जा रही है।

मालूम हो कि शनिवार की सुबह करीब आठ बजे दर्जीकुआं-मनकापुर हाईवे मार्ग पर स्थित दनौवा गांव के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाईक में पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक कार में फंसकर दूर तक घिसटती हुई चली गई। इससे बाइक में आग लग गई और वह धू-धू कर जल गयी। इस हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें आनन-फानन में सीएचसी काजीदेवर पहुंचाया गया,जहां गंभीर हालत में तीनों घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान युवक और उसकी मां की शनिवार को ही मौत हो गई जबकि युवती की हालत गंभीर बनी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक यह दुर्घटना मोतीगंज थाना क्षेत्र के दर्जीकुआं-मनकापुर पर स्थित दनौवा गांव के पास शनिवार की सुबह हुई। कोतवाली देहात के दर्जीकुआं पुलिस चौकी क्षेत्र अन्तर्गत दौलतपुर गांव निवासी करीब 30 वर्षीय आमिर पुत्र लल्ले उर्फ भोलू अपनी मां 50 वर्षीया वसीम बानो व अपनी 20 वर्षीय बहन अफसाना के साथ बाइक से मनकापुर जा रहा था। रास्ते में दनौवा गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप पर तेल भराकर जैसे ही बाइक लेकर सड़क पर पहुंचा कि गोण्डा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार वैगनआर कार ने बाइक में पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भींषण थी कि बाइक कुछ दूर तक घसीटते हुए चली गई और कार से छूटते ही बाइक में आग लग गई। बाइक सवार लोग सड़क पर घायल हालत में पड़े रहे। मौके पर पहुंचे लोगों ने इसकी सूचना कहोबा चौकी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार सिंह, देवेन्द्र यादव, कांस्टेबल धनंजय सिंह और सचिन तत्काल मौके पर पहुंचे और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काजीदेवर पहुंचाया। सीएचसी काजीदेवर में हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक द्वारा घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया,जहां इलाज के दौरान आमिर व उसकी मां वसीम बानो की इलाज के दौरान मौत हो गयी। वहीं अफसाना की हालत गंभीर बताई जा रही है। वह कोमा में है। रविवार को मां और बेटे का दौलतपुर गांव के बाहर स्थित कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान हर आंख से आंसू निकल रहे थे। वहीं भारी संख्या में लोग अस्पताल में जिंदगी और मौत से जंग लड़ रही अफसाना की सलामती के लिए दुआएं कर रहे हैं।

खबर का हुआ असर अंततः स्वास्थ्य विभाग ने डॉ. रवीश का किया तबादला

मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।

- वर्षों से जमे अपनी कार्यशैली को लेकर सुर्खियों में रहे डॉक्टर रवीश

लगातार महीनों से सुर्खियों में बने अपने कार्यशैलियों को लेकर चर्चा में रहे डॉक्टर रवीश कुमार का अंततः मुख्य चिकित्सा अधिकारी गोंडा ने उप मुख्यमंत्री के कड़े निर्देश के बाद ट्रांसफर करके शिकायत कर्ताओं को कार्यवाही का झुनझुना थमा ही दिया। जनपद गोंडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर में डॉक्टर रवीश के विरुद्ध लगातार महीनों से कई मरीजों ने गलत इलाज करने व शोषण करते हुए अपने कमरे पर इलाज के नाम पर फीस लेते हुए एक निर्धारित प्राइवेट पैथोलॉजी पर जांच कराने को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल तक शिकायत दर्ज कराई थी।जिसको लेकर दैनिक समृद्धि न्यूज़ में भी प्रमुखता से खबर भी छापी गई थी।

और शिकायत कर्ताओं की अपेक्षा थी कि ऐसे भ्रष्ट चिकित्सकों के विरुद्ध स्वास्थ विभाग कार्यवाही करेगा। लेकिन अपने रसूख के चलते पिछले काफी दिनों से तैनात डॉक्टर रवीश के विरुद्ध विभाग कोई कठोर कार्यवाही नहीं कर रहा था। जिससे सम्बंधित डॉक्टर का मनोबल काफी बढ़ा था, और अस्पताल में इलाज कराने आए एक मरीज से डॉक्टर की जमकर नोक झोंक भी हुई थी। और

रसूख के बल पर वर्षों से काबिज डॉक्टर मरीजों का कर रहे शोषण

सब जानते हुए भी जिम्मेदार मौन

मामले को लेकर दैनिक समृद्धि न्यूज़ ने प्रमुखता से खबर भी छपी थी। जिस पर खबरों को संज्ञान में लेते हुए नवागत जिलाधिकारी गोंडा नेहा शर्मा ने जांच करवाते हुए काफी दिनों से जमें डॉक्टरों का तबादला करने के लिए एक आदेश भी जारी किया था।जिलाधिकारी की जांच में स्पताल की लापरवाही भी खुलकर सामने आई थी। और मामला खबरों के माध्यम से डिप्टी सीएम उत्तर प्रदेश बृजेश पाठक तक पहुंचाया गया था।इन सब बातों के मद्देनजर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डॉ रश्मि वर्मा ने डॉक्टर रवीश के विरुद्ध तबादला की कार्यवाही करते हुए शिकायत कर्ताओं को संतुष्टि का झुनझुना थमाया है। डॉक्टर रवीश के तबादले की पुष्टि करते हुए चिकित्सा अधीक्षक डॉ भास्कर ने बताया स्थानांतरित डॉक्टर को कार्य मुक्त कर दिया गया है।लेकिन लेटर अभी वह रिसीव नहीं किए हैं।इस संबंध में डॉक्टर रवीश के टेलीफोन नंबर पर संपर्क किया गया तो उन्होंने बगैर कुछ बोले ही फोन काट दिया।

स्कीम वर्कर समन्वय समिति के तत्वाधान में कार्यशाला का हुआ आयोजन

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।

स्कीम वर्कर समन्वय समिति सीटू जनपद इकाई गोंडा के तत्वाधान में कार्यशाला का आयोजन नवाबगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शिव मंदिर पर किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला महामंत्री नीलम श्रीवास्तव तथा संचालन मीरा ने किया। स्कीम वर्कर समन्वय समिति देवीपाटन मंडल के संयोजक दिलीप शुक्ला ने उपस्थित सभी महिला कर्मियों का आह्वान करते हुए कहा कि 10 जुलाई को पूरे प्रदेश में अपनी मांगों को लेकर आंगनबाड़ी बहनें, आशा बहने रसोईया बहनें महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी बहने संयुक्त रूप से अपनी अपनी समस्याओं को लेकर माननीय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को मांग पत्र विरोध प्रदर्शन करके उप श्रम आयुक्त देवीपाटन मंडल गोंडा के माध्यम से भेजेंगे तथा स्थानीय स्तर की समस्याओं के समाधान के लिए माननीय जिलाधिकारी गोंडा को भी मांग पत्र दिया जाएगा जिसके लिए पूरे मंडल में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कार्यशाला में मुख्य रूप से सन्नो, सुभद्रा, सरोज, ममता, उषा, हेमलता, कुसुमा भारती, रामावती, सुमन मौर्या, वनदेवी, सुशीला देवी, अनामिका, सीमा, रीता, कुसुम, कौशल्या, किरण, आरती, नीलम, रिंकी उपस्थित रहे।

एक दिवसीय दौरे पर जनपद पहुंचे राज्यमंत्री दानिश

- विकास के लिए नहीं कुर्सी के लिए विपक्ष हुआ एकजुट : दानिश अंसारी
- यूनिफॉर्म सिविल कोड पर बोले- समय के साथ सब कुछ बदल जाएगा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ बोर्ड राज्यमंत्री शनिवार शाम को जनपद के दौरे पर आए उन्होंने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि विपक्ष बिहार में देश के विकास के लिए नहीं बल्कि सत्ता पाने के लिए एकजुट हुआ है।

प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ बोर्ड राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी शनिवार को जनपद के दौरे पर है लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में उन्होंने प्रेस वार्ता की। एक सवाल के जवाब में राज्य मंत्री ने कहा कि बिहार में देश के विपक्षी नेताओं की बैठक हुई है। लेकिन यह बैठक देश के विकास के लिए नहीं हुआ बल्कि सत्ता की कुर्सी पाने के लिए हुआ है।

राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार के निर्देश पर नेपाल सीमा से सटे जिलों में विशेष टीम द्वारा जांच करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मदरसों में आने वाली आय और अन्य जांच विशेष टीम द्वारा करके सरकार को रिपोर्ट देगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। वहीं यूनिफॉर्म सिविल कोड के सवाल पर राज्यमंत्री ऐसा दिखे उन्होंने इस पर कोई जवाब नहीं दिया बोले समय के साथ सब कुछ बदल जाएगा। इस दौरान जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय कुमार मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, कोतवाली नगर पुलिस मौजूद रही।

25 लाख कीमत के 100 मोबाइल बरामद, खोए फोन पाकर लोगों के खिले चेहरे

- एसओजी व सर्विलांस टीम को मिली सफलता

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

स्वाट टीम और सर्विलांस टीम ने गायब हुए 100 मोबाइल बरामद किया है। बरामद मोबाइल रविवार को पुलिस ने संबंधित को सौंप दिया है। मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी आ गई।

जिले में आम लोगों के मोबाइल चोरी हो गए थे। इसके लिए पुलिस अधीक्षक ने स्वाट और सर्विलांस टीम को लगाया था। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया कि एक साल से 20 दिन के अंदर गायब होने वाले मोबाइल की बरामदगी के लिए पुलिस टीम लग गई। पुलिस टीम ने 100 मोबाइल बरामद किया। रविवार को बरामद मोबाइल के मामले में पुलिस लाइन में इसका खुलासा अपर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने की।एएसपी ने बताया कि सर्विलांस टीम की मदद से सभी मोबाइल बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि बरामद मोबाइल सभी को उनके सुपुर्द कर दिया गया। मोबाइल पाकर सभी काफी खुश दिखे।

एएसपी ने बताया कि बरामद सभी मोबाइल की कीमत लगभग 25 लाख रूपये है। इस दौरान सर्विलांस और स्वाट टीम के साथ मोबाइल मालिक भी मौजूद रहे।

भाजपा कार्यालय पर काला दिवस के रूप में मनाया आपातकाल

- अपनी आने वाली पीढ़ियों को कांग्रेस के बर्बरता की कहानी सुनाकर और लिखकर बताएं : अजय टम्टा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

रविवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अल्मोड़ा के सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा व बहराइच सांसद अछ्यवर लाल गौड़ रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल ने की। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोकतंत्र सेनानियों से आग्रह है कि अपनी आने वाली पीढ़ियों को कांग्रेस के बर्बरता की कहानी सुनाकर और लिखकर बताएं तभी इस दुनिया से प्रस्थान करेंगे। इंदिरा गांधी द्वारा किस तरह से छात्र यूनियन एवं छात्र नेताओं को बदलने के साथ-साथ भीषण यातनाएं भी दी गई ।मीसा एवं डीआईआर जैसे संगीन धाराओं में बिना किसी अपराध के निरुद्ध कर दिया गया। आज यहां उपस्थित होने उन लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान करते हुए मैं अभिभूत हूं अपने को धन्य मान रहा हूं। सांसद बहराइच ने स्वयं अपने ऊपर बीते हुए संस्मरण को कार्यकर्ताओं के बीच में रखते हुए कई घटनाओं का वर्णन किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, राहुल राय, दीपक सत्या, उमाशंकर तिवारी, सुरेश गुप्ता, महामंत्री डॉ विपिन त्रिपाठी, नन्हे लाल लोधी, राघवेंद्र प्रताप सिंह, धीरेंद्र मोहन आर्य, मंत्री सुनील श्रीवास्तव, डिंपल जैन, रामनिवास जयसवाल, हेमा निगम, संजय राव, राजेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्र, उत्कर्ष श्रीवास्तव, अजीत प्रताप सिंह, प्रमोद पांडे, बृजेश पांडे, जितेंद्र सिंह, ज्योति सिंह, पुष्पा चौधरी, सरिता जौहरी, अभिलाषा दुबे, डॉक्टर अनिता जायसवाल समेत तमाम कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

दो दिवसीय पुलिस तैराकी एवं क्रासकण्ट्री प्रतियोगिता का हुआ समापन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- एसपी ने विजेता टीम एवं खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

रविवार को गोरखपुर जोन की 61वीं अन्तरजनपदीय उत्तर प्रदेश पुलिस तैराकी एवं कासकण्ट्री महिला एवं पुरुष प्रतियागिता वर्ष 2023 जो 23 से 25 जून तक रिजर्व पुलिस लाइन व इन्दिरा गाँधी स्टेडियम में सम्पन्न हुई। जिसमें गोरखपुर जोन के 11 जनपदों को भाग लेना था किन्तु 10 जनपदों गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया कुशीनगर, सन्तकबीर नगर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, गोण्डा, बलरामपुर, बहराइच की टीमों ने भाग लिया । शेष 01 जनपद श्रावस्ती की टीम ने कतिपय कारणों से भाग नहीं लिया। इस प्रकार लगभग 210 खिलाड़ियों ने भाग लिया । क्रासकण्ट्री प्रतियोगिता पुरूष वर्ग में जनपद देवरिया ने प्रथम स्थान प्राप्त कर चल बैजयन्ती प्राप्त किया तथा जनपद गोण्डा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। क्रासकण्ट्री प्रतियोगिता महिला वर्ग में जनपद देवरिया ने प्रथम स्थान प्राप्त कर चल वैजयन्ती प्राप्त किया तथा जनपद बस्ती ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। तैराकी प्रतियोगिता पुरूष वर्ग में जनपद कुशीनगर में 82 अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर चल वैजयन्ती प्राप्त किया तथा जनपद देवरिया ने 30 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया । तैराकी प्रतियोगिता महिला वर्ग में जनपद बस्ती ने प्रथम स्थान प्राप्त कर चल बैजयन्ती प्राप्त किया।प्रतियोगिता को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने में निर्णायक मण्डल के नीरज मिश्रा क्रीड़ाधिकारी बहराइच, अभिषेक कुमार व अनुपमा धानुक, उपक्रीड़ाधिकारी व अन्य निर्णायक मण्डल द्वारा विशेष सहयोग किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा इनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया साथ ही साथ पुलिस लाइन के समस्त स्टाफ का भी बधाई दिया कि उन्होंने इस प्रतियोगिता को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने में विशेषः सहयोग दिया है। प्रतियोगिता में आये सभी प्रतियोगियों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने शालीनतापूर्वक उपस्थित होकर भाग लिया तथा किसी प्रकार की कोई समस्या/ विवाद नहीं हुआ। उत्तर परदेश पुलिस की अन्तर जोनल प्रतियोगिता जुलाई के प्रथम सप्ताह में 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ में आयोजित होनी है, जिसमें गोरखपुर जोन की टीम को भाग लेने के लिए जोनल टीम का गठन कर लिया गया है जिस समय से भाग लेने के लिए भेजा जायेगा। अन्त में पुलिस अधीक्षक द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुँवर ज्ञान्नजय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी लाइन्स/नगर राजीव कुमार सिसौदिया क्षेत्राधिकारी आंकिक यातायात इरफान अहमद सिद्दीकी, प्रतिसार निरीक्षक सुरेश पाल सिह व पुलिस लाइन के अन्य सम्बन्धित स्टाफ मौजूद रहे।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने सांसद से मुलाकात में उठाई पुरानी पेंशन बहाली की मांग

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

रविवार को जनपद के पयागपुर में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत्त शिक्षक बलदेव प्रसाद पाण्डेय के आवास पर पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अल्मोड़ा-उत्तराखंड अजय टम्टा निजी कार्यक्रम से प्रवास पर रहे। इस दौरान पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

सांसद अजय टम्टा से राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र व अन्य पदाधिकारियों द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर शिष्टाचारपूर्ण मुलाकात की। शैक्षिक महासंघ की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में हुए सुधार व परिवर्तन के सम्बंध में चर्चा व विमर्श हुआ। इसके साथ ही प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ा रहे शिक्षकों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया और केंद्र सरकार से कर्मचारियो की प्रमुख मांग पुरानी पेंशन की स्वीकृति का अनुरोध किया।

सांसद द्वारा पुरानी पेंशन के मुद्दे पर बताया कि सरकार इस पर गम्भीरता से विचार कर रही है। शिष्टाचार भेंट के दौरान विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलामंत्री राजीव कुमार तिवारी, रवि मोहन शुक्ल, जिला पंचायत सदस्य ललिता चक्रवर्ती, खण्ड कार्यवाह पयागपुर अशोक पाण्डेय, एडवोकेट उमेश पाण्डेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

तेजवापुर के एक दर्जन गांवों में सफाई व्यवस्था बदहाल, फैली रही बीमारी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

विकास खंड तेजवापुर के एक दर्जन ग्राम पंचायत में वर्षो से सफाई व्यवस्था बदहाल है। कूड़े से गांव में बनी नालियां जाम है। नालियां में भरे गन्दे पानी से मच्छर व जहरीले कीड़े मकोड़े पनप रहें हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नालियां की समुचित सफाई न होने से बरसात का पानी निकलने भी दिक्कत होंगी।यदि बरसात से पहले नाली की साफ-सफाई नहीं कराई गई तो नाली का गन्दा पानी घरों में भर जायेगा।गांवों में सफाई कर्मचारी की तैनाती होने के बाद भी गांव में साफ सफाई का काम ठप है।देश में स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत गांव को गंदगी से मुक्त साफ-स्वच्छ रखने के प्रति शासन द्वारा पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है, इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में बजबजाती नालियां सफाई व्यवस्था की पोल खोलती नजर आ रहीं हैं। तेजवापुर ब्लाक के एक दर्जन गांवों की साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया है पेश है रिपोर्ट- इन गांवों में बदहाल है सफाई व्यवस्था

खंड विकास अधिकारी तेजवापुर अजय प्रताप सिंह ने बताया कि अब जानकारी मिली है।जिन गांवों में सफाई व्यवस्था बदहाल है उस क्षेत्र से संबंधित कर्मचारियों से पूछताछ किया जायेगा।

विजौवापुर गांव में कूड़े से पटी नाली

ग्राम पंचायत विजौवापुर में बनी नालियां चोक है। नाली में कूड़ा-करकट पटा होने से नाली में गंदा पानी जमा हो गया है। गांव निवासी गोमती प्रसाद, राजकरन, विनोद, मो0 उमर ने बताया कि गांव वर्षो से सफाई कर्मचारी गांव नहीं आया है जिससे नालियों में कूड़ा जमा हो गया है। बरसात का मौसम चल रहा है यदि नाली की सफाई नहीं किया गया तो नाली का गन्दा पानी घरों में भर जायेगा।

केशवापुर गांव में सड़क पर बह रहा पानी, नालियां चोक

ग्राम पंचायत कटहा के मजरा केशवापुर गांव की हर गली में गंदगी फैली हुई। नालियां गंदगी से भरी पड़ी है, इससे संक्रामक बीमारियां भी फैल रही हैं।ग्राम पंचायत कटहा के अधिकतर मजरों में साफ-सफाई के मामले में फिसड्डी साबित हो रहे हैं।जहां गांव के मुख्य मार्ग कचरा घर में तब्दील हो गए हैं। नालियों का पानी सड़क पर बह रहा है जिससे राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, तो वहीं नालियों का गंदा पानी जो सड़क पर वाहन चालकों के लिये भी मुसीबत का सबब बन रहा है। गांव निवासी शुभम, आनन्द, गोपाल, कुन्दन समेत अन्य लोगों ने नाली की सफाई की मांग की है।

मैला सरैया गांव में गन्दी से बज बजा रही नाली

ग्राम पंचायत रामगढ़ी के मजरा मैला सरैया गांव बौंडी-मरौचा मार्ग के किनारे मैला ताल के तट पर बसा हुआ है।सडक के दोनों तरफ नालियां बनी हुई है।घनी बस्ती होने के कारण गांव में बनी नाली कूड़े से जाम है। लोगों के घरों समाने नाली में भरा गन्दा पानी संक्रामक बीमारियों को दावत दे रहा है। गांव निवासी अयोध्या प्रसाद, राजू, प्रमोद व अरविंद ने बरसात से पहले नाली की सफाई कराने की मांग किया है।

चन्दनापुर चौराहे में लगे कूड़े ढेर

ग्राम पंचायत चन्दनापुर सिकड़िहा के चन्दनापुर चौराहा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य के समाने कूड़ा का ढेर लगा हुआ।बीच चौराहे पर बस्ती के बीच में लगे कूड़े के ढेर से निकलने वाली बदबू से सभी परेशान हैं। जगह जगह लगे कूड़े के ढेर सफाई व्यवस्था की पोल खोल रहे हैं। इसके साथ ही तेजवापुर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिंगाही के मजरा जोगिनपुरवा, लालापुरवा गड़रियनपुरवा,सिंगाही खास, ग्राम पंचायत खैरा बाजार, रैपुरा, डोकरी, जिहुरा मरौचा, जिहुरा माफी, रानीपुरवा, नौशहरा समेत एक दर्जन गांवों में सफाई व्यवस्था ध्वस्त है।

करोगे अपराध तो हो जाओगे बर्बाद

जरायम की दुनिया से कमाई गई प्रॉपर्टी पर कानून ने जड़ा ताला

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्ता संभालते ही स्पष्ट आदेश दिया था उत्तरप्रदेश में रहना है तो अपराध

▸ 6 करोड़ की प्रॉपर्टी की गई कुर्क

करना छोड़ दिया अपराधी कोई दूसरी जगह तलाशने नहीं कानून का डंडा जब चलेगा बचाने वाला कोई नहीं मिलेगा।

रायबरेली जिला अधिकारी माला श्रीवास्तव मुख्यमंत्री की मंसूबों को आगे बढ़ाते हुए गैंगस्टर के ऊपर बड़ी कार्रवाई की पूरा मामला शिवगढ़ थाना क्षेत्र का है जहां के रहने वाले आरोपी सुरेंद्र सिंह के ऊपर गिरोहबंद निवारण अधिनियम के तहत गैंगेस्टर आरोपी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उसकी संपत्ति न्यायालय के आदेश पर कुर्क कर ली गई। अपराध से अर्जित लगभग छह करोड़ से ज़्यादा की संपत्ति पर न्यायालय के आदेश पर कार्यवाही की गई। मामला शिवगढ़ थाना इलाके का है। यहां के रहने वाले सुरेंद्र सिंह के खिलाफ शहर कोतवाली में गैंगेस्टर अधिनियम के तहत कार्रवाई हुई थी।

सुरेंद्र सिंह को पिछले महीने भदोखर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भी भेजा था। सुरेंद्र सिंह के खिलाफ ज़िलाधिकारी के न्यायालय में चौदह एक की कार्रवाई लंबित थी। इसी का निस्तारण करते हुए ज़िलाधिकारी न्यायालय से मिले आदेश के तहत एसडीएम महाराजगंज व सीओ सदर वंदना सिंह की मौजूदगी में सुरेंद्र सिंह की राइस मिल, एक स्कूल और हार्डवेयर मार्किट को कुर्क कर लिया है। कुर्क की गई सभी संपत्तियों की कीमत छह करोड़ से अधिक बताई गई है।

मंदिर परिसर में कुआं साफ करते वक्त हुई दुर्घटना पुजारी की मौत

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। संदिग्ध परिस्थितियों में पुजारी की मौत। कोतवाली क्षेत्र के थुलावांसा स्थित राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी की कुआं साफ करते वक्त ऊपर से गिरे खंभे के नीचे दबकर दर्दनाक मौत हो गई। राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी अवध बिहारी उम्र 50 वर्ष मंदिर के पुजारी थे मंदिर परिसर में ही एक कुआं स्थित था जिसमें समरसेबल की मोटर से पानी निकालकर मंदिर के काम में लाया जाता था।

ग्रामीणों ने बताया मंदिर स्थित कुएं में साफ सफाई के लिए नीचे उतरे पुजारी अवध बिहारी के ऊपर जिसमें गडारी बंधी होती है और रस्सी से खींच कर पानी निकाला जाता है वो ऊपर से नीचे गिर पड़ी और उसके नीचे दबने से अवध बिहारी की मौत हो गई।

ताइक्कांडो प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता 15 से 18 जून को संपन्न कराई गई। जिसमें स्टार स्पोर्ट्स क्लब ताइक्कांडो लालगंज के पांच खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किय ।

कोच मोहम्मद आसिफ एवं मैनेजर कविता कश्यप ने बताया की पीयूष पाठक (सिल्वर मेडल) आदर्श (सिल्वर मेडल) यश राज शर्मा (ब्रॉन्ज मेडल)शिवांश कश्यप (ब्रॉन्ज मेडल)नैतिक यादव (ब्रॉन्ज मेडल)हासिल किया वहीं पर बच्चों को बेल्ट सर्टिफिकेट भी वितरण किया गया है जिसमें पीयूष सिंह येलो बेल्ट सानवी गुप्ता येलो बेल्ट रुद्र सिंह येलो बेल्ट वैष्णवी सिंह येलो बेल्ट मयंक गुप्ता ग्रीन बेल्ट पीयूष पाठक रेड बेल्ट हासिल किया जिसमे वहां उपस्थित अन्य

खिलाड़ियों ने तालियों के साथ उनका उत्साह वर्धन किया जिसमे श्रेया, अंशिका, शिवा, नैतिक, रानवी सिंह, शिवेश सिंह, आरवी, सनावीसाहू, अभिलाषा गुप्ता, हर्षित, अमन कुमार, युवराज,वाशु, कुनाल, मनभव मिश्रा, प्रभव मिश्रा, साक्षी मिश्रा, अभयपाल, आदि लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, नगर महामंत्री शिवम गुप्ता, नामित सभासद ब्राम्हेंद्र विक्रम सिंह, सर्वोच्च न्यायालय अधिवक्ता कविता कश्यप, संदीप कुमार (ब्लैक बेल्ट नेशनल रेफरी, सोनिया रानी, सचिन पाठक, देविका पाठक, अजय कुमार यादव, अशोक कुमार गुप्ता, अमन कुमार , स्वाति, प्रिया शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

आज मनाई जाएगी छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती

गोण्डा, समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज। पिछड़े वर्ग को , आरक्षण के जन्मदाता व भाग्य विधाता राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती 26 जून , दिन सोमवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। सबेरे 9 बजे से राम करन वर्मा बुद्ध विहार ग्राम -सिसऊर अन्दूपुर निकट-सालपुर बाजार से गाड़ियों पर होर्डिंग, झंडा, स्टीकर लगाकर शोभा यात्रा निकाली जाएगी , जो सालपुर बाजार से महादेवा होकर मलारी डिहवा बाजार से मूड़ा डीहा होकर पिपरा चौराहा से तेंदुआ भगत होकर बेलावा चौराहा से भरीवा बाजार से कपिसा, भदवा होकर सोनबरसा चौराहे से सिसऊर चौराहा से छत्रपति शाहूजी महाराज संस्थान सिसऊर 3 बजे पहुंच कर जनसभा में बदल जाएगी। टैक्स एडवोकेटव व छत्रपति शाहू जी महराज संस्थान जिलाध्यक्ष नंद किशोर वर्मा ने बताया कि जनसभा को चौधरी रामशिरोमणि वर्मा, सांसद,, श्रावस्ती व कुर्मी कुल भूषण बालकुमार पटेल , पूर्व सांसद, सहित दर्जनों विद्वान सम्बोधित करेंगे।

अशोकपुर टिकिया ग्राम सभा के ग्रामीणों ने डीएम से की गांव में चौपाल लगाने की अपील

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। वजीरगंज के ग्राम सभा अशोकपुर टिकिया के लोगों ने जिलाधिकारी महोदया से हाथ जोड़कर निवेदन किया है की हमारे ग्राम सभा में चौपाल लगाया जाये जिससे हमारे ग्राम सभा में कोई कार्य और विकास आज तक नहीं हुआ है आजादी के बाद से भी है अशोकपुर टिकिया आज तक है गुलाम जानता की अपील है इस अवसर पर तरुण कुमार सिंह , बबलू सिंह ,फतेह बहादुर सिंह ,सुरेश दत्त सिंह ,वीरेंद्र कुमार सिंह, सुभाष सिंह, दुर्गा सिंह, अजय कुमार सिंह ,नंदकिशोर ,महादेव गुप्ता ,राजकुमार गुप्ता ,रामदीन शर्मा ,रामसुख गुप्ता, विनोद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

11 जुलाई को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के उपलक्ष में बैठक सम्पन्न

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज। जनपद खीरी के अंतर्गत आज एपजा के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी के नेतृत्व में आज लखीमपुर के मेला मैदान स्थित नोबल हॉस्पिटल में एपजा की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक के साथ ही साथ गोला ,मैलानी, पलिया और निघासन में भी आज बैठक की गई।इस पत्रकार संगठन के चीफ कोऑर्डिनेटर श्री अनुराग सारथी ने बैठक में सभी से पत्रकार संगठन के पत्रकारो और एपजा लोक सारथी बोर्ड से जुडे साथियों से परिचय किया। और बोले हम सब की ताकत एपजा पत्रकार संगठन और एपजा लोक सारथी बोर्ड है। इसलिए हम सब साथियों को एक होकर इस संगठन को मजबूत बनाकर आगे तक ले कर जाना होगा। इसलिए हम सभी को मेहनत करनी होगी।और हम सब इस मेहनत में सफल होकर एपजा पत्रकार संगठन की एक ऐसी ताकत और मिशाल बनाकर तैयार करेंगे। जिसको देख कर लोग बोलेंगे कि हां कोई बात तो है इस संगठन में लगभग 400 से अधिक लोगो ने पत्रकार संगठन से जुड़कर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आज की इस लखीमपुर खीरी में हुई बैठक में श्री अनुराग सारथी का भव्य स्वागत किया गया। साथ ही एपजा लोक सारथी बोर्ड से जुडे व पत्रकार साथियों को कार्ड वितरण किए गए। इस अवसर पर एपजा पत्रकार संगठन के नगर सचिव आशीष गुप्ता, आशीष तिवारी , मनोज कुमार मिश्रा, नितिन गुप्ता, विशाल शुक्ला,अंकुर गुप्ता, अन्नू कनौजिया, डॉ. नीरज सैनी, अशोक कुमार, अमित कुमार, शिवेंद्र अग्रवाल, बद्री प्रसाद वर्मा सहित नोबल हॉस्पिटल लखीमपुर का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत मामले में मुकदमा दर्ज

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। उरई मार्ग पर बाइक चालक ने वृद्ध के टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण वृद्ध की मौत हो गई है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। रेढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम रूरा सिरसा निवासी उर्मिला पत्नी भगवानदास ने पुलिस से शिकायत की थी कि उरई जालौन राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात बाइक के चालक ने लापरवाही से बाइक चलाते हुए उनके वृद्ध पिता जोधा को टक्कर मार दी थी। हादसे में पिता की मृत्यु हो गई थी। इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस से भी की थी। लेकिन पुलिस ने उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस द्वारा कार्यवाही न करने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने प्रियांशु निवासी महतवानी व अनुराग निवासी सिरसा दोगढ़ी के खिलाफलापरवाही से बाइक चलाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

युवक के लापता होने पर पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी

कोंच(जालौन), समृद्धि न्यूज। एक युवक के लापता हो जाने पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश तेज कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रवा निवासी सुरेंद्र पाल सिंह पुत्र परशुराम ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका 23 वर्षीय पुत्र प्रिंस कोंच नगर में जवाहर नगर स्थित एक फर्नीचर की दुकान पर काम करता है। बीती 13 जून को प्रिंस अपना इलाज कराने हेतु उरई मेडिकल कालिज जाने की बात कहकर घर से निकला था लेकिन अब तक वापस लौट कर घर नहीं आया है। सभी सम्भावित ठिकानों पर खोजबीन करने पर भी बेटे प्रिंस का अब तक कहीं कोई सुराग नहीं मिल सका है। पीड़ित सुरेंद्र पाल सिंह ने बेटे को सकुशल बरामद किए जाने की मांग पुलिस से की है। वहीं पुलिस ने उक्त मामले को लेकर गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

लोकतंत्र सेनानियों का भाजपा ने किया सम्मान

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

25 जून, 1975 को ही पूरे देश में आपातकाल लागू किया गया था। आज आपातकाल के 48 साल पूरे हो गए है, इस काले दिन को याद करते हुए विधान परिषद सदस्य प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक ने कहां की उन सभी साहसी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया और हमारी लोकतांत्रिक भावना को मजबूत करने के लिए काम किया। लोकसभा प्रभारी राज्यमंत्री वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि आपातकाल के काले दिन हमारे इतिहास में एक अविस्मरणीय अवधि हैं, जो हमारे संविधान द्वारा मनाए गए मूल्यों के बिल्कुल विपरीत

हैं। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे ने कहा कि देश में संविधान को कुठाराघात करने का पाप कांग्रेस ने किया था और उसी दिन को हम गणतंत्र के लिए काला दिवस के रूप में मनाते हैं।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल भवन में आए हुए सभी सम्मानित लोकतंत्र सेनानियों का का माल्यार्पण कर अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया।

विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। औघड़ दास के स्थान पर हुआ विशाल भंडारा ।हजारों भक्तों ने बाबा का ग्रहण किया प्रसाद और मांगा सुख समृद्धि का आशीर्वाद ।विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी चंदापुर में स्थित समर टेंट एवं लाइट हाउस के प्रोपराइटर समर पाल के द्वारा रामचरितमानस के पाठ का आयोजन किया और हवन पूजन के बाद विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई जिसमें हजारों भक्तों ने शामिल होकर अपने आपको पुण्य का भागीदार बनाया। इस मौके पर अमरपाल बब्बू राजू पाल सागर मौर्य मंगली हनुमान संदीप अंकित प्रदीप योगेंद्र लव कुश मौर्य हजारों लोग लोग मौजूद रहे।

तेज रफ्तार दो कारों में आमने- सामने हुई जोरदार टक्कर, कई घायल

बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ भीषण सड़क हादसा। तेज रफ्तार दो कारों की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत, दोनो कारों की टक्कर के बाद एक कार अनियंत्रित होकर नहर में गिरी, कार सवार लोगों में मची चीख-पुकार। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत चुरुवा के पास चुरूवा-पश्चिम गांव बाईपास का है। जहां लखनऊ निवासी प्रेम शंकर गुप्ता अपनी पत्नी शालिनी व बेटे आदित्य के साथ लखनऊ से बांदा जा रहे थे। जैसे ही वह बाईपास कट पर मुड़े, तभी रायबरेली की तरफ से लखनऊ जा रही तेज रफ्तार कार ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क पर कई बार पलटते हुए नहर में गिर गई है। जिससे कार सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों कारों के परखच्चे उड़ गए। कार में फंसे लोगों की चीख-पुकार सुनकर वहां मौजूद स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। दोनों कारों की आमने-सामने हुई टक्कर में 4 लोग घायल हुए हैं। ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे दो लोगों को नहर से बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से सीएचसी बछरावां ले जाया गया। जिसमें एक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया। इस बाबत थानाध्यक्ष बछरावां बृजेश कुमार राय ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है। तहरीर आने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

जनपद के 70 खाद की दुकानों पर छापा, चार के लाइसेंस निलंबित

▸ 32 नमूना जांच को भेजा, पांच दुकानदारों को नोटिस

▸ डीएम के निर्देश पर सभी तहसीलों में संचालित दुकानों पर हुई छापेमारी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के छह तहसीलों में संचालित खाद की दुकानों पर कृषि विभाग की टीम ने छापेमारी की। खामियां मिलने पर खाद की चार दुकानों का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। जबकि 5 दुकानदारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया। कृषि विभाग की इस कार्यवाई से खाद संचालकों में हड़कंप

मचा रहा। जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर कृषि विभाग की टीम ने 72 खाद की दुकानों पर छापेमारी की। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि सदर और महसी तहसील में कृषि अधिकारी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव पयागपुर में भूमि संरक्षण अधिकारी और कैसरगंज में कृषि रक्षा अधिकारी प्रिय नंदा ने छापेमारी की। नानपारा और मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र में संचालित खाद की दुकानों पर जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडे और तहसीलदार ने थोक और फुटकर खाद के दुकानों की जांच की। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 72 खाद की दुकानों की जांच की गई। उर्वरक विक्रय का रजिस्टर दुरुस्त न होने और अन्य खामियां मिलने पर नफीस खाद भंडार अगैया, राजकुमार सिंह खाद भंडार बाबागंज, रहमान ट्रेडर्स चिकनिया और फिरोज खाद भंडार धर्म कांटा का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। जबकि फखरुद्दीन खाद भंडार, एग्री जंक्शन खाद भंडार, मलिक ट्रेडर्स, अंकुर खाद बीज भंडार, मोहनलाल संस खाद भंडार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि 32 खाद के नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। उन्होंने बताया कि छापेमारी निरंतर जारी रहेगी।

खतौनी से ही दें खाद

जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडे ने बताया कि उर्वरक विक्रेता खतौनी देखकर ही पास मशीन से खाद का वितरण करें। उन्होंने बताया कि सीमा क्षेत्र से सटे दुकानदार इसका अधिक ख्याल रखें यदि कहीं कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराई जाएगी।

प्रतिबंधित पॉलीथिन पकड़ी, दुकानदार पर दस हजार का ठोंका जुर्माना

▸ कार्यवाही से भिन्नाए दुकानदारों ने पालिका कर्मियों से की धक्का मुक्की

▸ ईओ बोले प्रतिबंधित पॉलीथिन में न बेंचे सामाने, कैरी बैग का करें प्रयोग

कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।

नगर पालिका ने रविवार को बाजार में पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान एक दुकानदार के यहां पॉलीथिन पकड़ गई जिसको लेकर पालिका ने उस पर दस हजार का

जुर्माना ठोंक दिया। इतने बड़े जुर्माने से भिन्नाए दुकानदार नगर पालिका कर्मचारियों से भिड़ गए और उनमें धक्का मुक्की हो गई। ईओ ने कहा प्रतिबंधित पॉलिथीन में न ही सामान बेचें और न ही खरीदें, कैरी बैग का प्रयोग करें।

ईओ नगर पालिका पवन किशोर मौर्य की अगुवाई में पालिका कर्मियों ने रामगंज बाजार, सर्राफा बाजार, सब्जी मंडी, मानिक चौक, वर्तन बाजार में पॉलीथिन के खिलाफ धरपकड़ अभियान तो चलाया ही, जागरूकता अभियान भी साथ साथ चलाया। ईओ ने कहा, दुकानदार पॉलीथिन का प्रयोग बिल्कुल न करें, पॉलीथिन के खिलाफ जारी जंग में दुकानदार अधिकारियों का सहयोग करें। पॉलीथिन में न ग्राहक समान खरीदें और न ही दुकानदार पॉलीथिन में समान बेचें। सभी लोग कैरी बैग का प्रयोग करें।

अभियान के दौरान रामगंज बाजार में जितेंद्र कुमार पुत्र शंकर लाल की किराने की दुकान से करीब 2.300 किग्रा पॉलीथिन पकड़ ली जिसे लेकर दुकानदार व नगर पालिका कर्मियों में बहस और धक्का मुक्की हो गई। ईओ ने पकड़ी गई पॉलीथिन जब्त कर दुकानदार पर दस हजार का जुर्माना ठोंक दिया। ईओ का कहना है कि आज अभियान चलाकर सभी दुकानदारों को जागरूक किया गया। अगर अब पॉलीथिन किसी दुकानदार के पास पकड़ती तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

नशा युवा पीढ़ी को धकेल रही अंधकार के गर्त में, नशा को कहे अलविदा

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।

नशा युवाओं के साथ ही उनके परिवार को भी बर्बाद कर रहा है। नशा एक ऐसी लत है जिसको इसकी आदत पड़ गई उसका भविष्य अंधकारमय हो गया। इसलिए अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर नशे को अलविदा कहें। वर्तमान में सबसे ज्यादा नशा युवा पीढ़ी कर रही है। युवा, जिसके हाथ में देश का भविष्य है वही नशे में बर्बाद हो रहा है। युवाओं में नशा करने की वजह उनकी बढ़ती उम्र के शौक होते हैं। कुछ लोग मानसिक तनाव से भी ग्रसित होकर नशा करते हैं या उनके माता-पिता उन्हें समय नहीं देते। युवाओं की नई उम्र के जोश में युवा नशे के लिए कुछ भी कर सकता है। वह अपराध करने से भी नही चूकता है। 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर अनिल शिवहरे, अफजाल अहमद, विपुल दीक्षित, वैभव अग्रवाल आदि बताते हैं कि हर वह चीज जिसकी आपको लत लग जाए, नशे की श्रेणी में ही आती है। ऐसी ही कुछ आदतें हैं जिन्हें छोड़ना बेहद मुश्किल होता है। मादक पदार्थों के अलावा विडियो गेम्स, स्मार्ट फोन, सोशल मीडिया आदि का ज्यादा मात्रा में उपयोग भी नशे की श्रेणी में आते हैं। घरेलू या बाहरी परेशानियों को लेकर भी लोग नशे का इस्तेमाल करने लगते हैं। लेकिन यह उचित नहीं है। नशा करने वाला व्यक्ति जुर्म के रास्ते पर भी चल सकता है और वह परिवार ही नहीं बल्कि समाज के लिए भी खतरा बन सकता है। इसलिए नशा करने वाले व्यक्ति को समझाने की आवश्यकता है। उसे समझाया जाए और उसे नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके अलावा नशा मुक्ति केंद्र भी अच्छा उपाय हो सकता है।

विद्युत बकायेदारों के कटेंगे संयोजन

कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।

राजस्व वसूली हेतु प्रदेश शासन के कड़े रुख को देखते हुए तमाम विभाग सक्रिय नजर आने लगे हैं। विद्युत विभाग भी राजस्व वसूली अभियान अब और तेजी से चला रहा है।

विद्युत उपखंड अधिकारी अनिरुद्ध कुमार मौर्य ने रविवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि अभी तक राजस्व वसूली अभियान के तहत 10 हजार रुपये अथवा उससे ऊपर के बकायेदारों को टारगेट किया जाता था लेकिन प्राप्त नये निर्देशों के तहत अब 5 हजार अथवा इससे ऊपर के बकायेदारों को टारगेट कर उनसे बकाया धनराशि वसूली जाएगी और बकाया धनराशि जमा न करने पर संबंधित बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत संयोजन बगैर ढील दिए काटे जाएंगे। उपखंड अधिकारी ने सभी उपभोक्ताओं को चेताते हुए कहा कि प्रत्येक माह अपना बिल जमा करें और बाईपास केबल डालकर अथवा मीटर में छेड़छाड़ कर विद्युत चोरी न करें अन्यथा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी उपभोक्ता विद्युत बचत कर विभाग का सहयोग करें ताकि विभाग निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति दे सके।

शिविर लगा कर वसूले डेढ़ लाख रुपये

उपखंड अधिकारी अनिरुद्ध कुमार मौर्य के निर्देशन और अवर अभियंता द्वय रामू गुप्ता व अंकित सहनी की देखरेख में विभागीय कर्मियों ने रविवार को बाजार क्षेत्र में शिविर लगा कर बकायेदार उपभोक्ताओं से डेढ़ लाख रुपये की राजस्व वसूली की।

पुलिस ने वारंटी को दबोचा

कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज। पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। कोतवाली की सुरई चौकी प्रभारी शिवशंकर सिंह ने मुखबिर की सूचना पर मुहल्ला गांधीनगर में स्थित एक घर पर दबिश देकर वारंटी अखंड प्रताप सिंह पुत्र स्व. महेश को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया। गौरतलब हो कि दर्ज मुकदमे में तारीखों पर लंबे समय से हाजिर नहीं होने के चलते न्यायालय द्वारा उसे वारंटी घोषित किया था और तभी से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

लाठी डंडों से मारपीट करने का लगाया आरोप

कोंच(जालौन), समृद्धि न्यूज।

एक महिला ने लाठी डंडों व कुल्हाड़ी से हमला कर बेटे को घायल कर देने की पुलिस से शिकायत करते हुए कार्यवाही किए जाने की गुहार लगायी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पड़री निवासी महिला किरन पत्नि स्व. राधे किशुन ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शनिवार की रात करीब साढ़े 9 बजे गाँव के ही रविन्द्र उसके घर पर आए और उसके बेटे रंजीत को गोला चलाने के लिए अपने साथ अपने घर ले गये। उसका बेटा वहाँ पर आए लोगों के ऊपर स्प्रे झिड़क रहा था तभी रविन्द्र, सोनू, मोनू ने अपने करीब 2 दर्जन रिश्तेदारों व साथियों के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए उसके बेटे रंजीत को मारा पीटा।

उक्त घटना के बाद बेटा वापस घर आ गया और छत पर जाकर सो गया। कुछ देर बाद उक्त सभी लोग आकर छत पर चढ़ गये और फिर लाठी डंडों व कुल्हाड़ी से बेटे को बुरी तरह मारा पीटा जिससे बेटा



गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख पुकार सुनकर वह छोटे बेटे अभिषेक के साथ छत पर पहुंची तो उक्त सभी लोगों ने छोटे बेटे सहित उसे भी मारा पीटा और पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गये।

किरन ने बताया कि घटना की सूचना उसने डायल 112 पुलिस को दी थी जिसके बाद पुलिस मौके से लाठी डंडे व कुल्हाड़ी बरामद कर अपने साथ ले गयी थी। पीड़ित किरन ने घटना को लेकर पुलिस से कार्यवाही किए जाने की गुहार लगायी है। वहीं पुलिस फिलहाल घटना की जांच कर रही है।

भारत का दोस्त मिस्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिका की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा के बाद मिस्र की अपनी पहली यात्रा पर काहिरा पहुंच गए हैं। मिस्र के राष्ट्रपति अल सीसी पिछले वर्ष भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। उसी समय उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को मिस्र आने केघ् लिए न्यौता दिया था। भारत और मिस्र के बीच रक्षा और सामरिक संबंध पिछले कुछ वर्षों से काफी मजबूत हुए हैं। दोनों देशों की सेनाओं ने इस वर्ष जनवरी में पहला सैन्य युद्ध अभ्यास भी किया था। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा से इस बात का पता चलता है कि मिस्र का भारत के लिए क्या महत्व है। मिस्र के साथ भारत के संबंध हमेशा से ही सौहार्दपूर्ण रहे हैं। 15 अगस्त, 1947 को भारत को आजादी मिलने के अगले तीन दिनों में दोनों देशों ने औपचारिक राजनयिक संबंध स्थापित कर लिए थे। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और मिस्र के राष्ट्रपति गमाल अब्देल नासिर के बीच गहरे दोस्ताना संबंध थे। दोनों नेताओं ने यूगोस्लाविया के राष्ट्रपति जोसिप ब्रोज टीटो के साथ मिलकर गुटनिरपेक्ष आंदोलन की नींव रखी। रणनीतिक स्तर पर भी दोनों देशों के बीच गहरे संबंध थे। नासिर के कार्यकाल में 1956 के अभूतपूर्व स्वेज संकट के दौरान भारत का मिस्र के प्रति सहयोगात्म रुख रहा। कुल मिलाकर कहे तो 50 और 60 का दशक भारत-मिस्र संबंधों का स्वर्ण काल था। लेकिन 1970 के दशक के उत्तरार्द्ध से जब काहिरा ने सोवियत संघ के नेतृत्व वाले गुट से दूरी बनाते हुए अमेरिका के करीब जाना शुरू किया तो भारत-मिस्र संबंधों में भी शून्यता का भाव भरने लगा। घरेलू मुद्दे और जूदा भू-राजनीतिक विचारों की वजह से शून्यता का यह भाव अगले कुछ दशकों तक बरकरार रहा। कमोबेश यही स्थिति होस्नी मुबारक के शासनकाल में रही। कहा जाता है कि होस्नी जब तक सत्ता में रहे तब तक काहिरा-नई दिल्ली संबंध ठंडे बस्ते में ही रहे। हालांकि, शीतयुद्ध के दौरान आए इस ठंडेपन ने रिश्तों की खाई को अधिक गहरा नहीं होने दिया और अलग-अलग दौर के भू-राजनीतिक परिदृश्यों के बीच भारत-मिस्र संबंध कमोबेश आगे बढ़ते रहे। कोविड-19 और उसके बाद आए डेल्टा लहर के भयानक दौर ने द्विपक्षीय संबंधों को ठंडे बस्ते से बाहर निकालने में उत्प्रेरक के तौर पर काम किया। डेल्टा लहर के उस भयावह वक्त में मिस्र उन चंद देशों में से एक था जिसने भारत को मेडिकल ऑक्सीजन की सप्लाई मुहैया करवाई। भारत ने मिस्र को 6,500 टन गेहूं दिया। इस समय मिस्र और भारत दोनों को एक-दूसरे की जरूरत है। वक्त बदलने के साथ-साथ अब इस बात की जरूरत भी है कि इन रिश्तों को ओर भी बेहतर बनाया जाए। पिछले वर्ष इस्लामिक देशों के सम्मेलन में पाकिस्तान जब भारत के खिलाफ कश्मीर मुद्दे को लेकर प्रस्ताव लेकर आया था तो मिस्र ने कड़ी आपत्ति जताई थी। राष्ट्रपति अल सीसी ने इस प्रस्ताव का समर्थन करने से इंकार कर दिया था। जिसके चलते प्रस्ताव पारित नहीं हो सका था और पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी थी। 2022 में भाजपा की प्रवक्ता रही नुपूर शर्मा की टिप्पणी के बाद भारत को इस्लामी देशों की नाराजगी झेलनी पड़ी थी। कई अरब देशों ने भी इस मामले पर असंतोष जाहिर किया था लेकिन मिस्र ने इस मामले पर कोई घ्टिप्पणी नहीं की थी। मिस्र की इस समय आर्थिक हालत कुछ ज्यादा ठीक नहीं है। उसे भारत से सहायता की जरूरत है। भारत के लिए मिस्र में निवेश का रास्ता बन सकता है। क्योंकि वह पश्चिम एशिया और अफ्रीका की राजनीति में बहुत मजबूत है और एक सैन्य ताकत भी है। मिस्र को भारत से सैन्य मदद भी चाहिए और भारत का रक्षा सैक्टर इस समय निर्यात के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी और अल सीसी राजनयिक और व्यापारिक संबंधों को बढ़ाएंगे और कुछ समझौतों पर हस्ताक्षर होना भी लगभग तय है। सबसे बड़ी बात यह है कि मिस्र एक मुस्लिम देश है लेकिन वो हमेशा से ही पाकिस्तान की नीतियों और आतंकवाद की खिलाफत्त करता रहा है। भारत मिस्र में सबसे बड़े निवेशक के तौर पर भी उभरा है। दोनों देशों ने एक-दूसरे को मोस्ट फेवर्ट नेशन का दर्जा भी दे रखा है। मोदी की मिस्र यात्रा पर इस्लामिक देशों की नजरें लगी हुई हैं लेकिन इतना तय है कि भारत और मिस्र में संबंधों के नए युग की शुरूआत होगी।

दूर की कौड़ी, विपक्षी की एकता

प्रेम शर्मा

पटना की बैठक के बाद विपक्षी दलों ने यह तय किया है कि उनकी अगली बैठक शिमला में होगी और उसमें तय होगा कि कौन कहां से चुनाव लड़ेगा? यह तय करना आसान नहीं, क्योंकि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस को यह लग रहा है कि वह अपना खोया हुआ जनाधार फिर से हासिल कर रही है। विपक्षी एकता की यह पहली ऐसी कोशिश है, जिसमें क्षेत्रीय दल अपने साथ खड़े होने वाले राष्ट्रीय दल यानी कांग्रेस की कुर्बानी चाहते हैं। वे विपक्षी एकता की कमान अपने हाथ में केवल रखना ही नहीं चाह रहे हैं, बल्कि यह भी बता रहे हैं कि कांग्रेस को क्या करना चाहिए और क्या नहीं ? सबसे अहम बॉत तो देश के सर्वाधिक लोकसभा सीटों वाले उत्तर प्रदेश में देखी जा सकती है, यहॉ तो सभी विपक्षी दल एक तीर घाट तो दूसरा वीर घाट पर नजर आ रहा है। पटना में जुटे विपक्षी दल यही दोहराते रहे कि मोदी को हटाना है। आखिर यह कोई एजेंडा कैसे हो सकता है? उनके पास इस सवाल का जवाब नहीं कि मोदी को हटाकर करना क्या है? विपक्षी दलों ने यह भी दोहराया कि मोदी सरकार के कारण लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। जहां राहुल गांधी ने अपना यह घिसा-पिटा बयान दोहराया कि भाजपा और संघ देश की नींव पर आक्रमण कर रहे हैं, वहीं नीतीश कुमार ने मोदी सरकार पर देश का इतिहास बदलने का आरोप लगाया। किसी ने ईडी और सीबीआई की सक्रियता का रोना रोया तो किसी ने यह आशंका जताई कि यदि भाजपा 2024 में फिर सत्ता में आ गई तो आगे चुनाव ही नहीं होंगे यानी भारत में लोकतंत्र खत्म हो जाएगा।

विपक्षी दल एक बार फिर सक्रिय हुए है। पटना में विपक्षी दलों की बैठक में कोई बड़ी फैसला नही हो पाया। लेकिन इससे पूर्व बैठक को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती का तंज, अध्यादेश को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच मतभेद, बीआरएस के चन्द्रशेखर राव का कांग्रेस नेतृत्व न स्वीकार करने जैसे तमाम पेंच अभी से विपक्षी एकता के लिए फॉस बने हुए है। पटना में भाजपा को केंद्र की सत्ता से हटाने का दम भर रहे विपक्षी दलों की पटना में जो बैठक हुई, वह किसी ठोस नतीजे पर पहुंचती नहीं दिखी। इस बैठक में इतना ही तय हुआ कि सभी दल मिलकर आम चुनाव लड़ेंगे, लेकिन आम आदमी पार्टी जिस तरह साझा प्रेस कांफ्रेंस से दूर रही, उससे यदि कुछ स्पष्ट हुआ तो यही कि विपक्षी एकता की राह आसान नहीं। आम आदमी पार्टी की ओर से यह भी कह दिया गया कि आगे विपक्षी एकता की जिस बैठक में कांग्रेस शामिल होगी, उसमें वह शामिल नहीं होगी। आगे जो भी हो, आम आदमी पार्टी विपक्षी एकता के लिए कोई बहुत अधिक इच्छुक नहीं। इसका कारण यह है कि दिल्ली के बाद पंजाब में सरकार बनाने और राष्ट्रीय दल का दर्जा पाने के उपरांत उसे लग रहा है कि वह कांग्रेस का स्थान ले सकती है। कुछ ऐसा ही हाल तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी का है उन्हें यह रास नहीं आ रहा कि कांग्रेस बंगाल में वाम दलों के साथ रहे। पटना की बैठक के बाद विपक्षी दलों ने यह तय किया है कि उनकी अगली बैठक शिमला में होगी और उसमें तय होगा कि कौन कहां से चुनाव लड़ेगा? यह तय करना आसान नहीं, क्योंकि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस को यह लग रहा है कि वह अपना खोया हुआ जनाधार फिर से हासिल कर रही है। विपक्षी एकता की यह पहली ऐसी कोशिश है, जिसमें क्षेत्रीय दल अपने साथ खड़े होने वाले राष्ट्रीय दल यानी कांग्रेस की कुर्बानी चाहते हैं। वे विपक्षी एकता की कमान अपने हाथ में केवल रखना ही नहीं चाह रहे हैं, बल्कि यह भी बता रहे हैं कि कांग्रेस को क्या करना चाहिए और क्या नहीं ? सबसे अहम बॉत तो देश के सर्वाधिक लोकसभा सीटों वाले उत्तर प्रदेश में देखी जा सकती है, यहॉ तो सभी विपक्षी दल एक तीर घाट तो दूसरा वीर घाट पर नजर आ रहा है। पटना में जुटे विपक्षी दल यही दोहराते रहे कि मोदी को हटाना है। आखिर यह कोई एजेंडा कैसे हो सकता है? उनके पास इस सवाल का जवाब नहीं कि मोदी को हटाकर करना क्या है? विपक्षी दलों ने यह भी दोहराया कि मोदी सरकार के कारण लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। जहां राहुल गांधी ने अपना यह घिसा-पिटा बयान दोहराया कि भाजपा और संघ देश की नींव पर आक्रमण कर रहे हैं, वहीं नीतीश कुमार ने मोदी सरकार पर देश का इतिहास बदलने का आरोप लगाया। किसी ने ईडी और सीबीआई की सक्रियता का रोना रोया तो किसी ने यह आशंका जताई कि यदि भाजपा 2024 में फिर सत्ता में आ गई तो आगे चुनाव ही नहीं होंगे यानी भारत में लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। अभी हाल में कांग्रेस ने हिमाचल और कर्नाटक में विधानसभा चुनाव जीते हैं। यदि मोदी लोकतंत्र खत्म करने में जुटे हैं, जैसा कि विपक्षी दल दावा कर रहे हैं तो फिर विभिन्न राज्यों में गैर भाजपा दल सत्ता में कैसे हैं? क्या लोकतंत्र इसलिए खतरे में है कि भाजपा लगातार दो बार लोकसभा चुनाव जीत गई? वैसे तो विपक्षी दल एकजुट होकर साझा सरकार बनाने की ही कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे कोई न्यूनतम साझा कार्यक्रम देने में नाकाम हैं। न्यूनतम साझा कार्यक्रम के नाम पर उनके पास कुछ है तो केवल यही कि मोदी को हटाना है। समस्या यह भी है कि उनके पास राष्ट्रीय दृष्टिकोण का अभाव है। राष्ट्रीय मुद्दों से अधिक वे क्षेत्रीय मुद्दों को अहमियत देते हैं। कई बार तो इतना अधिक कि राष्ट्रीय महत्व के मुद्दे उनकी प्राथमिकता से बाहर हो जाते हैं। विपक्षी एकता की कोशिश इसके पहले भी हुई है, लेकिन अभी तक का अनुभव बहुत अच्छा नहीं रहा। विपक्षी दल चुनाव के समय एकजुट होने की कोशिश करते हैं और फिर बिखर जाते हैं। इस प्रक्रिया में वे पाला भी बदल लेते हैं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना आज विपक्ष में है और खुद को सेक्युलर बताने में लगी हुई है। कुछ यही हाल जनता दल यूनाइटेड का है। क्या यह विचित्र नहीं कि लंबे समय तक भाजपा के सहयोग से सत्ता में रहे नीतीश कुमार आज विपक्षी एकता के सबसे बड़े पैरोकार हैं? भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों को एकजुट करने की पहल किस तरह क्षेत्रीय दलों की प्राथमिकताओं से टकरा रही है, इसका पता आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के इस कथन से चलता है कि पटना में होने जा रही बैठक में सबसे पहले उस अध्यादेश पर चर्चा हो, जो दिल्ली सरकार की सेवाओं को लेकर केंद्र सरकार लाई है। केजरीवाल चाह रहे हैं कि कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल इस अध्यादेश का विरोध करें, लेकिन कांग्रेसी नेता इसके लिए तैयार नहीं दिख रहे हैं, क्योंकि दिल्ली और पंजाब में उनका मुकाबला आम आदमी पार्टी से है।विपक्षी एकता संभव तो है, लेकिन किसी ऐसे दल के नेतृत्व में, जो राष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रभाव रखता हो। ऐसा दल केवल कांग्रेस ही है। पटना बैठक को लेकर नीतीश कुमार और उनके सहयोगी चाहे जो दावा करें, इस तथ्य से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता कि इसमें न तो सभी विपक्षी दल शामिल हो रहे हैं और न ही यह स्पष्ट है कि पीएम पद का चेहरा कौन होगा?

अब जनाधार की बात की जाए तो अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा के सामने चुनौती पेश करने के लिए विपक्षी दल भले ही एकजुट होने की कोशिश कर रहे हों, लेकिन पुराने आंकड़े उन्हें परेशान करेंगे। 14 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में भाजपा और उसके सहयोगी दलों को पिछले लोकसभा चुनाव में 50 फीसद या उससे अधिक वोट मिले थे। इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में लोकसभा की 330 सीटें हैं, जिनमें भाजपा और सहयोगी दल 298 सीटें जीतने में सफल रही थी और अकेले भाजपा ने 255 सीटें जीती थीं। ध्यान देने की बात है कि 543 सीटों वाले लोकसभा में बहुमत के लिए 272 सीटों की जरूरत होती है। 2019 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को देखे तो छत्तीसगढ़, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड में भाजपा को अकेले 50 फीसद वोट मिले थे। वहीं बिहार और महाराष्ट्र में जदयू और शिवसेना जैसे सहयोगी दलों के साथ भाजपा 50 फीसद मत हासिल किया था। विधानसभा चुनाव हारने के छह महीने बाद हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा छत्तीसगढ़ में 51.4 फीसद वोट के साथ 11 में से नौ सीटें, राजस्थान में 59.1 फीसद वोट के साथ 25 में से 24 सीटें (एक सीट सहयोगी दल को) और मध्यप्रदेश में 58.5 फीसद वोट के साथ 29 में से 28 सीटें जीतने में सफल रही थी। वहीं, विधानसभा चुनाव में भाजपा को छत्तीसगढ़ में महज 33.6 फीसद, राजस्थान में 39.3 और मध्यप्रदेश में 41.6 फीसद वोट मिले थे। कर्नाटक में भी 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा 36.2 फीसद वोट के साथ बहुमत से दूर रह गई थी, लेकिन एक साल बाद लोकसभा चुनाव में 51.7 फीसद वोट के साथ 28 में से 25 सीटें जीतने में सफल रही और एक सीट भाजपा समर्थित निर्दलीय ने जीता था। ध्यान देने की बात है कि चाहे लोकसभा का चुनाव हो या फिर विधानसभा का, भाजपा एक बार हासिल वोट फीसद हासिल करती है तो उसे बरकरार रखती है। पिछले महीने हुए कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भी देखा जा सकता है, जहां 65 सीटों पर सिमटने के बावजूद भाजपा का लगभग 36 फीसद वोट हासिल किया। हिमाचल प्रदेश, दिल्ली विधानसभा और एमसीडी चुनाव में भी यह रिकॉर्ड दिखा था। बात सिर्फ इन 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तक सीमित नहीं है। 25 सीटों वाले आंध्रप्रदेश और 21 सीटों वाले ओडिशा में एकता की तलाश में जुटे विपक्षी दलों का जनाधार नहीं है। आंध्रप्रदेश में वाइएसआर कांग्रेस और ओडिशा में बीजेडी का जनाधार है, लेकिन दोनों दल राजग में नहीं होते हुए भी अहम मुद्दों पर संसद में मोदी सरकार के साथ खड़े होते हैं। आंध्रप्रदेश में प्रमुख विपक्षी दल टीडीपी भले ही राजग में नहीं हो, लेकिन चंद्रबाबू नायडू विपक्षी खेमे जाने के बजाय भाजपा पर ही डोरे डाल रही है। दूसरी ओर एक राज्य तक सीमित तृणमूल, डीएमके, सपा, सीपीएम, जदयू और आरजेडी जैसे दल दूसरे राज्यों में सहयोगी दलों की जनाधार बढ़ाने की स्थिति में कतई नहीं है। इनमें अधिकांश दलों का अपने-अपने राज्यों में भाजपा के साथ सीधा मुकाबला है और यह लड़ाई उन्हें अकेले दम पर लड़नी होती है। मतलब स्पष्ट है कि विपक्षी एकता का जो राग वर्षों से अलापा जा रहा है उसकी एक बार पुनर्रावृत्ति हो रही है।

विचार

विपक्षी दल : हम सब एक हैं

आदित्य नारायण

पटना में देश के प्रमुख विपक्षी दलों ने एक मंच पर आकर जिस तरह की एकता का परिचय दिया है उसे भारत के लोकतन्त्र की स्वाभाविक प्रक्रिया के तौर पर लिया जाना चाहिए क्योंकि संसदीय प्रणाली के तहत अन्ततः राजनैतिक दलगत गणित ही काम करता है। प्रश्न यह है कि ये सब राजनैतिक दल उस भारतीय जनता पार्टी के विरुद्ध इकट्ठा हो रहे हैं जो पिछले दो लोकसभा चुनावों से अपने दम पर ही लोकसभा में पूर्ण बहुमत लाने में सफल हो रही है। इस पार्टी के नेता प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी हैं जिनके बूते पर यह पार्टी अपना बहुमत लाने में कामयाब मानी जा रही है परन्तु विपक्षी दलों का मानना है कि उनके आपस में ही बिखरे रहने की वजह से भाजपा भारतीय चुनाव प्रणाली के नियमों के अनुसार लोकसभा में अपने प्रत्याशी विजयी कराने में सफल हो जाती है और संयुक्त रूप से अधिकतम चुनाव क्षेत्रों में भाजपा से अधिक वोट पाकर भी उसके अलग-अलग प्रत्याशी आपस में ही लड़ने की वजह से हार जाते हैं।

अतः 2024 में विपक्षी दल आपस में एक होकर भाजपा के प्रत्याशियों के खिलाफअपना भी एक साझा उम्मीदवार मैदान में उतार कर यह लड़ाई जीतना चाहते हैं परन्तु इसे ऐसा सीधा अंकगणित कहा जा सकता है जिसका जमीनी राजनीतिक चौसर पर केवल सतही महत्व ही होता है। किसी भी चुनाव में जमीन पर जो राजनैतिक चौसर बिछती है उसमें सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष द्वारा जनता के बीच उठाये गये विमर्श का ही महत्व होता है। मतदाता जिस पक्ष के विमर्श को अपने अनुकूल समझते हैं अन्ततः विजय भी उसकी ही होती है।

पटना बैठक में जुड़े 16 राजनैतिक दलों ने प्राथमिक स्तर पर अपना एजेंडा या विमर्श साफ कर दिया है। आश्चर्य की बात यह है कि बैठक में विभिन्न राजनैतिक दलों के एक से एक बढ़ कर अनुभवी व बुजुर्ग नेताओं की मौजूदगी में यह विमर्श कांग्रेस के सांसद और घर से बेघर हुए जोशीले नेता श्री राहुल गांधी ने उछालते हुए साफ किया कि लोकसभा चुनावों में विचारधारा की लड़ाई केन्द्र में रहेगी। राहुल गांधी इस लड़ाई को अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' के समय से ही 'नफरत बनाम मोहब्बत' का नाम दे रहे हैं। मगर कांग्रेस पार्टी के इस घोषित विमर्श के बावजूद विभिन्न क्षेत्रीय विपक्षी दलों को यह तय करना होगा कि वे अपने-अपने प्रभावशाली क्षेत्रों में आपस में किस प्रकार सामजस्य स्थापित करेंगे जिससे भाजपा के एक प्रत्याशी के विरुद्ध उनका भी एक ही प्रत्याशी खड़ा हो। बेशक भारत राजनैतिक विविधताओं से भी भरा देश है जिसकी वजह से विभिन्न राज्यों में हम अलग-अलग क्षेत्रीय राजनैतिक दल भी देखते हैं। मगर जब हम राष्ट्रीय स्तर पर लोकसभा चुनावों की कल्पना करते हैं तो इन्हीं विभिन्न राज्यों या क्षेत्रों के मतदाताओं की अपेक्षाएं बदल जाती हैं और वे केन्द्र में स्पष्ट राष्ट्रीय दृष्टिकोण रखने वाले किसी राजनैतिक दल की सरकार की कल्पना ही करते हैं परन्तु हमने यह भी देखा है कि 1996 के बाद से देश में केन्द्र में साझा सरकारों का भी लम्बा दौर चला जिसके तहत देश के लगभग प्रत्येक क्षेत्रीय दल को कांग्रेस या भाजपा की अगुवाई में गठित गठबन्धन में शामिल होकर सत्ता का स्वाद चखने का अवसर भी मिला। इससे यह स्पष्ट हो जाना चाहिए कि केन्द्र में जो भी सरकार 1996 के बाद से गठित हो रही है वह केवल दो नजरियों पर ही टिकी रही है। इसमें एक नजरिया कांग्रेस का है और दूसरा भाजपा का है। अतः राहुल गांधी ने अपनी पार्टी का एजेंडा विपक्षी दलों की पहली बैठक में ही उछाल कर साफ कर दिया है कि भाजपा अब इसके विरुद्ध अपना एजेंडा सतह पर लाकर देशवासियों को बताये कि उसका चुनावी विमर्श किन सिद्धान्तों पर आधारित होगा। इसका मतलब यह भी निकलता है कि विभिन्न विरोधी क्षेत्रीय दलों को इस ख्वाब से बाहर आना होगा कि उनके प्रभाव वाले राज्यों में उनकी पार्टी का एजेंडा आगे रहेगा। पिछले 2019 के चुनावों में जब देश भर में भाजपा श्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता के रथ पर सवार होकर अपने बूते पर ही 303 सीट जीतने में कामयाब हुई थी तो उसे 37 प्रतिशत वोट मिले थे जबकि कांग्रेस को राहुल गांधी की अध्यक्षता में 20 प्रतिशत वोट मिले थे। अतः बहुत ही स्पष्ट है कि विभिन्न विपक्षी दलों को राष्ट्रीय चुनावों में कांग्रेस के छाते के नीचे आकर ही उसके उठाये गये विमर्श को आगे बढ़ाते हुए भाजपा से मुकाबला करना होगा। यह मुकाबला कई मायनों में बहुत विचित्र भी होगा क्योंकि भाजपा इसे नरेन्द्र मोदी बनाम राहुल गांधी में तब्दील करना चाहेगी। यह कार्य विभिन्न विपक्षी क्षेत्रीय दलों का होगा कि वे इसे अपने-अपने राज्यों में विमर्श केन्द्रित बना कर पेश करें।

विपक्षी एकता के परीक्षण की सबसे बड़ी कसौटी भी यही मुद्दा बनने जा रहा है। मगर भारत का लोकतन्त्र इतना कमजोर भी नहीं है कि वह राजनैतिक दलों के उलझावे में आ जाये। इस देश के गरीब व कम पढ़े-लिखे समझे जाने वाले मतदाताओं में राजनैतिक चातुर्य इस तरह भरा हुआ है कि वे अपने फैसले से बड़े से बड़े राजनैतिक धुरंधर को भी हैरान कर डालते हैं। मतदाताओं का अभी तक का हर फैसला ही राजनीति की दिशा मोड़ने वाला रहा है क्योंकि उनके फैसले में देश की दिशा तय करने का फैसला होता आया है और फिर राजनीति उसी दिशा में जाती दिखाई दी है। विपक्षी दलों की एकजुटता का फैसला भी ये मतदाता जमीन पर ही करेंगे। उनके 'हम सब एक हैं' कहने मात्र से एकता नहीं होती है।

साहित्य — झरोखा

पुस्तक के पृष्ठों पर जब...

दीपक सिंह

पुस्तक के पृष्ठों पर जब तेरी,
मुस्कान झलकती जाती है।।
मेरे दिल से उठते स्वर को,
कलम तब लिखती जाती है।।

हृदय विहवल विचलित वेदना,
आंखों में अश्रुधार भरे
मन मे तेरी याद बसाये,
लिखने को तैयार करे
तेरी मुसकाती मधुरित बोली,
कोयल सी गान करे
ये गान सुने प्रसंनचित मन को,
मुझसे मिलवाती जाती है

पुस्तक के पृष्ठों पर जब तेरी,
मुस्कान झलकती जाती है।
मेरे दिल से उठते स्वर को,
कलम तब लिखती जाती है।।

तू मानो पृष्ठों में बैठी,
शब्दों से बात करे
तुझसे मेरा प्रेम अटल,
क्या तेरा मन विश्वास करे
तू बागीचों के उपवन में सुंदर,
फूलों का श्रृंगार करें जब
मैं तेरा आकर्षक देखूं,
तो मुझमें रवानी आती है

पुस्तक के पृष्ठों पर जब तेरी,
मुस्कान झलकती जाती है।
मेरे दिल से उठते स्वर को,
कलम तब लिखती जाती है।।

राशिफल

मेषः- कोई नया लक्ष्य अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेगा। रोजगार क्षेत्र में अनवरत व्यस्तता से मन खिन्न होगा। नए लक्ष्यों में क्रियाशीलता से प्रगति के आसार बनेंगे।

बृषभः- प्रतिभाओं से परिपूर्ण होने के बावजूद भी निराश मन लाभ से वंचित होगा। समाजिकता के निर्वहन में व्यस्त रहेंगे। कार्य को मन लगाकर करें। आलस्य का त्याग करें।

मिथुनः- उत्साहपूर्ण सुखद समय का अहसास होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक सहयोग प्राप्त होगा। अपने कार्य को ईमानदारी से करें

कर्कः- महत्वपूर्ण कार्य की सकुशल पूर्ति हेतु मन चिन्तित होगा। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा। नये लक्ष्यों में क्रियाशीलता से प्रगति के आसार बनेंगे।

सिंहः- किसी निकटस्थ संबंध से लाभ के आसार बनेंगे। प्रियजनों से प्यार, उपहार व सम्मान के योग है। किसी सहकर्मी खराब व्यवहार से कष्ट संभव। सतर्कता बरतें।

कन्याः- कभी धूप कभी छाँव यही जीवन है उससे न घबराएं। नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग आशावादी बनें। निकटस्थ संबन्धों में भावनात्मक आकांक्षाएं प्रबल होंगी।

तुलाः- कोई महत्वपूर्ण वस्तु के खोने की चिन्ता बढ़ेगी। संबंधों में कुछ खट्टा कुछ मीठा दोनों का अहसास होगा। पारिवारिक अथवा निजी जरुरतों में व्यय के योग हैं। सावधानी बरतें।

वृश्चिकः- निराश छोड़ समस्याओं के बिकल्प पर मन को केन्द्रित करें। अच्छी योजनाएं महत्पूर्ण दायित्व पूर्ति में सहायक होंगी। रचनात्मक कार्य में रुचि बढ़ेगी। अपने कार्य का ईमानदारी से निर्वहन करें।

धनुः- किसी सुखद यात्रा की योजना बनेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। कोई महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने के आसार है।

मकरः- हंसमुख व मजाकिया स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे। कुछ नई प्रतिभाएं आप में परिलक्षित होंगी। मन को स्थिर रखें। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

कुंभः- किसी महत्वपूर्ण निर्णय को लेकर मन चिन्तित होगा। संवेदनशीलता व सरलता आपके स्वभाव की विशेषता व कमजोरी दोनो हैं। शिक्षा अथवा कलात्मक क्षेत्र में सफलता के योग है।

मीनः- रोजगार क्षेत्र में कुछ अवरोधों के बावजूद सफलता अवश्य मिलेगी। आर्थिक पक्ष के प्रति मन चिन्तित होगा। आय-व्यय में असन्तुलन से मन खिन्न होगा।

स्वरोजगार से राष्ट्रयोगदान तक अपार संभावनाएं

संजीव ठाकुर

स्वयं की क्षमता, शक्ति एवं ऊर्जा को पहचानना आज के नव युवकों के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्वयं के विकास से तात्पर्य खुद के लिए रोजगार की तलाश और राष्ट्रीय हित में योगदान भी हो सकता है। भारत की विशाल आबादी के हिसाब से भारत नौजवानों का देश है और भारत सरकार के लिए इतने युवा लोगों के लिए नौकरी उपलब्ध कराना संभव भी नहीं है कि सभी युवकों के लिए समुचित नौकरी का प्रबंध या इंतजाम कर सके। ऐसे में पढ़े-लिखे नौजवानों का यह महती दायित्व बन जाता है कि वह स्वयं की क्षमता को पहचान कर मेक इन इंडिया या स्वावलंबी होने का भरसक प्रयास करें। स्वयं की क्षमता को पहचानने वाला व्यक्ति समाज में एक आदर्श बनकर उभरता है और उसकी प प्रसिद्धि समाज में स्वयं हो जाती है। युवा देश का भारत वैश्विक स्थिति में पथ प्रदर्शक की भूमिका निभा सकता है आवश्यकता केवल अपनी क्षमता तथा ऊर्जा को पहचानने की है। युवक स्वयं का रोजगार बनाकर न सिर्फखुद की बेरोजगारी दूर करता है, बल्कि वह दूसरों के लिए भी रोजगार का साधन बन जाता है। यह राष्ट्रीय हित में अत्यंत आवश्यक समीचीन तथा राष्ट्रीय विकास के लिए एक अच्छे सूचक के रूप में सामने आता है। स्वयं अपनी क्षमताओं को पहचानना एवं अपने अंदर के उद्यमी को रोजगार के लिए उपयोग में लाना मनुष्य का एक तरह का अलंकार या आभूषण ही है जो मनुष्य के लिए सुखी होने का बड़ा स्रोत है। वैसे

भी नौकरी करके युवा एक तरह से परतंत्र, पराधीन हो जाता है और अपनी क्षमताओं का खुलकर प्रयोग नहीं कर पाता यही कारण है कि राष्ट्र के समग्र विकास में उसकी क्षमताओं का सही उपयोग नहीं हो पाता। राष्ट्रीय योजना मेक इन इंडिया के अंतर्गत आव्हान किया गया है कि नौजवानों को अपनी शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं स्किल का उपयोग कर भारत देश के लिए हर तरह के आवश्यक वस्तुओं का स्वयं निर्माण करें एवं दूसरे नौजवानों के लिए आदर्श स्थापित करें जिससे संपूर्ण देश स्वावलंबी बने। स्वयं की क्षमताओं को पहचानने वाला व्यक्ति स्वतंत्र, स्वाभिमानी होकर स्वयं पर पूर्ण विश्वास करने वाला आत्मविश्वासी व्यक्ति होता है। ऐसे में भविष्य में राहों में जितनी भी मुश्किल है या कठिनाई आती है उसका वह अपने ज्ञान और आत्मविश्वास के साथ मुकाबला करने से नहीं चूकता है। अपनी क्षमताओं को पहचानने के कारण व्यक्ति अत्यंत सरल, सहज एवं आत्मविश्वासी होकर दूसरों की मदद करने से भी पीछे नहीं हटता। स्वयं का रोजगार तलाशने या अपने लिए कोई उद्यम बनाने में युवाओं में जो ज्ञान प्राप्त होता है फल स्वरूप वह युवा अत्यंत त्यागी तथा समाज के लिए सेवा भाव भी रखने वाला होता है। स्वावलंबन से दूसरों पर निर्भर होने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती एवं अपने ही ज्ञान तथा क्षमता से वह उन्नति के सोपान चढ़ते जाता है, एवं राष्ट्र के लिए एक धरोहर की तरह होता है। खुद की क्षमता पहचान कर अपना उद्यम डालने से न सिर्फ समाज में विकास होता बल्कि देश में भी विकास के योगदान में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होता है। ऐतिहासिक तौर पर भी खुद की क्षमता पहचानने एवं अपनी उर्जा को सही दिशा में लगाने के कारण बड़े-बड़े महापुरुषों का जन्म हुआ है। जितने भी बड़े महापुरुष हुए हैं, वे पैदाइशी महापुरुष नहीं थे उन्होंने अपनी क्षमता, शक्ति एवं ज्ञान को पहचान कर उसमें समुचित एवं निरंतर परिश्रम कर एक नए मुकाम को हासिल किया था और तब ही वे महापुरुषों की श्रेणी में शामिल हुए हैं। पौराणिक तौर पर प्रभु श्री राम ने वन गमन कर रावण का वध किया और एक धार्मिक इतिहास बनाया। अपनी क्षमताओं को पहचान कर उसे सही दिशा देने का सबसे बड़ा उदाहरण एकलव्य है जिसने जंगल में धनुर्विद्या लगातार अभ्यास करके अर्जुन की तरह बहुत बड़े धनुर्विद्या के शूरवीर बने। कोलंबस ने भी अपनी शक्ति क्षमता को पहचानते अमेरिका की खोज की और गरीब मां बाप की संतान अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने अमेरिका का सर्वोच्च पद प्राप्त किया। राइट ब्रदर्स ने अपने ज्ञान का समुचित विकास एवं उपयोग कर हवाई जहाज की खोज की। खुद की शक्ति एवं ऊर्जा के विकास और स्वावलंबन का सबसे बड़े उदाहरण महात्मा गांधी रहे जिन्होंने ना सिर्फ अपनी क्षमता को पहचाना बल्कि पूरे हिंदुस्तानियों को दिशा दिखा कर स्वतंत्रता का आह्वान कर स्वाधीनता प्राप्त की और महात्मा गांधी के रूप में भारत में स्थापित हुए। खुद की क्षमता एवं शक्ति को पहचानने से व्यक्ति भी महानता की श्रेणी में खड़ा होकर देश

जनशिकायतों का समयबद्धता से गुणवत्तापरक हो निस्तारण : राज्य मंत्री

- राज्य मंत्री ने ली समीक्षा बैठक, दिए निर्देश
- खीरी में अमृत सरोवर का हुआ बेहतर काम : विजय लक्ष्मी

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

शनिवार की देर शाम ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम विकास ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उप्र की राज्यमंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम ने कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक ली। मौजूद अफसरों का राज्यमंत्री ने एक-एक कर परिचय प्राप्त किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि जघन्य अपराधों में त्वरित कार्यवाही की जाए। कानून का राज स्थापित करने के लिए संकल्पित होकर काम करें। महिलाओं, बालिकाओं का उत्पीड़न ना हो। इसे प्रत्येक दशा में सुनिश्चित कराएं। जनता दर्शन, जनसुनवाई, समाधान दिवसों में प्राप्त शिकायतों का समयबद्धता से गुणवत्तापरक निस्तारण कराए।

बैठक में उन्होंने परियोजना निदेशक केके पांडेय से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति जानी। अफसर योजनाओं को जमीन पर उतारने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर काम करें। राज्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में उन्होंने 40-42 जनपदों के भ्रमण के दौरान जितने भी अमृत सरोवर देखे, उसमें खीरी बेस्ट है। खीरी में अमृत सरोवर को बनाने में बेहतर काम हुआ है, उन्होंने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। अन्य योजनाओं में भी इसी जोश के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। स्वयं सहायता समूह को रोजगार से जोड़े ताकि वह सशक्त, मजबूत और आत्मनिर्भर बन सकें। मंत्री के पूछने पर डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरी ने बताया कि जिले में 3.42 लाख मनरेगा में सक्रिय श्रमिक हैं। उन्होंने मानव दिवस के संबंध में भी जरूरी जानकारी दी। जिले में ग्राम पंचायतों में 28 खेल मैदान पूरे हो चुके। वहीं 41 पर काम चल रहा है। प्रभारी जिलाधिकारी अनिल कुमार सिंह ने जनपद में हुए नवाचारों एवं अभिनव कार्यों के संबंध में पीपीटी के जरिए जानकारी दी। उन्होंने जिले में हुए नवाचारों के संबंध में एक पुस्तक भी भेंट की।

बैठक में विधायक योगेश वर्मा, विधायक विनोद शंकर अवस्थी, प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह, एएसपी नेपाल सिंह, पीडी के के पांडे वीडियो अरविंद कुमार, ईई अनिल कुमार जाटव, तरुणेंद त्रिपाठी, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह सभी खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

जिला योजना समिति के सदस्य पद के लिए निर्वाचन सम्पन्न

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

राज्य निर्वाचन आयोग, उप्र लखनऊ की अधिसूचना द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार रविवार को जिले में नगरीय निकायों के निर्वाचित सदस्यों में से जिला योजना समिति, निर्वाचित होने सदस्यों का अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में मतदान एवं मतगणना सम्पन्न हुआ। जनपद में जिला योजना समिति के अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित पद पर रविवार को सम्पन्न हुए मतदान में कुल 215 मतदाताओं (नर्वाचित सदस्यों) में से 121 मतदाताओं द्वारा अपने मतों का प्रयोग किया। मतदान के उपरान्त सम्पन्न मतगणना में श्रीमती अर्चना वर्मा पत्नी प्रमोद कुमार वर्मा नगर पंचायत ओयल ढखवा कुल 41 मत पाकर निर्वाचित घोषित की गई तथा सलीमुन निशां पत्नी मो. सईद नगर पंचायत खीरी 38 मत पाकर द्वितीय स्थान पर रही। एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में नगरीय निकायों के निर्वाचित सदस्यों में से जिला योजना समिति के निर्वाचित होने वाले सदस्यों के सम्पन्न हुए निर्वाचन में नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ से अंजू देवी एवं नगर पालिका परिषद लखीमपुर से शमीम बानो निर्विरोध निर्वाचित हुई। वही नगर पंचायत ओयल से अर्चना वर्मा 41 मत पाकर सविरोध निर्वाचित हुई।

खबरें एक नजर में

ईद उल अजहा पर्व को लेकर शान्ती समिति की बैठक सम्पन्न

मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज। बरवर चौकी परिसर में ईद उल अजहा (बकरीद)पर्व को लेकर शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पसगवां कोतवाली प्रभारी तथा संचालन चौकी प्रभारी ने किया। बैठक में नगर क्षेत्र के लोगों के साथ जनप्रतिनिधि गण एवं गणमान्य लोग भी उपस्थित हुए।चौकी इंचार्ज ने लोगों से अपील किया कि ईद उल अजहा(बकरीद) पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए।वहीं इंसपेक्टर ने कहा कि पर्व के मौके पर चाक चौबंद व्यवस्था रहेगी।यदि कोई असामाजिक तत्व ग?ब?ी करना चाहता है तो मेरे मोबाइल नंबर पर सूचना दें त्वरित कार्रवाई की जाएगी। कुर्बानी की फोटो आदि शोशल मीडिया पर न डाले बचे हुए अवशेषो को सुरक्षित दफन किया जाए।

बैंक अदालत में ऋणों का हुआ निस्तारण

बिसवां/सीतापुर, समृद्धि न्यूज। क्षेत्रीय कार्यालय बिसवां के अंतर्गत आने वाली सभी 73 शाखाओं के उन ऋण खाताधारकों जो कोरोना महामारी की विभीषिका या अन्य किसी आपदा के कारण ऋण ज़मा नहीं कर सके उनके लिए बैंक की एकमुश्त समाधान योजना के अंतर्गत पुराने ऋण वाले ग्राहकों को छूट के साथ ऋण जमा करने की सुविधा दी गई द्य बैंक के सभी शाखा प्रबंधकों और उनकी टीम द्वारा बैंक अदालत में ऋण समाधान हेतु आये लाभार्थियों से चर्चा कर ब्याज में छूट का लाभ देते हुए उनके ऋण खाते को बंद या नवीनीकरण किया गया द्य शाखा बिसवां में बैंक अदालत का उदघाटन करते हुए बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री राकेश कालरा ने अवगत कराया कि आर्यावर्त बैंक ऋण खाताधारकों के लिए इस प्रकार से ब्याज में छूट का लाभ देकर ग्राहकों को लाभान्वित कर रही है। आर्यावर्त बैंक क्षेत्रीय कार्यालय- बिसवां के अंतर्गत शाखा बिसवां, लहरपुर, सिधौली, महमूदाबाद, रामपुर मथुरा, बेहमा, रेउसा तथा सांडा में बैंक अदालत आयोजित की गई द्य बैंक अदालत में क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से प्रखर टंडन भूपेश कुमार सिंह, मिल्की राम नौटियाल, मधुसूदन लाल श्रीवास्तव, अवनीश कुमार अरुण कुमार प्रजापति, रवि नंदन,राकेश कुमार, अभिषेक गांगुली आदि मौजूद रहे।

ग्राम विकास अधिकारी की भ्रामक आख्या लगाने की शिकायत डीएम से की

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। आईजीआरएस पोर्टल पर ग्राम विकास अधिकारी द्वारा भ्रामक आख्या लगाए जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीण ने डीएम को शिकायती पत्र भेजा। ग्रामीण ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग डीएम से की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी गजेंद्र सिंह सेंगर ने डीएम चांदनी सिंह को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर गांव में व्यायामशाला बनवाए जाने की मांग की थी। उक्त व्यायामशाला के लिए गाटा संख्या 316 में 100 वर्गमीटर जगह भी चिन्हित कर दी गई थी। वहीं, व्यायामशाला के लिए कार्ययोजना पंचायती राज विभाग भारत सरकार के पोर्टल पर भी अपलोड कर दी गई थी। परंतु ग्राम विकास अधिकारी ने भ्रामक आख्या लगाकर उक्त स्थल को अपर्याप्त बता दिया। जिसके चलते व्यायामशाला का निर्माण नहीं हो सका है। व्यायामशाला न बन पाने से युवाओं को लाभा नहीं मिल रहा है। उन्होंने ग्राम विकास अधिकारी द्वारा लगाई गई भ्रामक आख्या की जांच कराने एवं व्यायामशाला बनवाने के लिए कार्रवाई किए जाने की मांग डीएम से की है।

गौवंश से टकराई बाइक, युवक घायल

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। रविवार की सुबह दूध लेने जा रहे युवक की बाइक सड़क पर गोवंश से टकरा गई। गोवंश को टक्कर लगने से युवक घायल हो गया। युवक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कालोनी निवासी अमित सोनी (35) पुत्र कैलाश रविवार की सुबह बाइक से दूध लेने भिटारा जा रहे थे। जब वह उरई जालौन राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्कूल के पास पहुंचे तो अचानक सड़क पर आवारा गोवंश आ गए। जिससे टकरा कर वह घायल हो गए। सड़क पर गिरने के कारण उनके सिर में चोट आई हैं। मौके से निकल रहे राहगीरों ने डायल 112 को सूचना दी। एंबुलेंस के से उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

मोहम्मदी नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और सभासदों की प्रथम बैठक सम्पन्न

मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।

नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और सभासदों की प्रथम बैठक नगर पालिका परिषद के सभागार में अध्यक्ष संदीप कुमार मेहरोत्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह रहे।

बैठक से पूर्व राष्ट्रगान हुआ ,उसके उपरांत मुख्य अतिथि का सभी सदस्यों ने स्वागत किया, बैठक में एक सदस्य को छोड़कर बाकी सभी सदस्य उपस्थित रह।

बैठक में अधिशासी अधिकारी गुंजन गुप्ता भी मौजूद रही, बैठक में नामांतरण की 86 ,मानचित्र की 16 और विरासत की चार पत्रावली की स्वीकृति प्रदान की गई, बैठक में प्रकाश व्यवस्था और जलापूर्ति के लिए सामग्री खरीदने के लिए प्रस्ताव रखा गया, 15 वा वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग ,मुख्यमंत्री नगर सर्जन के माध्यम से112815565 रूपया स्वीकृत किया गया।

वही सभासद सुशीला वर्मा ने प्रस्ताव रखा कि चेयरमैन संदीप मल्होत्रा को नगर में विकास कार्य कराने हेतु रुपये 5लाख तक का अधिकार दिए जाने का प्रस्ताव रखा वहीं उन्होंने प्रस्ताव रखा कि सेवानिवृत्त सुशील कुमार रस्तोगी को नगर पालिका परिषद में कार्य सही ढंग से संचालित करने के लिए रखा जाए, वही राकेश कटियार ने बच्चों के खेलने के लिए एक मिनी स्टेडियम बनाए जाने की बात रखी, बैठक में किसी भी सदस्य में नगर में जलभराव की समस्या को नहीं रखा, विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने सभी सदस्यों को नगर को कैसे सुंदर और स्वच्छ बनाना है इसके लिए गंभीरता से सोचना पड़ेगा तथा राष्ट्रगान के लिए साउंड सिस्टम लगाने की बात कही।

वही अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा ने जल भराव की समस्या को गंभीर समस्या बताया और उन्होंने कहा इस समस्या से निपटने के लिए डीपीआर बनाया जा रहा है,नगर बासियों को इससे निजात मिलेगी, बैठक का संचालन पपीआरओ शिवनंदन रस्तोगी ने किया, बैठक में प्रमुख रूप से सिराज अली, अनुपम गुप्ता ,रूपा सक्सेना, राम सिंह राठौर ,मीना देवी ,मुमताज बेगम राजेश राठौर सहित सभी सभासद मौजूद रहे।

बेसहारा पशु बन रहे परेशानी का सबब, आए दिन हो रहे सड़क हादसे

मोहम्मदी खीरी समृद्धि न्यूज।

कस्बे की सड़कों पर बेसहारा पशुओ की संख्या लगातार बढ़ रही है।जिससे यह मुख्य मार्गो पर हादसों का सबब बन रहे हैं।गौ आश्रय केंद्रों में गौ वंशो के संरक्षण की योजना परवान नहीं चढ़ पा रहीं है।कस्बा मोहम्मदी व कस्वे से सटे दिलावरपुर,बवौरी सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में ये बेसहारा पशु झुंड बनाकर घूम रहे हैं।बताते चले इन दिनों सम्पूर्ण कस्वा इन बेसहारा पशुओ की चहल कदमी से परेशान है।जिसमे सबसे ज्यादा दिक्कत किसानों व राहगीरों को हो रहीं है।संबधित विभाग जिस पर शायद ही कोई ध्यान दे रहा हो।हालांकि पालिका प्रशासन का काजी हाउस में अस्थायी



गौ आश्रय केंद्र का उद्घटान हो गौ वंशो को रखा जाना था।लेकिन इस गौ आश्रय केंद्र में अब तक कितने गौ वंश रहे ये सिर्फ कागज ही बता सकते है।जबकि अब उस अस्थायी गौ आश्रय केंद्र में कबाड़ भरा नजर आ रहा है। कस्वे के चारो ओर इन बेसहारा पशुओ का झुंड ज्यादातर समय घूमता रहता है। एक तरफ जहां अचानक वाहनों के सामने पशु आ जाने से हादसे का खतरा बना रहता है तो वही यातायात भी प्रभावित होता है।यही हालात कस्बा क्षेत्र के बाजार खुर्द,बाजार गंज, बबौरी सहित जगहों पर इन पशुओ का झुंड बना रहता है।

लोगों के मुताबिक इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती गर्मी के चलते किसान खेत की सिंचाई कर रहे हैं,जिससे इन पशुओ को बैठने को सूखा स्थान न मिलने से ये पशु कस्बा क्षेत्र की ओर बढ़ रहे हैं। मोहल्ले में व सड़क किनारे फल-सब्जी, छिलके व बचा हुआ खाना इत्यादि से पेट भरने को मजबूर है।

एक माह से चले आ रहे विद्युत संकट से त्रस्त लोगों ने लगाया जाम

- करीब दो घंटे की मान मनौब्बल के बाद आवागमन हुआ बहाल

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

पिछले एक माह से मोहल्ला इंदिरा नगर में विद्युत आपूर्ति संकट से त्रस्त हो चुके स्थानीय लोगों ने राठ रोड ओवरब्रिज मंडी गेट के सामने नारेबाजी करते हुये जाम लगा दिया। जाम लगाये लोगों का कहना था कि जब वह नियमित बिजली का बिल अदा करते हैं तो फिर कटौती के नाम पर लोगों को परेशान क्यों किया जा रहा है। करीब दो घंटे की मान मनोब्बल के बाद जाम लगाये आक्रोशित लोगों ने जाम हटाया तब कहीं जाकर आवागमन बहाल हो सका। इस दौरान सैकड़ों वाहन जाम लें फंसे रहे।

रविवार को इंदिरा नगर सहित आसपास की बस्ती के लोगों को

करीब एक माह से विद्युत आपूर्ति के नाम पर छलावा किया जा रहा था जिससे लोगों के सामने भीषण उमस भरी गर्मी में जीना हराम हो रहा था साथ ही पेयजल का भी संकट खड़ा हो गया था।

मोहल्ले में नियमानुसार विद्युत आपूर्ति जारी रखने के लिये अनेकों बार मोहल्लेवासियों ने विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से मिलकर अनुरोध भी किया लेकिन जब कोई समाधान नहीं निकला तो उन्होंने एकत्रित होकर राठ रोड ओवरब्रिज मंडी गेट के सामने सड़क को अवरुद्ध कर जाम लगा दिया। जाम लगाने में बड़ी तादाद में महिलाओं की भागीदारी होने से मौके पर पहुंचे शहर कोतवाल शिवकुमार राठौर ने मौके का नजारा देखा तो उन्होंने उसकी जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को दी। इसके बाद कई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर और उन्होंने जाम लगाये लोगों को मनाने का प्रयास किया ताकि जाम खुल सके। लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारियों के न आने से मामला हर बार लटकता रहा।

करीब दो घंटे बाद जब विद्युत अधिकारी मौके पर पहुंचे तो जाम लगाये लोगों का गुस्सा भड़क उठा पहले तो उन्होंने जमकर खरीखोटी सुनायी बाद में हुई वार्ता के बाद मोहल्लेवासियों का आक्रोश कम हुआ तो उन्होंने जाम खोल दिया। इसके बाद राठ रोड से वाहनों व राहगीरों का आवागमन बहाल हो सका। जाम लगाने बालों में वार्ड नंबर 14 के सभासद मुकेश के अलावा विवेक गुप्ता भोले पाल, सुरेंद्र पाठक, अशफाक, मोहित, सनी राठौर, विशाल, अंशु रामकुमार, विवेक, सत्यम सहित अनेकों लोग शामिल रहे। इन सभी लोगों का कहना है कि बीते 1 महीने से विद्युत आपूर्ति ध्वस्त पड़ी है जिसके चलते उन्हें अनेकों दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और पिछले 1 सप्ताह से तो यह हालत हो गई है कि लगातार अघोषित कटौती के चलते उनका जीना मुश्किल हो गया है घर में बुजुर्गों और बच्चों का स्वास्थ्य भी बिजली की कटौती के चलते संकट में है

जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता, तब तक मित्रता रहती है : रामश्याम महाराज

- मित्रता हो तो भगवान श्री कृष्ण-सुदामा जैसी
- ग्राम हीरापुर के यमुना तट के किनारे फारारी बाबा में सैकड़ों भक्त कथा सुन मंत्रमुग्ध हुये

कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।

कालपी नगर से 5 किलोमीटर दूर कालिद्धी यमुना मईया के तट के पास स्थित फरारी महाराज स्थान हीरापुर मे चल रही संगीतमय सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिवस मे सुप्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य परम श्रद्धेय श्री राम श्याम महाराज ने श्रोताओं को सुदामा चरित्र की विस्तृत कथा का रसपान कराते हुये बताया कि जिस प्रकार से सूर्योदय होने से घोर कोहरा छंट जाता है, उसी प्रकार भक्ति से पाप कर्म धुल जाता है। कितनी ही धर्मार्थ यात्रा, गंगा स्नान, यज्ञ, धर्म, पाठ कर लें, किंतु एक भक्ति ही उसे अपने अधीन बना लेती है।

यमुना तट के किनारे फरारी बाबा मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा का समापन कराते हुये कथा व्यास राम-श्याम जी महाराज संत पथिक आश्रम कालपी ने रविवार को सुदामा चरित्र के वर्णन के साथ हुआ। सुप्रसिद्ध कथाव्यास राम श्याम महाराज द्वारा सुदामा चरित्र का वर्णन किए जाने पर पंडाल में उपस्थित श्रोता भाव-विभोर हो गए। कथाव्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे। परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है,

मित्रता खत्म हो जाती है। कथा व्यास ने कहा कि एक सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं। जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं, तब प्रहरियों से कृष्ण को अपना मित्र बताते है और अंदर जाने की बात कहते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है और कहते है कि भगवान श्रीकृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है। प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं। तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है। द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र को रोककर सुदामा को रोककर गले लगा लिया। भगवान कण-कण में विराजमान हैं। यह बौद्धिकता है, किंतु परमात्मा को प्रकट करना हार्दिकता है। तन के लिए जितना भोजन आवश्यक है, मन के लिए भजन उतना ही आवश्यक है, जैसे बिना भूख के समय होने पर भोजन कर लेते हैं, वैसे ही मन न लगने पर समय से भजन करें। कथा परीक्षित उमाशंकर निषाद प्रधान ने बताया कि उक्त कथा विगत 19 जून से चल रही है रविवार को अंतिम दिवस था। 26 जून को भंडारा का आयोजन है जो ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों के सहयोग से होगा।

जोधर पुल की साइडबॉल बरसात से ढह गई दुर्घटना की अशंका

कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।

यमुना पट्टी के दर्जनों गांवों को सीधे कालपी नगर से जोड़ने के लिए मगरौल कालपी संपर्क मार्ग पर चार करोड़ की लागत से व्यास गंगा (जौधर नाला) पर दो वर्ष पूर्व पुल का निर्माण कराया गया था। जिसके एप्रोच मार्ग की साइडवाल बाढ़ और बारिश के पानी से टूट गई। निर्माण न होने से आवागमन में मिल परेशानी व दुर्घटना का भय बना हुआ है।

मंगरौल कालपी मार्ग पर देवकली, हीरापुर, कीरतपुर, गुढ़ाखास, शेखपुर गुढ़ा, मंगरौल, पड़री, नया पुरवा आदि गांव के आवागमन की सुविधा के लिए पूर्व विधायक के प्रयास से व्यास गंगा पर

के पुल निर्माण कार्य हेतु चार करोड़ 72 लाख 19 हजार की लागत से 70.80 मीटर लंबे पुल का निर्माण कार्यदायी संस्था राज्य सेतु निगम के द्वारा करवाया गया था। कीरतपुर के प्रधान पवनदीप निषाद ने बताया कि पुल के दोनों और 400 मीटर एप्रोच मार्ग का निर्माण कराया गया था। जिसके निर्माण में एक करोड़ 10 लाख रुपये खर्च किए गए थे। प्ले निर्माण होने के बाद सन 2022 में जुलाई अगस्त के महीने में यमुना नदी बाढ़ आने से उनके दोनों ओर बनाया गया एप्रोच मार्ग ध्वस्त हो गया था। उस समय भी ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि घटिया निर्माण की वजह से एप्रोच मार्ग ध्वस्त हो गया लेकिन बारिश के बाद एप्रोच मार्ग के जगह जगह गड्ढे भर दिए गए पर ध्वस्त साइडबाल का निर्माण अभी तक नही कराया गया है। दोनो ओर बोल्डर लगाकर पिच बनाई जानी थी एप्रोच मार्ग पर साइडबाल मजबूत न बनाकर घटिया किस्म का निर्माण कार्य कराकर कार्यदायी संस्था ने लाखो रुपया का घोटाला का उक्त पुल गवाही दे रहा है। इस संबंध मे क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी का कहना है कि उक्त पुल निर्माण कार्य की जांच कराये जाने की बात कही।

- दो वर्ष पूर्व निर्मित पुल की एप्रोज मार्ग की साइडबॉल चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

पुल निर्माण पर एक नजर

पुल लागत- 4 करोड़ 72 लाख 19 हजार
लंबाई- 70.80 मीटर
एप्रोच मार्ग की लागत करोड़ 10 लाख
लंबाई- 400 मीटर दोनों ओर

बीमार चल रहे वृद्ध किसान ने गमछे से फांसी लगा मौत को गले लगाया

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।

वृद्ध किसान ने अपने खेत पर जाकर गमछे से फांसी लगाई। आसपास के किसान जब खेत पर पहुंचे तो वृद्ध का शव देखकर पुलिस व परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध के शव का पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कछेरन निवासी परशुराम कुशवाहा (65) पुत्र मुलू वृद्ध थे व काफी समय से बीमार चल रहे थे। रविवार की सुबह करीब 6 बजे वह घर से लौना मौजा में स्थित खेत पर जाने की बात कहकर निकले थे। खेत पर पहुंचने पर उन्होंने खेत में ही स्थित बबूल के पेड़ पर गमछे से फांसी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह करीब 10 बजे तक आसपास के किसान खेत पर पहुंचे तो वृद्ध का शव पेड़ पर लटका देखकर परिजनों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाल समीर सिंह व परशुराम के पुत्र अवधकिशोर मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने वृद्ध का शव पेड़ से उतरवाकर उसका पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह काफी वृद्ध थे और अक्सर बीमार रहा करते थे। शायाद बीमारी के चलते ही उन्होंने फांसी लगा ली हो। उक्त संदर्भ में कोतवाल समीर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर उचित कार्रवाई होगी। बता दें, परशुराम के एक पुत्र अवध किशोर ही है। उनकी चार बेटियां हैं जिनमें सोना देवी, अभिलाषा व रानी देवी की शादी हो चुकी है। वहीं, छोटी पुत्री पिंकी घर पर है। वहीं, परशुराम की मौत से उनकी पत्नी किशोरी देवी का रो रोकर बुरा हाल है।

राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के प्रयास से जबरन धर्मांतरण कराने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

एक तरफ केंद्र में बैठी मोदी सरकार व प्रदेश में बैठी योगी सरकार जबरन धर्मांतरण का जबरदस्त विरोध कर रही है और इसके खिलाफ कठोर कानून बनाने की तैयारी चल रही है लेकिन सीतापुर इन दिनों धर्मांतरण कराने वाली मिशनरियों के गिरफ्त में आ चुका है ताजा मामला कोतवाली नगर के मंडी चौकी क्षेत्र का है जहां गत रात्रि धर्म परिवर्तन का खेल खेला जा रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मंसूरपुर मंडी चौकी क्षेत्र अंतर्गत बीती रात में कुछ लोग प्रार्थना सभा के नाम पर धर्मांतरण करा रहे थे जानकारी प्राप्त होने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना विकास हिन्दू ने कोतवाली में तहरीर दी।

सुबह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर छापा मारा जहां पर प्रार्थना सभा में शामिल 20-25 लोग पुलिस को देखते ही भाग गए बस दो लोग मौके पर गिरफ्तार किए गए। गिरफ्तार लोगों के पास बाइबल और सेंट्रल यूपी मिशन नामक किताब प्राप्त हुई लोगों को बहला-फुसलाकर लालच देकर धर्म परिवर्तन करवाने वाले पूरा सिंडीकेट चला रहे है। विषय बहुत गंभीर है पुलिस प्रशासन पूरी तत्परता के साथ लगा हुआ है। सीतापुर में पूर्व में भी इस तरह की घटनाएं होती रही है अब देखना यह है कि आने वाले समय में शासन की मंशा के अनुरूप प्रशासन किस तरह धर्मांतरण पर अपनी नकेल कसता है राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना ने धर्मांतरण के खिलाफ मुखर होने का ऐलान किया है। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू के साथ राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप हिन्दू, जिला सचिव रमेश हिन्दू, जिला उपाध्यक्ष बबलू हिन्दू, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक हिन्दू, जिला अध्यक्ष विक्की हिन्दू, भारत तिब्बत सहयोग मंच के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रभात अग्निहोत्री और आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मिशन शक्ति अभियान तहत किया जागरुक

कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज। मिशन शक्ति अभियान के तहत समस्त थाना क्षेत्रों में महिला बीट प्रणाली के अन्तर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा अपनी-अपनी आवंटित बीट में जाकर पंचायत भवन मिशन शक्ति कक्ष में चौपाल का आयोजन प्रारम्भ किया गया है। इसी क्रम में रविवार को कोंच कोतवाली क्षेत्र की भेंड़ चौकी क्षेत्र के ग्राम रवा में महिलाओं, युवतियों व किशोरियों को जागरुक किया गया। चौपाल में पुलिस एवं महिलाओं के मध्य समन्वय स्थापित कर राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रहीं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विशेषकर महिला अपराध से सम्बन्धित विभिन्न धाराओं एवं प्रक्रिया तथा विभिन्न हेल्प लाइन सेवाओं (112, 1090, 181, 108, 1076, 1098) इत्यादि की जानकारी देते हुए जागरुक किया गया। इस मौके पर चौकी प्रभारी शिवनारायण वर्मा, कांस्टेबल मोहित शर्मा, अजय वीर सिंह, महिला कांस्टेबल संगीता, खुशबू समेत तमाम महिलाएं, युवतियां व किशोरी मौजूद रहीं।

अज्ञात वाहन की टक्कर से किशोरी की मौत

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।

अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मारी। हादसे में बाइक सवार किशोरी की मौत हुई। वहीं गंभीर रूप से घायल बाइक चालक व उसकी बहिन को उच्च संस्थान रेफर किया गया।

सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम निपनिया निवासी लाली उर्फ रक्षा (16) अपनी मौसी के यहां गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़िया आई थी। रविवार की दोपहर उसे वापस अपने गांव जाना था। वह मौसेरे भाई अंकुश कुमार (18) पुत्र विजय बहादुर व उसकी बहिन आराधना (20) के साथ बाइक से निपनिया जा रही थी। जैसे ही उनकी बाइक सरावन के पास पहुंची तभी सामने से आ रहे तेज

रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों युवक व युवतियां सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके से निकल रहे राहगीरों ने डायल 112 को सूचना दी। पुलिस ने तीनों को सीएचसी लाई। जहां लाली को डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल अंकुश व आराधना को उच्च संस्थान रेफर कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक लाली के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

आम ने बिखेरा जलवा, प्रदर्शनी में चाहने वालों का प्यार उमड़ा

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

स्वाद की महफिल में फलों के राजा 'आम' का जलवा रविवार को शहर स्थित मुग़ल दरबार में स्वर्गीय राजीव चौधरी पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा बारहवीं आम प्रदर्शनी एवं गोष्ठी में देखने को मिला। प्रदर्शनी में बागवानी और आम के शौकीनों का प्यार उमड़ पड़ा। प्रदर्शनी में आम की कुल 200 प्रजातियों से अधिक उन्नत और देशी प्रजाति के आम का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में केसर (गुजरात), हिमसागर (कोलकता), अल्फांसो (महाराष्ट्र), तोता परी (आन्ध्रप्रदेश), सुर्खा (भोपाल, मध्यप्रदेश) आदि शामिल रहे। प्रदर्शनी का उद्घाटन कृषि भवन, लखनऊ के अपर कृषि निदेशक डॉ. आर. के. सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि भारत में सर्वाधिक आम का उत्पादन चार राज्यों में होता है। जिसमें आम के उत्पादन का सबसे पहला और बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश है, जहां 23 प्रतिशत आम का उत्पादन होता है। इसके बाद आन्ध्रप्रदेश में 21 प्रतिशत, कर्नाटक में 11 प्रतिशत और बिहार में 9 प्रतिशत ही आम का उत्पादन होता है। भारत में आम की 1500 प्रजातियां पाई जाती है। जिसमें 'याकूती' आम बाराबंकी की प्रमुख पैदावार है। इस दौरान आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने की। गोष्ठी में उपस्थित आम की बागबानी करने वाले फवाद किदवाई और अलीम किदवाई ने लोगों ने आम के बागबानों में जहरीले रसायन का छिड़काव न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिले में यदि बागवानी के क्षेत्रफल को हटा दिया जाए तो पर्यावरण का संतुलन बिगड़ जाएगा। आम के बाग स्वाद और सेहत दोनों का ख्याल रखती है। हमें पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए अपने बगीचे में एक आम का पेड़ जरूर लगाना चाहिए। प्रदर्शनी में आम की प्रजाति याकूती, अंबिका, आम्रपाली, सेंसेशन, टॉमी एटकिंसन का जलवा बरकरार रहा। ये किस्में अपनी गुणवत्ता, अच्छे रंग के कारण प्रसिद्ध है। वहीं प्रदर्शनी में कोलकता से वस्त्रा, पूसा, उरनिमा, काटिमान, थाई हिमसागर, माल्दहा, टाम एटकिन, थ्री टेस्ट आदि प्रजातियां शामिल रहीं। इसके अलावा गुलाब खास, मल्लिका, हुश्नआरा, अम्बिका, पान पराग, जाफरान, मोहन भोग, नीलम केसर, बेनजीर, आम्रपाली, लता, तोतापरी, याकूती, सुर्ख दशहरी, गुलाब खास, चौसा, नूरजहां, स्वर्ण रेखा, जौहरी सफेदा, लंगड़ा, सीर-ए-हयात, तहनवाज पसंद, खजुरी, लंगड़ा बनारसी, राम केवड़ा, मुमताज पसंद, मक्खन आदि विशेष प्रजातियों का प्रदर्शन किया गया।

चार वैवाहिक जोड़ों की हुई काउंसलिंग पति-पत्नी साथ में रहने के लिए हुए राजी

सोनभद्र रॉबर्ट्सगंज, समृद्धि न्यूज़

मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के क्रम में महिला थाना रॉबर्ट्सगंज पर आयोजित परामर्श केन्द्र में थानाध्यक्ष महिला थाना सरोजमा सिंह मय टीम द्वारा महिला थाना रॉबर्ट्सगंज में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के संम्बंध में 04 जोड़ा पति-पत्नी की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें सुलझाया गया जिससे पति-पत्नी राजी-खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए। इसके अतिरिक्त 02 अन्य प्रकरण में पति-पत्नी को न्यायालय से कार्यवाही के लिए बताया गया तथा 02 प्रकरण में अग्रिम तिथि नियत की गई। काउंसलिंग के दौरान महिला थानाध्यक्ष द्वारा परामर्श केन्द्र में आये दम्पतियों की पारिवारिक सम्बंधी प्रकरणों में उनकी काउंसलिंग की गयी तथा पति-पत्नी को आपस में विवाद को खत्म कर सुलह-समझौता कराते हुए साथ में रहने हेतु प्रेरित किया गया जिससे दोनों जोड़े हंसी-खुशी साथ मे रहने हेतु तैयार हो गये जिसपर पुलिस द्वारा उन्हें उनके आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

एफआईआर लिखने में की हीला हवाली तो कार्रवाई तय: नैय्यर

अमिताभ श्रीवास्तव । अयोध्या

बलिया जिले से बतौर नवागत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या स्थानांतरित किए गए आईपीएस राजकरण नैय्यर ने रविवार को अयोध्या पहुंच कर अपना कार्यभार संभाल लिया।

कार्यभार संभालने से पहले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री नैय्यर ने राम नगरी के प्रमुख मंदिरों का दर्शन पूजन किया तथा सरसरी तौर पर यहां के निर्माण कार्यों और सुरक्षा व्यवस्था को देखा जिसके बाद वे पुलिस लाइंस पहुंचे और वहां उन्हें सलामी दी गई।पुलिस लाइन में सलामी लेने के बाद श्री नैय्यर ने अपना कार्यभार ग्रहण किया और फिर मातहत अधिकारियों से यहां के बारे में जानकारी हासिल की। दोपहर तकरीबन तीन बजे मीडिया संग परिचय प्राप्त करने को लेकर प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री नैय्यर मीडिया से मुखातिब हुए।मीडिया से बात करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री नैय्यर ने अपनी प्राथमिकता से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता ही उनकी प्राथमिकता होगी। नियमित जनसुनवाई तथा महिला संबंधी अपराधों के साथ गंभीर प्रकृति के संवेदनशील अपराधों की रोकथाम मुख्य रूप से उनकी प्राथमिकता में शामिल है।जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए जो भी कदम उठाने पड़ेंगे, उसको उठाने से वे कतई गुरेज नहीं करेंगे।श्री नैय्यर ने कहा कि अयोध्या की पहचान विश्व स्तर पर विख्यात है और शायद इसी नजरिए से यह विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण शहर है।उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम का मंदिर निर्माण शुरू होने के साथ ही अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है और आने वाले समय में यहां कई बड़े और महत्वपूर्ण आयोजन भी होंगे जिसमें देश और विदेश से श्रद्धालु आएंगे।हम सभी का यह प्रयास होना चाहिए कि देश और विदेश से अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं को यह अनुभव मिले कि जब वे अयोध्या आये थे तो उनका अनुभव कैसा रहा।हम सभी का यह प्रयास होना चाहिए उनका यह अनुभव सुखद रहे।एफआईआर न लिखने की शिकायत मिलने और पूर्व में तैनाती वाले जिले में इसे गंभीरता से लेने से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए श्री नैय्यर ने कहा कि हमारे द्वारा नियमानुसार और कानूनी तौर पर एफआईआर लिखने से इनकार नहीं किया जा सकता और इसका अनुपालन सभी प्रभारी निरीक्षकों को करना चाहिए।इसके बाद भी यदि किसी मामले में ऐसी शिकायत सामने आती है तो उसमें कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

अंतर्राष्ट्रीय मानक के अनुरूप हो रहा है अयोध्या का विकास : एडीजी

अयोध्या, समृद्धि न्यूज़

अयोध्या में उपलब्ध कराई जाएगी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की ट्रैफिक व्यवस्था

अयोध्या की यातायात व्यवस्था को सुदृढ बनाने और मिशन शक्ति अभियान की सक्रियता बढ़ाने के मकसद से प्रदेश की अपर पुलिस महानिदेशक यातायात अनुपमा कुलश्रेष्ठ रविवार को अयोध्या पहुंची।शनिवार की शाम जिले में पहुंची अपर पुलिस महानिदेशक ने रविवार को राम नगरी के प्रमुख मंदिरों में दर्शन पूजन के बाद मातहत अधिकारियों के साथ न केवल जिले की यातायात व्यवस्था के बारे में जानकारी हासिल की बल्कि भ्रमण कर यातायात व्यवस्था को बेहद बारीकी से देखा और फिर बैठक में इस पर गहनता से चर्चा भी की।अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत में अपर पुलिस महानिदेशक कुलश्रेष्ठ ने कहा कि आज अयोध्या का अंतर्राष्ट्रीय मानक के मुताबिक विकास हो रहा है।श्री राम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण चल रहा है। मंदिर के गर्भगृह में श्री रामलला के विराजमान होने के बाद देश और विदेश से भारी भीड़ अयोध्या आएगी।ऐसे में हमारा प्रयास रहेगा कि पर्यटकों और श्रद्धालुओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती बढ़ाई जाएगी तथा अत्याधुनिक तकनीक और उपकरणों का इस्तेमाल किया जाएगा जिसके लिए पुख्ता योजना का खाका तैयार किया जा रहा है।अपर पुलिस महानिदेशक ने कहा कि जनवरी 2024 में राम मंदिर का लोकार्पण प्रस्तावित है। मंदिर निर्माण के दौरान दिन प्रतिदिन अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है और मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद इसमें काफी इजाफा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को आवागमन में कोई दिक्कत न हो,इसके लिए उसी अनुरूप यातायात योजना तैयार कराई जा रही है।उन्होंने बताया कि अयोध्या के इर्द गिर्द रिंग रोड, विभिन्न परिक्रमा मार्ग का निर्माण कराया जा रहा है,इसको भी योजना में शामिल किया गया है। यातायात व्यवस्था कैसे और बेहतर बनाया जा सकता है, इसके लिए अधिकारियों के साथ बैठककर यातायात व्यवस्था और भावी योजनाओं पर विचार विमर्श किया गया है।

जीआरपी ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

जनसेवा केंद्रों से बनाये जा रहे ई-टिकट होगी जांच

रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

अनुमति के बिना अवैध तरीके से ई-टिकट जारी करने वाले जनसेवा केंद्रों पर राजकीय रेलवे पुलिस ने छापा मारकर सघन चेकिंग की।मलिक जन सेवा केंद्र पर चार निजी आईडी से बिक्री किए गए 20 हजार कीमत के 12 टिकट पाए गये। जिसे गम्भीरता से लेते हुए पुलिस ने जन सेवा केन्द्र के संचालक को नोटिस जारी की है।रविवार को रेलवे पुलिस टीम उप निरीक्षक रविशंकर मिश्रा हेड कॉन्स्टेबल बी.बी. यादव एवं सुनील शर्मा की टीम ने रामनगर में जनसेवा केंद्रों पर छापा मारा छापेमारी के दौरान एक जन सेवा केंद्र बंद मिला दूसरे पर चेकिंग के दौरान कुछ भी अवैध नहीं मिला मलिक जन सेवा केंद्र पर अवैध तरीके से बिक्री किए 12 ई टिकट बरामद हुए जिनकी कीमत 20 हजार बताई जा रही है। के संबंध में उपनिरीक्षक रविशंकर मिश्रा ने बताया जन सेवा केंद्र के संचालकों द्वारा अवैध तरीके से टिकटों की कालाबाजारी की जा रही थी ऊंची दर पर ग्राहकों को टिकट देकर उन्हें ठगा जा रहा था।

ड्रेन की खुदाई में की जा रही अनियमितता को लेकर भाजपा नेता ने सीएम से की शिकायत

हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

नहर विभाग द्वारा पेचरूआ ड्रेन की करवाई जा रही खुदाई में भारी अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए भाजपा नेता एडवोकेट गोविंद पाठक ने मामले की शिकायत ट्वीट कर मुख्यमंत्री व सिंचाई मंत्री से की है। उन्होंने बताया कि इस ड्रेन की खुदाई नहीं सिर्फ सफाई व जोताई कराकर खानापूर्ति कर धांधली की जा रही है। भाजपा नेता श्री पाठक ने बताया कि पेचरूआ ड्रेन की नहर की खुदाई के नाम पर केवल उसकी जुताई व सफाई कराकर ठेकेदार द्वारा भ्रष्टाचार किया जा रहा है, जो जिम्मदार अधिकारियों को मिलीभगत के चलते दिखाई नहीं पड़ा रहा है। यदि ड्रेन की खुदाई ठीक नहीं कराई गई तो बरसात के मौसम में इसका खामियाजा नगरवासियों के अलावा पेचरूआ, पूरे बरियार दास व बीजापुर के अलावा कई अन्य गाँवों के लोगों को जलभराव के रूप में भुगतना पड़ेगा। नगर पंचायत हैदरगढ़ व पेचरूआ के बीच में पानी की निकासी ना होने पर हजारों बीघा किसानों की खड़ी फसल डूब जाती है, कस्बा हैदरगढ़ में सब्जी मंडी, सर्राफा मंडी, सिंचाई विभाग का डाग बंगला, कोतवाली परिसर, तहसील परिसर व राजिस्टार आफिस के साथ सार्वजनिक इंटर कॉलेज, ब्लॉक संसाधन केंद्र व राजकीय इंटर कॉलेज के अलावा नगर के कई प्रतिष्ठान जलभराव के शिकार हो जाते है।

सेलेक्शन कोचिंग संस्थान से अभियोजन अधिकारी पद पर चयनित हुए दो युवा

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

शहर के आवास विकास कॉलोनी स्थित मिशन सेलेक्शन कोचिंग संस्थान में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक अभियोजन अधिकारी (एपीओ) परीक्षा-2022 में चयनित छात्र आराध्य मिश्रा (रैंक-5) व जितेन्द्र प्रताप सिंह (रैंक-16) को नगर पालिका अध्यक्ष शीला सिंह वर्मा ने सम्मानित किया।

कोचिंग संस्थान के निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि हमारे संस्थान का यह प्रथम चयन है और भविष्य में ऐसे तपस्वी छात्रों का चयन कराकर उच्च पदों पर पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है और चयनित छात्रों को बधाई व शुभकामनांए दी। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता आनन्द प्रकाश गौतम ने किया। इस मौके पर जनेस्मा के प्राचार्य सीताराम सिंह, प्रोफेसर अनिल विश्वकर्मा, समीक्षा अधिकारी अतुल विश्वकर्मा, एआरओ देवेश गुप्ता, गीता वर्मा, श्याम मिश्रा, सुनील श्रीवास्तव, कृष्ण मोहन, राजेश सोनी, शिवम, आकाश जुलेखा बानो व सैकड़ों अधिवक्ता एवं छात्र उपस्थित रहे।

नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन की नई कार्यकारिणी गठित

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

चिकित्सक ईश्वर का होते हैं दूसरा रूप : मनोज

नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन(एनएमओ) की शाखा बाराबंकी का स्थापना दिवस समारोह आज रविवार को जिला कोऑपरेटिव बैंक, बाराबंकी के सभागार में धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ओम के उच्चारण के साथ किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अवधेश यादव, विशिष्ट अतिथि किंग जार्ज मेडिकल कालेज लखनऊ के पूर्व उपकुलपति तथा एनएमओ के राष्ट्रीय बौद्धिक प्रमुख डा एमएलबी भट्ट, एनएमओ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ विजय कुमार तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्वी उ.प्र के सह सम्पर्क प्रमुख मनोज द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। एनएमओ शाखा बाराबंकी की नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक डॉ राकेश शंकर गुप्ता द्वारा किया गया जिसमें में डॉ रोहित अग्रवाल को जिलाअध्यक्ष, डॉ रोहित प्रसाद को जिला सचिव, डा रंजय गुप्ता को सहसचिव, डा पंकज जायसवाल तथा डा आशीष रस्तोगी को उपाध्यक्ष, डा एनके गुप्ता तथा डा आरती यादव को संगठन सचिव, डा रुचि टंडन को कोषाध्यक्ष तथा डॉ आयुष्मान सिंह को सह कोषाध्यक्ष घोषित किया गया। डा शरद टण्डन, डा रवि आहूजा, डा विनय जैन, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बाराबंकी डा डीके श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय बाराबंकी डा बृजेश कुमार तथा जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ सर्जन डा डीसी पाण्डेय को संगठन का संरक्षक घोषित किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को डॉक्टर एमएलबी भट्ट द्वारा माल्यार्पण कर के अभिनन्दन किया गया।

प्रतिबंधित मादक पदार्थों के बारे में अवगत कराना समाज की जिम्मेदारी

सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़

इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल ने अंतराष्ट्रीय मादक पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभावों से आमजनमानस को जागरूक करने तथा इसके सेवन को रोकने हेतु दो दिवसीय कार्यक्रम का लखनऊ में दीक्षा फाउंडेशन के साथ मिलकर शुभारंभ कराया, इस कार्यक्रम को मुख्य तौर पर मादक पदार्थों के सेवन से मानव जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों से लोगों को अवगत कराने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (ह्ष्ट्क) तथा आबकारी विभाग द्वारा आयोजित किया गया है। आईजीएल और दीक्षा फाउंडेशन इसमें सहयोगी है, आईजीएल के बिजनेस हेड द्वारा पांच लाख रुपए का सहयोग इस कार्यक्रम में किया गया है। कार्यक्रम में लोगो को जागरूक करने हेतु विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई है। यह कार्यक्रम कल अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन और तस्करी निरोध दिवस तक चालू रहेगा , एस के शुक्ल ने कहा कि प्रतिबंधित मादक पदार्थों का सेवन एक वैश्विक चुनौती है। यहां तक कि विकसित देश भी इसके खिलाफ लड़ाई में मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। मादक पदार्थ किसी भी आयु वर्ग के व्?यक्ति को अपनी गिरफ्त में ले सकता है। विशेषकर युवा, किशोर और कम उम्र के युवाओं में मादक पदार्थ तस्?करों के गिरफ्त में आने की संभावना अधिक रहती है। संभावित पीड़ितों को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाली बर्बादी के बारे में सचेत किया जाना चाहिए, ताकि वे अपने को इस जाल से सुरक्षित रख सकें। वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने कहा की प्रतिबंधित नशे की लत की समस्या इतनी बड़ी है कि अकेले एक व्यक्ति के प्रयास पर्याप्त नहीं होंगे। इस लत के उन्मूलन की बड़ी जिम्मेदारी गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) और अन्य समर्पित लोगों को भी उठानी होगी। उपस्थिति शहरवासियों ने इस कार्यक्रम की जमकर तारीफ किया।

चलती कार में शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी आग, मची अफरा तफरी

गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़

गोरखनाथ थाना क्षेत्र के धर्मशाला पुल पर उस वक्त अफरातफरी का मच गई। जब अचानक एक चलती कार आग की लपटों के बीच धू-धू कर जलने लगी। पुल से गुजर रहे लोग यह देख भयभीत हो गए,अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने जल्द ही आग पर काबू पा लिया और एक बड़ी घटना होने से बच गया। बतादे चले की चलती गाड़ी में आग लगने के बाद वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने वाहन चालक को बताया कि आपकी गाड़ी में पीछे आग लग गई है संचालक तुरंत गाड़ी से उतरा तब तक गाड़ी आग की लपटों के बीच घिर गई। यह देख वाहन चालक सहित आसपास के लोग सकते में आ गए। लोगों का कहना था कि यदि जरा से भी देरी हुई होती है तो तो बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया और एक बड़ी घटना को होने से टाल दिया।

वनकर्मियों की साठ गांठ से हरे फलदार पेड़ों पर चल रहा आरा

सिद्धौर बाराबंकी। वन क्षेत्र हरख में एक प्राइवेट वनकर्मी की सांठगांठ से हरे फलदार वृक्षों पर बेखौफ आरा चल रहा है ।सब कुछ जानते हुए भी विभागीय लोग अंजान बने बैठे हैं ।यह प्राइवेट कर्मी एक रिटायर वन रक्षक का भाई बताया जाता है। इस प्राइवेट वनकर्मी की सांठगांठ से हरख रेंज के अंतर्गत आने वाले असंद्रा थाना क्षेत्र के बदली का पुरवा भठिया गांव में रविवार को सुबह प्रेमचंद नामक लकड़कट्टा आम का हरा भरा पेड़ कटवा रहा था ।इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई ।शिकायत पर अवैध कटान पकड़ी गई ।वन दरोगा वीर भगत ने मौके पर पहुंचकर काटे गए पेड़ पर जुर्माना किया ।अवैध कटान का यह मामला तो एक बानगी मात्र है इससे पूर्व भी क्षेत्र के कई अन्य स्थानों पर इस प्राइवेट कर्मी की मिलीभगत से बिना परमिट के कटान हो चुकी है ।क्षेत्रीय लोगों ने डीएफओ बाराबंकी से जांच की मांग की है ।दूसरी ओर रामसनेहीघाट रेंज के अंतर्गत आने वाले भीखरपुर क्षेत्र के भवनियापुर गांव में भी प्रेमचंद नाम के इसी लकड़कट्टें ने रविवार को ही प्रतिबंधित पेड़ों की कटान करवाई।

पंच कुंडीय महायज्ञ दो जुलाई से होगी

रामनगर बाराबंकी। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गायत्री शक्ति पीठ की ओर से पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ संस्कार एवं सायंकाल दीप यज्ञ का भव्य आयोजन किया जायेगा।गायत्री परिवार पदाधिकारी कार्यकर्ता राजेश मिश्र और डॉ संजय तिवारी ने बताया कि 2 जुलाई दिन रविवार वर्ष 2023 प्रातः काल 6 बजे से सायंकाल 6 बजे तक सामूहिक जप होगा एवं 3 जुलाई वर्ष 2023 दिन सोमवार को गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रातः काल 7 बजे से प्रारंभ होगा तत्पश्चात संस्कार कराए जाएंगे व सायंकाल 6 बजे से भव्य दीप यज्ञ का आयोजन होगा।दोपहर में भंडारे का आयोजन होगा जिसमें भक्त प्रसाद पाएंगे।उपरोक्त कार्यक्रम में गायत्री परिवार रामनगर के कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के संभ्रांत लोग भी शामिल होंगे।

नगर की सफाई, जल निकासी के लिए चलाया अभियान

हैदरगढ़ बाराबंकी। नवनिर्वाचित चेयरमैन आलोक तिवारी के प्रयासों से हैदरगढ़ की तस्वीर में सुखद बदलाव आना शुरू हो गया है। हैदरगढ़ की अहम समस्या सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीर चेयरमैन आलोक तिवारी द्वारा युद्ध स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सफाई कर्मी भी उनके इस अभियान में बराबर के भागीदार बने हुए हैं और दिन रात मेहनत करके नगर को स्वच्छ बनाने की मुहिम छेड़े हुए हैं।। सफाई व्यवस्था के इस काम में चेयरमैन आलोक तिवारी द्वारा मोबाइल पर बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप से भी बड़ा सहयोग मिल रहा है। इस ग्रुप पर नगर निवासियों द्वारा गंदगी से पटी पड़ी नालियों के फोटो साझा किये जा रहे है जिस पर तत्काल एक्शन लेते हुए चेयरमैन द्वारा सफाई कर्मियों को सफाई के निर्देश दिए जा रहे हैं। शनिवार को ग्रुप पर धन्यवाद में गंदगी से पटी पड़ी नालियों की फोटो साझा की गई जिससे तत्काल बाद सफाई कर्मी टीम बनाकर वहां पहुंचे और तत्काल नालियों की सफाई कर दी इसी प्रकार अन्य वार्डो में सफाई का अभियान चलाया जा रहा है।

छह वर्षों से नहीं हुई नाले की सफाई जलभराव से बढ़ा संक्रमण का खतरा

हैदरगढ़ बाराबंकी। विकासखंड त्रिवेदीगंज अंतर्गत मर्दापुर मजरे पोखरा गांव की जल निकासी के लिए बने नाले की पिछले 6 वर्षों से सफाई नहीं हुई है। जिसकी वजह से गांव में बीमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों द्वारा क्षेत्रीय विधायक एवं जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है जबकि लगभग 4 वर्ष पूर्व दूषित पानी की वजह से फैली बीमारी की वजह से गांव के आधा दर्जन नौनिहालों की मौत भी हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि गांव में 1200 की आबादी है गांव के 70/75 घरों का पानी बन्तला तालाब से धौखरा तालाब होते हुए धरौली ड्रेन तक जाता है।

धमकी से आहत किशोर ने खाया जहरीला पदार्थ

हैदरगढ़ बाराबंकी। कार मालिक द्वारा घर घेरने और पुलिस मिलाकर जेल भेजने की धमकी से दहशत में एक 12 वर्षीय किशोर ने आज शाम जहर खा लिया । जानकारी होते ही परिजन किशोर को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आजमगढ़ पहुंचे जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था के चलते डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया जहां पर किशोर की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही हैं। जानकारी के अनुसार हैदरगढ़ कोतवाली के तारागंज गांव निवासी विकलांग कुसमीलाल लोद का लगभग 11 वर्षीय पुत्र भूपेंद्र शाम लगभग 4:00 बजे गांव के सामने से निकली हैदर गढ़ अवसान ईश्वर मार्ग पर गया था जहां पर पत्थर चला कर वह आम तोड़ रहा था कि तभी एक पत्थर वहां से गुजर रही वैगनआर कार पर जा पड़ा जिससे कार का शीशा टूट गया।

तीन मकानों में चोरों ने हजारों के गहने नकदी उड़ाई

सिद्धौर बाराबंकी। असंद्रा थाना क्षेत्र में चोरों की धमाचौकड़ी जारी है। बीती रात तीन मकानों में घुसकर चोर हजारों की नगदी समेत सोने चांदी के कीमती जेवरात उठा ले गए। असंद्रा थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बीती रात थाना क्षेत्र के जिया का पुरवा मजरे कादिरपुर निवासी विजय कुमार के मकान में पीछे का दरवाजा खोलकर चोर अंदर दाखिल हो गए। अंदर घुसकर चोर आलमारी में रखी पांच हजार की नगदी सोने की झुमकी , पायल और पायजेब समेत कीमती सामान उठा ले गए। घटना के समय गृहस्वामी परिवार के साथ गहरी नींद में सोया था। इसी रात गांव के ही बुद्धू के घर की दीवार फांदकर चोर अंदर दाखिल हो गए। अंदर रखे बक्से का ताला तोड़कर चोर हजारों की नगदी सोने का मंगलसूत्र दसबंद हंसुली और पायल आदि कीमती सामान बटोर ले गए। चोरी का सिलसिला यहीं थमा नहीं बल्कि चोरों ने बहोरी का पुरवा गांव के रामबहादुर के मकान को अपना अगला निशाना बनाया।

संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध का शव खेत से बरामद

मसौली बाराबंकी। तीन दिन पूर्व बिना बताये घर से निकले 65 वर्षीय वृद्ध का शव ग्राम सोहराबाद मजरे पल्हरी के निकट एक खेत मे पड़ा मिला। मृतक मानसिक रूप से बीमार था जो अक्सर बिना बताये घर से निकल जाता था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सोहराबाद मजरे पल्हरी में रविवार की दोपहर खेत की ओर गये ग्रामीणों ने देखा कि राम नरेश रावत के खेत में एक शव क्षत विक्षत पड़ा हुआ है सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेते हुए आसपास के लोगों से शिनाख्त के प्रयास के शुरु किये तभी कई दिनों से लापता पिता की खोज मे निकले सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कुड़ी निवासी राम विलास गौतम ने शव की पहचान अपने पिता नवमीलाल गौतम पुत्र भभूति के रुप की।

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के नेतृत्व में दर्जनों ने ग्रहण की कांग्रेस की सदस्यता

सोनभद्र। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी के नेतृत्व में रविवार को देर शाम नगर पालिका परिषद राबर्ट्सगंज के वार्ड संख्या 12 और 21के दर्जनों लोगों ने कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को नगर पालिका परिषद क्षेत्र के लोगों ने शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी की अध्यक्षता में वार्ड की बैठक आयोजित की गई।

लोकतंत्र के लिए काला दिवस था आपातकाल: जितेन्द्र सिंह सेंगर

- भाजपा कार्यालय में आपातकाल काला दिवस के रुप में मनाया गया

महोबा। समृद्धि न्यूज

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में ÷भारतीय लोकतंत्र और राजनीति के सबसे दुखद और काले अध्याय को आपातकाल काला दिवस के रुप में मनाया गया,बात उस समय की थी जब तत्कालीन सरकार ने 25 जून सन 1975 मे आपातकाल घोषित किया था और किस प्रकार से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों और आम जनता के ऊपर अत्याचार किया गया था,उनको पकड़कर जेल में डाल दिया गया था किस तरह उन्हें अमानवीय प्रताड़ना दी गई थी ऐसे लोकतंत्र सेनानियों को उनके संघर्ष के लिए सम्मानित किया गया, भाजपा कार्यालय महोबा में आपातकाल(काला दिवस) पर गोष्ठी को संबोधित कर, लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया,अनेक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए , जिला प्रभारी रामनरेश तिवारी ने कहा कि 48 वर्ष पूर्व कांग्रेस नेता तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के रायबरेली चुनाव में सरकारी मशीनरी व सत्ता का दुरुपयोग कर तमाम चुनावी अनियमितताओं के कारण इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा सदस्यता रद्द करने व 6 साल चुनाव न लड़ने के आदेश से बौखला कर प्रधानमंत्री पद पर बने रहने के लिए लोकतंत्र का गला घोटते हुए आपातकाल लागू कर सभी विपक्षी नेताओं और लाखों लोगों को जेल में डाल एवं प्रेस की आजादी को समाप्त कर उस पर प्रतिबंध लगाया व न्यापालिका की शक्तियों को निलंबित कर दिया था,जिला अध्यक्ष/एमएलसी श्री जितेन्द्र सिंह सेंगर ने कहा कि 25जून1975 के दिन लोकतंत्र का काला अध्याय लिखा गया था जिसके कारण पूरा देश सिहर उठा था आम आदमी के मानव अधिकार छीन कर लोगो को जबरन जेल में ठूंस दिया था देश में भय का माहौल बनाने के लिए यह कुत्सित प्रयास था देश के उन तमाम नेताओ को विना किसी कारण के जेल में दाल दिया था

लोकतन्त्र सेनानियों ने अपनी आपबीती सुनाई, तत्कालीन सरकार के इस कृत्य को सुनकर रूह कांप जाती है,लोकतन्त्र सेनानी पदम सिंह, हरीश पुरवार, मनोज चोबे की माता जी, ओम प्रकाश नामदेव ,परमानंद सहित सभी को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से सदस्य विधान परिषद एवं जिला अध्यक्ष भाजपा जीतेंद्र सिंह सेंगर जिला प्रभारी रामनरेश तिवारी ,कोऑपरेटिव बैंक हमीरपुर महोबा के चेयरमैन चक्रपाणि त्रिपाठी ,जिला पंचायत अध्यक्ष महोबा जयप्रकाश अनुरागी , नगर पालिका परिषद महोबा से चेयरमैन संतोष चौरसिया,कार्यक्रम संयोजक अवधेश गुप्ता सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एवं सम्मानित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री भाजपा ओम नारायण तिवारी द्वारा किया गया

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत शक्ति दीदी के द्वारा महिलाओं को किया गया जागरूक

महोबा। समृद्धि न्यूज

महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा हेतु उ.प्र. शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से महिलाओं को अवगत कराए जाने एवं अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति जागरुकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा एवं जागरूकता के दृष्टिगत चलाए जा रहे ÷मिशन शक्ति अभियान÷ के अंतर्गत जनपद के थानों में नियुक्त महिला बीट पुलिस अधिकारी (शक्ति दीदी) द्वारा सम्बन्धित बीट क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने के उद्देश्य से चौपाल लगाकर शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे-शक्ति मोबाइल, महिला हेल्पडेस्क, महिला साइबर सेल, मातृत्व को सम्बल, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मातृ वंदना योजना आदि के साथ-साथ महिला अपराध से सम्बन्धित धाराओ एवं उनकी प्रक्रिया, विभिन्न हेल्पलाइन नं. (112, 1090, 181, 108, 1076,1098) इत्यादि की जानकारी से जागरुक किया जा रहा है साथ ही साथ क्षेत्र की सम्भ्रांत महिलाओं, आशा बहुओं, ए0एन0एम0, शिक्षामित्र, आंगनवाड़ी कार्यकत्री का व्हाट्सअप ग्रुप बनाकर उनसे निरंतर संवाद बनाये रखते हुये क्षेत्र की पीडित महिलाओं/बालिकाओं की समस्याओं का शतप्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है ।

खबरें एक नजर में

पुलिस ने महिला सुरक्षा को लेकर बालिकाओं छात्राओं को जागरूक किया

इटावा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा व जागरूकता हेतु चलाए जा रहे महिला सुरक्षा विशेष अभियान के क्रम मे विभिन्न थानो पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं को महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश महोदय के द्वारा बालिकाओं, महिलाओं की सुरक्षा व उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कल्याणकारी व सुरक्षा योजनाओं के जागरूकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक संजय कुमार सिंह के निर्देशन में महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड व थाने पर नियुक्त महिला आरक्षी द्वारा थाना क्षेत्र के बीट, गांव स्कूल, कॉलेज में बालिकाओं, महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया जा रहा है। जनपद के विभिन्न थानों की एंटी रोमियो टीम व थाने में महिला आरक्षी द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के स्कूलों, कॉलेज, भीड-भाड़ वाले स्थानों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महत्वपूर्ण कल्याणकारी व सुरक्षा योजनाओं मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन अभियान के तहत प्रदेश शासन की कल्याणकारी योजनाओ मुख्यमंत्री सुमंगला योजना ,निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैकिंग कॉरस्पोडेंट सखी, मुख्यमत्री सामुहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व राष्ट्रीय पोषण मिशन के संबंध मे बारे में जानकारी देकर इन योजनाओ का लाभ लेनें हेतु प्रोत्साहित किया।

पालकी पर निकले युगल सरकार, स्वागत में बुंदियां पड़ने लगीं

इटावा। अखिल भारतीय श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल इटावा शाखा के तत्वावधान में प्रत्येक माह निकाली जाने वाली नगर संकीर्तन यात्रा रविवार को प्रातःकाल खतराना टोला स्थित शिव मंदिर से निकाली गई। जैसे ही भक्त श्रद्धालुओं ने भगवान युगल सरकार की पालकी को कांधे पर रख हरिनाम संकीर्तन की गूंज लगाई, बादलों ने भी बूंदों की वर्षा से यात्रा का स्वागत किया। इससे पूर्व प्रातः सात बजे सभी भक्त श्रद्धालु उक्त शिव मंदिर पर पहुंचे जहां मंडल शाखा के अध्यक्ष राकेश चंद्र पाठक एवं विष्णु कांत मिश्रा ÷गांधी÷ ने सभी का स्वागत किया। इसके बाद श्री राधा माधव युगल सरकार की पालकी को कांधे पर रख श्रद्धालुओं ने हरिनाम संकीर्तन करते हुए यात्रा आरंभ की, जो करन पुरा , छैराहा क्षेत्र की गलियों से भ्रमण करती हुई पुनः शिव मंदिर पर पहुंची। इस बीच मार्ग में अनेक स्थानों पर भक्त श्रद्धालुओं ने जमकर पुष्प वर्षा की तथा युगल सरकार की आरती कर प्रसाद बांटा। इस दौरान बादलों ने भी रिमझिम बारिश की फुहारों से यात्रा का स्वागत किया और भक्तों ने भी भीगते हुए हरिनाम के जयकारे लगाए। यात्रा के विश्राम पर शिव मंदिर पर सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।यात्रा को सफल बनाने में संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष राकेश चंद्र पाठक, सचिव विष्णु नारायण शोरावाल, कोषाध्यक्ष राम मनोहर दीक्षित, राजेश वाजपेई, राम कुमार दुबे, अरविंद पोरवाल, राजेंद्र सिंह, अमित दुबे सिबलू, कमल किशोर वाजपेई, अनंत अग्रवाल, नरेंद्र वर्मा, राजीव अवस्थी, ओपी गौर, राम प्रकाश पांडेय, मनीषा शुक्ला, जीत दुबे का विशेष सहयोग रहा।

बकरीद की नमाज 29 जून को ईदगाह परिसर में ही होगी - मौलाना कमालुद्दीन

इटावा। ईदगाह के पेश इमाम मौलाना कमालुद्दीन अशरफी ने बताया है कि राज सरकार के दिशा निर्देशों के अनुपालन एवं जिला प्रशासन के आह्वान पर शहर ईदगाह कमेटी अहले सुन्नत वल जमात में ईद उल अजहा बकरीद की नमाज आगामी 29 जून को प्रातः 7 ईदगाह परिसर के अंदर पढ़ी जाएगी सड़क पर नमाज न पढ़ने की गाइडलाइन का पालन करने के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन के साथ ईदगाह कमेटी अपने वालियन्टर भी तैनात करेगी। उन्होंने इस संबंध में ईदगाह कमेटी ने भी शहर की अमन पसंद जनता से अपील करते हुए कहा कि सड़क पर नमाज पढ़ने के संबंध में सरकार की गाइडलाइन का पालन कर हम अपनी गंगा जमुनी तहजीब को और अधिक समृद्धि करेंगे इसके लिए कमेटी ने शहर भर में पंपलेट वितरित किए गए हैं साथ ही जुमा की नमाज में शहर की सभी मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज के लिए राज सरकार व जिला प्रशासन द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के बारे में जानकारी दे दी गई है। पेश इमाम मौलाना कमालुद्दीन अशरफी एवं ईदगाह कमेटी ने मुस्लिम समाज से अपील करते हुए कहा है कि ईद उल अजहा की नमाज हर हाल में ईदगाह परिसर के अंदर ही पढ़ी जाएगी। ईदगाह कमेटी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति सड़क पर नमाज पढ़ता है तो वह किसी भी प्रकार की प्रशासनिक कार्यवाही के लिए खुद जिम्मेदार होगा।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की शहर कार्यकारिणी गठित

इटावा। शहर के एक होटल में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नवनियुक्त शहर अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा नें जिला कमेटी के अध्यक्ष आलोक दीक्षित व कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी सहित जिला कमेटी के पदाधिकारियों की उपस्थिति में शहर कमेटी का विस्तार किया। शहर अध्यक्ष नें बताया कि लगभग हर ट्रेड के व्यापारियों को संगठन से जोड़ा गया है, सब मिल कर व्यापारियों के हितों के लिए संघर्ष करेंगे। कमेटी में अवनीश वर्मा को शहर महामंत्री, गौस मुहम्मद को कोषाध्यक्ष, धर्मेंद्र सिंह चौहान को उपाध्यक्ष, गौरव मिश्रा उपाध्यक्ष, नीरज गुप्ता उपाध्यक्ष, आशीष भदौरिया उपाध्यक्ष, प्रतीक गुप्ता उपाध्यक्ष, शहनवाज अंसारी उपाध्यक्ष, योगेश पांडे को लाइन पार अध्यक्ष,अमित त्रिवेदी को शहर सचिव, अकिंत जैन शहर सचिव, पवन अग्रवाल शहर सचिव, धर्मेंद्र यादव संगठन मंत्री ,फराज खान शहर सचिव, दिलीप कुशवाहा संगठन मंत्री, रवी कुशवाहा संगठन मंत्री, अंकित जैन संगठन मंत्री, आनंद वर्मा संगठन मंत्री बनाया गया। जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का मुकुट और मालाएं पहनाकर जोशीला स्वागत किया। इस अवसर पर जिला मंहामंत्री रिषी पोरवाल, भारतेन्द्र भारद्वाज, हाजी शेख आफताब, हाजी गुड्डू मंसूरी, बीके यादव, सीमा श्रीवास्तव, निशा सक्सेना, सोनी यादव आदि उपस्थित रहे।

जब तक बुंदेलखंड में एम्स नहीं,न जूते चप्पल पहनेंगे और न अन्न ग्रहण करेंगे: तारा पाटकर

महोबा। समृद्धि न्यूज

बुंदेलखंड में एम्स खोलने की मांग को लेकर जूते चप्पल त्याग कर पिछले आठ वर्षों से नंगे पैर चल रहे बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने अब एम्स के लिए अन्न भी त्याग दिया है एवं घोषणा की है कि जब तक बुंदेलखंड में एम्स नहीं बनेगा, वे न तो जूते चप्पल पहनेंगे और न ही अन्न ग्रहण करेंगे। उन्होंने बताया कि महोबा समेत पूरे बुंदेलखंड की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं के खिलाफ वह पिछले आठ वर्षों से लगातार संघर्ष कर रहे हैं। सबसे पहले हम लोगों ने 8 मार्च, 2015 से प्रधानमंत्री के नाम पोस्टकार्ड भेजो अभियान शुरू किया एवं एक लाख से अधिक खत प्रधानमंत्री कार्यालय भिजवाए। बुंदेली बहनों ने हजारों राखियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजी। एक सितंबर, 2015 से जूते चप्पल त्याग कर मैंने नंगे पैर चलने का संकल्प लिया। आल्हा चौक पर 259 दिन तक अनशन किया। सांसद पुष्पेन्द्रसिंह चंदेल ने लोकसभा में एम्स का मुद्दा भी उठाया लेकिन हर जिले में मेडिकल कालेज खोलने का झुनझुना पकड़ा कर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। महोबा, हमीरपुर व चित्रकूट के मेडिकल कालेज अधर में लटक गए।

तारा पाटकर ने बताया कि बुंदेलखंड में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित एम्स की मांग सबसे पुरानी है। सबसे पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने इस मुद्दे को उठाया। तत्कालीन सांसद विजय बहादुर सिंह ने महोबा में एम्स के लिए मुफ्त जमीन देने की घोषणा की। फिर अखिलेश सरकार ने भी इसका समर्थन किया। विधानसभा चुनाव 2017 के दौरान भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में यूपी में 6 एम्स व 25 मेडिकल कालेज खोलने का वादा किया लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिर्फ अपने क्षेत्र गोरखपुर में एक एम्स खुलवाया। जबकि बुंदेलखंड को एम्स जैसे चिकित्सा संस्थान की सबसे ज्यादा जरूरत थी। झांसी, बांदा और जालौन मेडिकल कालेज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे हैं। जिला अस्पताल रिफर सेंटर बनकर रह गए हैं।

टीम ने छापेमारी कर बाल श्रम करते दो बच्चों का रेस्क्यू किया

इटावा। भरतिया कोठी व ऊसराहार कस्बे के बाजार में बाल संरक्षण टीम ने छापेमारी कर बाल श्रम करते हुए दो बच्चों को रेस्क्यू किया जिनको न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली के अनुपालन में गठित हुई टीम के अंतर्गत नायब तहसीलदार ताखा सूरज प्रताप सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता, मानव तस्करी रोधी इकाई के प्रभारी विष्णु कांत तिवारी, केस वर्कर खुशबू शाक्य, उप निरीक्षक मानव तस्कर रोधी इकाई से सुनील कुमार व जयपाल सिंह तथा थाना उसराहार के एसआई जगराम सिंह, ब्रजनंदन व कांस्टेबल दीपचंद, महिला कांस्टेबल प्रीति ने संयुक्त रूप से भरतिया कोठी उसराहार कस्बे के बाजार में निजी प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। श्री गुप्ता ने बताया कि एक इस दौरान दो बच्चों को बालश्रम करते हुए रेस्क्यू किया गया है।

नशामुक्ति रैली के माध्यम से आमजन को किया गया जागरुक

कुलपहाड़ महोबा। समृद्धि न्यूज

पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस% के अवसर पर %सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय% द्वारा नशा मुक?ति? हेतु चलाये जा रहे नशा मुक्त भारत पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न प्रकार की रैलियों, सेमिनारों, कार्यशालाओं, ई-शपथ आदि विभिन्न कार्यक्रमों का निरन्तर आयोजन व प्रचार-प्रसार किया जा रहा है । इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें थाना पर उपस्थित पुलिसकर्मियों को नशीले पदार्थों का सेवन न करने के साथ-साथ समाज के दूसरे लोगों को भी नशाखोरी से बचाने आदि का संकल्प लेते हुये शपथ दिलायी गयी । तत्पश्चात क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्रान्तर्गत कस्बा एवं मुख्य बाजारों में बैनर-पोस्टर के साथ नशा मुक्ति रैली निकाली गयी जिसमें नारों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों से आम लोगों को जागरुक करने का काम किया गया ।

आपातकाल भारतीय राजनीति का काला अध्याय: जंजाली

चकरनगर(समृद्धि न्यूज)। चम्बल घाटी समग्र विकास आन्दोलन के प्रमुख आन्दोलनकारी अभिलाख सिंह जंजाली ने आज कहा कि 25 जून 1975 को की गयी आपातकाल की घोषणा भारतीय राजनीति का काला अध्याय है। उन्होंने आगे कहा कि इस दिन सम्पूर्ण क्रांति के प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण सहित उनके तमाम अनुआयियों को इंदिरा सरकार ने मीसा के तहत जेलों में ठूस दिया था। आपातकाल लागू हो जाने के बाद इंदिरा गांधी लगातार दमन चक्र चलाती रही। लोक नायक जय प्रकाश नारायण ,राजनारायण, शरद यादव, जार्ज फर्नांडिस, रामकृष्ण हेगडे, अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी,लालू प्रसाद यादव, रामविलास पासवान, मुलायम सिंह यादव,नीतिश कुमार सरीखे नेताओं को देश की विभिन्न जेलों में डाल दिया गया।उन्होंने आपात काल की घटना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति, जगमोहन लाल सिन्हा के फैसले के बाद से ही राजनीतिक घटनाक्रम इतनी तेजी से बदले कि मात्र 13 दिन बाद हिन्दुस्तान में आपातकाल लागू कर दिया गया।इंदिरा गांधी ने नैतिकता के आधार पर त्यागपत्र देने के बजाय इस देश के लोकतंत्र का गला घोटना ज्यादा बेहतर समझा।अपने कानूनी सलाहकारों से चर्चा के बाद उन्होंने 25 जून 1975 को आपातकाल लागू कर दिया था। आपातकाल का बीजारोपण एक मुकदमे की सुनवाई से हुआ था।वर्ष 1971 में रायबरेली लोकसभा सीट पर राज नारायण इंदिरा गांधी के खिलाफ चुनाव लड़े थे। इंदिरा गांधी से चुनाव हारने के बाद राज नारायण ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी कि इंदिरा गांधी ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करके चुनाव को जीता है। इनका चुनाव रद्द किया जाना चाहिए। इलाहाबाद हाईकोर्ट में इस मुकदमे की सुनवाई जस्टिस जगमोहन लाल सिन्हा ने की थी। जस्टिस सिन्हा ने 12 जून 1975 को याचिका को स्वीकार कर लिया और इंदिरा गांधी का चुनाव रद्द कर दिया था।

समर कैम्प में बच्चों की प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

इटावा। समृद्धि न्यूज

जाइंट्स ग्रुप ऑफ़ नवोदिता ने एक समर कैंप का आयोजन किया, जिसमें बच्चों की विभिन्न स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। कला प्रतियोगिता में जूनियर्स में रूपल प्रथम , आरोही पोरवाल द्वितीय, देवाय पोरवाल तृतीय प्रीशा यादव चौथे स्थान पर रही।

हस्तकला में शुभ पोरवाल प्रथम, पायस्वनी द्विवेदी द्वितीय , जाह्नवी तृतीय स्थान पर रहे ई नृत्य कला में वर्तिका अवस्थी प्रथम ,पायस्वनी द्वितीय तथा अनामिका तीसरे स्थान पर रही। गायन में परिधि विश्वास प्रथम, अहाना अवस्थी द्वितीय , रुद्रांश पांडेय तृतीय स्थान पर रहे , प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान के बाद भी जिन बच्चों का अच्छा कार्य था उन बच्चों को बधाई पुरस्कार के रूप में अवार्ड दिया गया जिनमें हर वर्ग में बच्चों को अतिरिक्त उपहार मिले, उपहार पाकर बच्चे बहुत खुश थे, बच्चों ने पूरे उत्साह एवं लगन के साथ अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया इस अवसर पर फेडरेशन अध्यक्ष ऊषा यादव, यूनिट डायरेक्टर आशा अवस्थी , एक्टिविटी इंचार्ज पारोमिता विश्वास, अध्यक्ष साधना शर्मा, डी ओ एफ विनीता टंडन, डीओए दीप्ति अवस्थी, वीना शर्मा डायरेक्टर, छवि गुप्ता उपाध्यक्ष, शालिनी गुप्ता, नेहा पोरवाल, रुचि गुप्ता, पारुल पोरवाल , प्रतिष्ठा विश्वास तथा अन्य सदस्य मंदिर प्रांगढ़ के लोग भी उपस्थित थे। फेडरेशन अध्यक्ष ऊषा यादव ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा कर उनका उत्साहवर्धन किया और सभी बच्चों को उनके अवार्ड वितरित किए गए। अंत में राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई यह प्रतियोगिता मनकामेश्वरी मंदिर प्रेम नगर में संपन्न हुई ढ्ढ इस प्रतियोगिता को कराने में पारोमिता विश्वास का अन्यतम योगदान रहा अध्यक्षा साधना शर्मा ने उनका आभार व्यक्त किया और सभी को इस सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद किया।

ब्यूटी अवार्ड शो कार्यक्रम में बॉलीवुड एक्टर मंदाकिनी का हुआ स्वागत

इटावा। शहर की सुप्रसिद्ध और महिलाओं के दिलो दिमाग में अपनी अलग पहचान रखने वाले लवली ब्यूटी पार्लर पर पहुंची चीफ गेस्ट अपने जमाने की मशहूर बॉलीवुड एक्टर मंदाकिनी का ब्यूटी पार्लर की डायरेक्टर लवली जैन ने बुके देकर तहे दिल से स्वागत किया। बॉलीवुड एक्टर मंदाकिनी का एक विशेष मेकअप भी लवली जैन द्वारा किया गया।श्री पारसनाथ जैन शिक्षा संस्थान द्वारा मंदाकिनी के हाथों से गरीब बच्चों को टी-शर्ट भी वितरित की गई है। बॉलीवुड एक्टर मंदाकिनी ने खास बातचीत में बताया कि इटावा में पहली बार आई हूं और इस ब्यूटी पार्लर के इंतजामात और सुविधाओं को देखते हुए बड़े-बड़े शहरों के ब्यूटी पार्लरों की याद ताजा हो गई। मैं इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं। माया मैरिज होम में ब्यूटी अवार्ड शो कार्यक्रम में मंदाकिनी के हाथो लवली जैन को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। लवली ब्यूटी पार्लर की संचालक ने बताया कि बॉलीवुड एक्टर मंदाकिनी मेरे पार्लर में पहली बार आई है और मुझे बहुत अच्छा लगा सभी लोग एक बार आकर सेवा का मौका दे।

भाजपा ने आपातकाल की 48वीं बरसी को काला दिवस के रूप में मनाया

इटावा। समृद्धि न्यूज

भाजपा पूरे देश में युवा पीढ़ी को संदेश देने के लिए प्रत्येक जनपद में कांग्रेस द्वारा राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति के लिए 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल की 48वीं बरसी को विरोध स्वरूप %काला दिवस के रूप में मना रही है।

इसी के अंतर्गत आज सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस में बीजेपी जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम संयोजक जिला मंत्री राहुल राजपूत के संयोजन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए संगठनात्मक जनपद प्रभारी सत्यपाल सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक का 21 महीने की अवधि का देश में आपातकाल घोषित किया था। तत्कालीन राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की अनुच्छेद 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा की थी। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे विवादास्पद और अलोकतांत्रिक काल था। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा आज से 48 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने एक ऐसा फैसला किया, जिसने लोकतंत्र की नींव को हिलाकर रख दिया था। उन्होंने संविधान की धारा 352 के तहत देश में आपातकाल की घोषणा कर दी थी। लोगों के मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए। सभी प्रमुख विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। बिना सरकार की अनुमति के खबर छापने पर रोक लगा दी गई थी। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा आज का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास के लिए किसी काले प-?ने से कम नहीं है। इस दिन को यादकर हर भारतीय का सर शर्म से झुक जाता है। आपातकाल के ऐलान के साथ ही नागरिकों के मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए थे। अभिव्यक्ति का अधिकार ही नहीं, लोगों के पास जीवन का अधिकार भी नहीं रह गया था। संगोष्ठी का संचालन जिला मंत्री राहुल राजपूत ने किया। संगोष्ठी में प्रमुख रूप से निवर्तमान जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, पूर्व प्रत्याशी सिद्धार्थ शंकर दोहरे, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, प्रशांत राव चौबे, विकास भदौरिया, जिला उपाध्यक्ष देवप्रताप भदौरिया, जिला मंत्री डॉ ज्योति वर्मा, जितेंद्र गौड़, चक्रेश जैन, कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, मुकेश यादव, चकरनगर ब्लॉक प्रमुख राकेश, महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मुनेश बघेल, राज्यवर्धन भदौरिया रवि प्रकाश धनगर, शिवम राजपूत सहित बीजेपी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

जहरीले सांप को लेकर इलाज़ कराने अस्पताल पहुंचे परिजन

महोबा। समृद्धि न्यूज

महोबा में कबरई थाना क्षेत्र के ग्योड़ी गांव में घर में सो रहे युवक को जहरीले साँप ने काट लिया सांप के काटते ही युवक अचेत हो गया । युवक की हालत लगातार बिगड़ते ही परिजन सर्प को अपने साथ लेकर जिला अस्पताल जा पहुंचे । जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में परिजनों के हाथ में सांप को देखकर डॉक्टर हैरत में पड़ गए हैं। कबरई के ग्योड़ी गांव में रहने वाले अमर सिंह ने बताया कि उसका बेटा और परिवार के अन्य सदस्य मकान में सो रहे थे तभी अचानक मेरे बच्चे को जहरीले नाग ने काट लिया था उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन बेहद परेशान हो गए थे। जिसके चलते हम लोग सर्प को मारकर पॉलिथीन में डालकर उसे मरीज के साथ जिला अस्पताल ले आए हैं। सर्पदंश से अचेत बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना किसी विशेष समुदाय वर्ग की नहीं, अपितु सभी वर्गों के गरीब लाभार्थियों की है: सुब्रत पाठक

- सांसद सुब्रत पाठक एवं जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने वर-वधुओं को दिया शुभाशीष
- पीएसएम डिग्री कॉलेज में आयोजित हुआ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह
- हिंदू रीति रिवाज एवं वैदिक मंत्रोचार के बीच 93 जोड़ो का विवाह हुआ संपन्न, पांच मुस्लिम समुदाय के जोड़ों का मुस्लिम रीति रिवाज के साथ हुआ निकाह

कार्यक्रम में मौजूद सभी जोडे व उनका स्वागत करते सांसद सुब्रत पाठक — समृद्धि न्यूज

कन्नौज, समृद्धि न्यूज

रविवार को जिला मुख्यालय के जीटी रोड स्थित पीएसएम डिग्री कॉलेज परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में 98 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, इनमें 5 जोड़े मुस्लिम समुदाय के रहे। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सांसद सुब्रत पाठक एवं जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हृदय से धन्यवाद देता हूँ कि अपने प्रदेश के तमाम आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों की शादी धूमधाम से करवा रहे हैं। पात्रता के आधार पर चिन्हित किए गए हिन्दू एवं मुस्लिम जोड़ों का विवाह विधि विधान, रीति रिवाज के अनुरूप एक ही मंडप में संपन्न कराया गया है। सांसद ने कहा कि पहले गरीब परिवार के लोग धन का अभाव होने के कारण अपनी पुत्री की शादी करने हेतु अत्यंत चिंतित रहते थे। गरीबी के कारण अपने घर की सम्पति गिरवी रखकर जैसे-तैसे पुत्री का विवाह कर पाते थे, किन्तु अब देश की मोदी एवं प्रदेश की योगी सरकार ने ऐसे गरीब परिवार की बेटियों का शादी कराने का बीड़ा उठाया है, जो अत्यंत सराहनीय कार्य है। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह के मांगलिक क्षणों में पधारे हुये सभी वर-वधुओं को आर्शीवाद एवं शुभकामनाऐं देते हुये कहा कि इस कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में समाज कल्याण विभाग ने अग्रणी भूमिका निभाई। कहा कि असंख्य लोगों का विवाह इस तरह से सम्पन्न हुआ है और यह क्रम आगे भी चलता रहेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आरएन सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गरिमा सिंह, खण्ड विकास अधिकारी कन्नौज, जलालाबाद, गुगरापुर जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ ही वर-वधू के साथ परिवारीजन मौजूद रहे। -:इनसेट-मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में एक जोड़े पर खर्च होते हैं 51 हजार रुपए कन्नौज।

जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत कुल रुपये 51 हजार की धनराशि व्यय की जाती है, जिसमें 35 हजार रूपये कन्या के खाते में एवं 10 हजार रुपये की विवाह संस्कार सामग्री वर-वधू हेतु वस्त्र, आभूषण क्रमशः चांदी की पायल, बिछिया, सोने की नथ, डिनर सेट, बैग, टेबल फैन, गद्दे, बेड सीट एवं लड़के का पैन्ट सेट आदि प्रदान किये जाते है। शेष धनराशि 6 हजार रुपए प्रति जोड़ा विवाह समारोह में व्यय किये जाते है। बताया कि आज हुए सामूहिक विवाह में कुल 98 जोड़ों का विवाह हुआ, जिसमें लगभग 49 लाख 98 हजार रुपये व्यय किया गया।:-इनसेटः-पात्रता के आधार पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का ले सकते हैं लाभ कन्नौज। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की पात्रता निम्नवत है। आवेदक उत्तर प्रदेश का निवासी हो, आवेदक की वार्षिक आय 2 लाख रुपये से कम हो। वर की आयु 21 वर्ष एवं वधु की आयु 18 वर्ष से अधिक हो। विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांग आवेदक की पुत्री एवं विधवा विवाह को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह हेतु कन्या व वर पक्ष दोनों सहमत हो।

दूसरे दिन घर लौटा लापता किशोर

गुरसहायगंज, कन्नौज। घर से बाजार गया किशोर घर नही लौट तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर खोजवीन शुरू कर दी थी। परिजनों ने पुत्र के लौटने की सूचना पुलिस को दी।

नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी लालू अली ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसका 13 वर्षीय पुत्र शाहिद अली बीती 24 जून को घर से बाजार जाने की बात कह कर गया था। देर रात तक घर नहीं लौटा तो उसने सूचना कोतवाली पुलिस को दी। इस पर कोतवाली पुलिस ने लापता किशोर की तलाश शुरू कर दी। रविवार की देर शाम पुत्र के घर लौट आने पर परिजनों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। बताया कि उसका पुत्र बिना बताए दोस्तों के साथ चला गया था। जो अब सकुशल घर लौट आया है।

खबरें चलते-चलते

पुलिस ने जेबकतरे को दबोच,भेजा जेल

गुरसहायगंज, कन्नौज। अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए गत कर रही कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पश्चिमी बाईपास से जेब कतरे को उस समय दबोच लिया जब वह किसी घटना को अंजाम देने जा रहा था पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेजने की कार्रवाई की है। रविवार की सुबह करीब 9.30 बजे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गुरसहायगंज पश्चिमी बाईपास से एक जेब कतरे को दबोच लिया। पुलिस गिरफ्त में उसने अपना नाम अजय पुत्र विनोद निवासी हमीरपुर मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद बताया है। पुलिस ने उसके पास से नगदी भी बरामद की है।

महिला को मारपीट कर किया घायल

गुरसहायगंज, कन्नौज। किसी बात को लेकर मोहल्ले के लोगों ने महिला से अभद्रता की और मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। समधन के मोहल्ला सिकंदर नगर निवासी तबस्सुम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि मोहल्ले के इकलाक और उसकी पुत्री अरसी व पत्नी शबाना बेगम ने किसी बात को लेकर अभद्रता की। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रेस्टोरेंट कर्मी की संदिग्ध हालातों में मौत

परिजनों ने लगाय हत्या का आरोप

कन्नौज। शहर क्षेत्र के अंतर्गत एक निजी रेस्टोरेंट कर्मी की संदिग्ध हालातों में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतक के शव को विच्छेदन के लिए चीरघर भेज दिया है। घटना की छानबीन शुरू कर दी गई है। दरअसल पूरा मामला सरायमीरा स्थित पायनियर रेस्टोरेंट का है। यहां कार्यरत सत्यम शुक्ला उर्फ सौरभ निवासी कुतलूपुर मकरंद नगर की शनिवार कि देरशाम संदिग्ध हालातों में मौत हो गई। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई शिवेंद्र शुक्ला पुत्र दुर्गेश शुक्ला ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी और मृतक के शव को विच्छेदन के लिए भेज दिया है। शिवेंद्र ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से पैनल द्वारा मृतक का पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की है।

अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर, मौत

कन्नौज। सरायमीरा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत पाल चौराहा के निकट शनिवार की देर रात अज्ञात वाहन ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए विच्छेदन के लिए चीरघर भेज दिया है। मृतक विवाह समारोह में सम्मिलित होने के लिए गेस्ट हाउस में आया था। जानकारी के मुताबिक सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव आसकरन पुरवा निवासी 54 वर्षीय रामदास पुत्र जानकी प्रसाद शनिवार को विवाह समारोह में शामिल होने के लिए पाल चौराहा स्थित एक गेस्ट हाउस में आया था। जहां से वह देर रात पैदल अपने घर लौट रहा था। इस दौरान उधर से तेज गति में गुजर रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रामदास उछलकर दूर जा गिरा और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख वहां मौजूद लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने उसे आनन-फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान रामदास ने दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

भाजपाइयों ने सीएम से मिल तय की विकास कार्यों की रूपरेखा

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

नगर की समस्याओं के समाधान के लिए चेयरमैन मुन्नी देवी गुप्ता के सुपुत्र व प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, विधायक अर्चना पांडेय, जिला अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत एवं नगर अध्यक्ष अनुराग गुप्ता के साथ लखनऊ पहुंचे। जहां उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट किया और नगर की समस्याओं से भी अवगत कराया।

जिस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समस्याओं के निस्तारण सहित विकास कार्यों को कराए जाने का भरोसा दिलाया और बजट की कोई कमी ना होने देने की बात कही। नगर के रेलवे रोड स्थित अपने आवास पर चेयरमैन प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने बताया कि भाजपा सरकार में ऐतिहासिक विकास कार्य कराए जा रहे हैं पात्रों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है सरकार सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर कार्य कर सब को सम्मान दे रही है। इस दौरान संजीव गुप्ता (संजू भइया), अमन कठेरिया, मोनू गुप्ता, टीपू गुप्ता, विमलेश कुमार, अजय दीक्षित, हीरो गुप्ता, रमन कठेरिया सहित तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

सीएम को प्रतीक चिंह भेंट करते भाजपा नेताऊ — समृद्धि न्यूज

जलभराव से परेशान ग्रामीण

सड़क किनारे नाली निर्माण न होने से जलभराव

समधन, समृद्धि न्यूज

सड़क किनारे नाली का निर्माण न होने से घरों से निकलने वाले पानी से जलभराव की स्थिति बनने से ग्रामीण परेशान है। मलिकपुर के मजरा दहिरापुर में सड़क किनारे नाली का निर्माण न होने से घरों से निकलने वाला गन्दे पानी का जलभराव होने से स्थानीय ग्रामीण दरवेश कुमार धीरेन्द्र सिंह जवर सिंह प्रबल प्रताप सिंह छोटे आदि ने संक्रामक बीमारियां फैलने की आंशका जताते हुऐ कहा कि रामाश्रम से गंगागंज गुरौली जाने वाले मार्ग के ऊंचाई से बना देने और नाली का निर्माण किनारे न करने से यह जटिल समस्या खड़ी हो गई।

लोहिया नगर व संतोखा में फ्रीजर लगवाए जाने की उठी मांग

समधन, समृद्धि न्यूज

धीरे धीरे नगर में विकास कार्य शुरू होने लगा भीषण गर्मी के चलते आम जनता को राहत पहुंचाने के लिए नय फ्रीजर लगने लगें हैं। नगर पंचायत समधन चेयरमैन आसमा बेगम व अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह संयोग से भीषण गर्मी के चलते समधन नगर में लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए नगर की मुख्य सड़क किनारे टाउन द्वारा लोगों को ठंडा पानी पीने के लिए नए फ्रीजर लगाए जा रहे हैं। नगर के वार्ड लोहिया नगर के सभासद शिवा यादव ने चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी से मांग करते हुए कहा कि हमारे वार्ड का आंशिक भाग रिहुआ में भी फ्रीजर लगवाए जाने की मांग की है। इसी तरह नगर के वार्ड नेहरू नगर के सभासद प्रतिनिधि बब्लू यादव ने अपने वार्ड के आंशिक भाग संतोखा में भी फ्रीजर लगवाए जाने की मांग उठाई गई है।

समधन मुख्य सड़क किनारे एक स्थान पर लगाया गया नया फ्रीजर

दोस्तों के साथ गया युवक हुआ लापता, परिजन परेशान

कन्नौज, समृद्धि न्यूज

कोतवाली पुलिस ने पीड़ित परिजनों की नहीं की सुनवाई, परिजनों ने उच्चाधिकारियों से लगाई गुहार

अपने दोस्तों के साथ शादी समारोह में गया युवक अचानक लापता हो गया। युवक की तलाश में परिजनों ने अपने परिचितों और रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। अनहोनी की आशंका के चलते परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर युवक की तलाश किए जाने की गुहार लगाई, लेकिन यहां भी पुलिस ने उसकी सुनवाई नहीं की। जिस से आहत होकर परिजनों ने उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिंतामणि निवासी सियाराम का पुत्र शिवम पड़ोस के गांव महाबलीपुर और जनपद हरदोई के ग्राम निकारीपूर्वा निवासी अपने चार दोस्तों के साथ बीते चार दिन पूर्व एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जनपद मऊ गए हुए थे। शादी समारोह में शामिल होने के बाद उसके दोस्त वहां से वापस अपने घर लौट आए, लेकिन शिवम उनके साथ वापस नहीं लौटा। शिवम के वापस न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने शिवम के दोस्तों से पूछताछ की। परिजनों के अनुसार शिवम के दोस्तों से कोई भी सटीक जानकारी नहीं मिली, जिसके चलते परिजन चिंतित हो उठे। जिसके बाद परिजनों ने अपने परिचितों और रिश्तेदारों क्या शिवम की खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। किसी अनहोनी की आशंका के चलते परिजनों ने सदर कोतवाली पहुंचे जहां उन्होंने पुलिस से शिवम को खोले जाने की गुहार लगाई। परिजनों का आरोप है कि कोतवाली पुलिस ने उनकी कोई सुनवाई नहीं की। परिजनों ने बताया कि शिवम का मोबाइल भी स्विच ऑफ है। पुत्र के साथ किसी अनहोनी की आशंका के चलते परिजन बेहद परेशान हैं। पीड़ित परिजनों ने उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई है।

तीन पीएचसी पर 68 मरीजों को मिला उपचार

जांच करते चिकित्सक — समृद्धि न्यूज

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज

शासन ने बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक रविवार को समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित करने के निर्देश दिए है। जिससे की शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर इलाज मिल सके। जिसमें विभिन्न प्रकार की जांच के साथ निःशुल्क दवा वितरित करनी है। इसके तहत ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अनौगी, जसपुरापुर सरैया, जलालाबाद में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में आए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई। पीएचसी अनौगी में 18, जसपुरापुर सरैया में 24, जलालाबाद में 26 कुल 68 मरीजों का उपचार किया गया। वही चिकित्सकों ने मेले में आए मरीजों को बदलते मौसम में सचेत रहने की सलाह दी। इस दौरान डॉ अनिल यादव, डॉ माजिद, डॉ इफ्राक हुसैन, डॉ आमिर जमाल, फार्मासिस्ट सीपी पांडेय, ओमकार, स्टाफ नर्स अर्चना, वार्ड बॉय रवि कुमार समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

शिक्षित बनिए, संगठित रहिए और संघर्ष कीजिए

- जाति तोडो, समाज जोडो मीटिंग का किया आयोजन

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

रविवार को ग्राम किस्तियापुर मे आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के तत्वावधान में जाति तोडो समाज जोडो मीटिंग आयोजन किया गया। जिसमे आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने विपक्षी एकता बैठक को लेकर कहा कि विपक्षी एकता दलितों को बगैर हो ही नहीं सकती। एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद को पटना की बैठक मे न बुलाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होने कहा कि समाज के लोगों से बाबा साहब ने कहा था कि शिक्षित बनिए। संगठित रहिए और संघर्ष कीजिए। इसलिए शिक्षा बहुत जरूरी है अपने बच्चों के शिक्षित जरूर कीजिए व मान्यवर कांशीराम ने कहा था कि बोट की रक्षा बहन बेटी की तरह कीजिए। न कि वोट बेचिए। कहा कि बीजेपी सरकार आपके संविधान को खत्म कर रही है और आरएसएस से अपना मनुबिधान वाला संविधान भी बना लिया है। हाल में नये संसद भवन मे बाबा साहब की प्रतिमा न लगाना ये दर्शाता है कि बीजेपी सरकार संविधान विरोधी कार्य कर रही है। अगर हम लोग अब भी सचेत न हुए तो ये बाबा साहब के संविधान को खत्म कर देंगे। इस लिए लोकसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी को मजबूत करे। बीजेपी को सत्ता से बाहर करे। इस मौके पर पवन गौतम, पातीराम बौद्ध, जिला महासचिव, बंटू कठेरिया, सर्वग्य गौतम, कृपाशंकर गौतम, कृष्ण कुमार, नेम सिंह, राज सिंघानिया, अनुज रावण, रवि, मंयक आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

समाज को संबोधित करते आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम — समृद्धि न्यूज

नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं नगला भीखा के वाशिंदे

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। ब्लॉक कमालगंज के गांव नगला भीखा में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे यहां के वाशिंदे नारकीय जीवन जीने को मजबरू हैं।

बताते चलें कि बीते कुछ महीनों पहले नगला भीखा में वायरल फीवर के चलते तीन मौतें एक साथ हुई थी। इसके बाद भी जनप्रतिनिधि नही चेत रहे हैं। वहीं अपनी आंख पर पट्टी बांधकर बैठे हुए हैं। यहां के ग्रामीणों ने बताया कि यहां से गुजरने वाले नाले की कभी भी सफाई नहीं हुई है। बहुत कहने पर सिर्फ एक बार सफाई कराई गई। जिससे बरसात में यहां की नालियां जलमग्न हो जाती है। बरसात थमने के बाद नालियों की सारी गंदगी सड़कों पर आ जाती है। जिससे लोगों का निकलना दुश्वार हो जाता है। जबकि इस समय बरसात का मौसम चल रहा है। जब भी ज्यादा बरसात होती है, तो ऐसा ही आलम नजर आता है। जिससे यहां के ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र की नाले की सफाई नहीं करायी गयी, तो वह आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जबकि सरकार जहां एक और स्वच्छता अभियान चला रही है और दूसरी ओर जनप्रतिनिधि सरकार के इस अभियान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार इस समस्या के संबंध में अवगत करा चुके हैं, लेकिन उनकी समस्या का अभी तक समाधान नहीं हुआ।

गंदगी से बजबजा रहा नाला

भारतीय कृषक एसोसिएशन ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

▶ महंगाई, भ्रष्टाचार, महिलाओं के साथ हो रहे अपराध का उठाया मुद्दा

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। भारतीय कृषक एसोशिएशन की पंचायत मुन्नालाल सक्सेना के आवास कार्यालय मुहल्ला जवाहरगंज कायमगंज में प्रताप सिंह गंगवार की अध्यक्षता में हुई। संचालन रामवीर जाटव ने किया। पंचायत में सर्व सम्मति से कहा गया कि जिले की भ्रष्ट नौकरशाही के चलते गौवंश आश्रय स्थल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक विद्यालय और कस्बे में नालियो में बजबजाते कीड़े, प्राइवेट स्कूलों की महंगी फीस व कॉपी किताबें व्यवस्था की पोल खोल रही हैं। वहीं जिला व तहसीलों में किसानों के काम नहीं हो रहे हैं। भ्रष्ट नौकर शाही के चलते बगैर रिश्वत के काम होना नामुमकिन है। जबकि जनपद में सांसद, चार विधायक, एक एम0एल0सी0 है। नौ वर्ष मोदी सरकार के होने के बाबजूद कोई विकास कार्य नहीं कराया गया। प्रान्त के मन्त्री विभिन्न योजनाएं गिनाकर जनता में अपना झूठा का प्रचार कर रहे हैं।

भ्रष्टाचार, मंहगाई, महिलाओं के साथ हो रहे अपराध के लिए सत्ता का कोई नेता बोलना नहीं चाहता। जिले में विद्युत आने जाने का कोई समय निश्चित नहीं है। नहरों में पानी नहीं आ रहा है। राशन कोटेदार पूरा राशन नहीं दे रहे हैं। पंचायत के दौरान जिला महासचिव मुन्नालाल सक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी विनीत कुमार, जिला प्रभारी रागिव हुसैन, जिला संगठन सचिव प्रताप सिह गंगवार सहित तमाम भारतीय कृषक नेता मौजूद रहे।

बैठक के दौरान मौजूद भारतीय कृषक एसो0 के पदाधिकारी

युवक को दबंग व उसकी मां ने पीटा, मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद (सं.)। टेंपों के टायर की हवा चेक कर रहे युवक को दबंग व उसकी मां ने गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। जिससे उसके काफी चोंटे आयी। चीखपुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गये, जिन्होंने बचाया। इस दौरान आरोपी जानमाल की धमकी देकर भाग गये। कोतवाली फतेगढ़ के ग्वालटोली निवासी जितेन्द्र कुमार पुत्र हरिराम बाथम ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 24 जून को वह हाथीखाना तिराहे पर अपने टेंपों में हवा चेक कर रहा था, तभी आकाश पुत्र मंगल निवासी हाथीखाना व उसकी मां रस्मी आयी और गाली-गलौज कर मारपीट कर करने लगे। आसपास के लोगों ने बचाया। आरोपीगण जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

आधुनिक भारत के आधुनिक इंजीनियर, पानी में ही शुरु कर दिया पुलिया का निर्माण कार्य

▶ ग्रामीणों ने डीएम से घटना की जांच कराकर कार्यवाही करने की उठायी मांग

शमसाबाद, समृद्धि न्यूज। पीडब्लूडी के कर्मचारियों ने पानी में ही पुलिया का निर्माण कार्य शुरु कर दिया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से जांच कराकर कार्यवाही करने की मांग की है।

विकास खंड शमसाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत शरीफपुर छिछनी के मजरा जैतपुर के निकट पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा आवागमन हेतु पुलिया का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। बताया गया है जैतपुर गॉव का रास्ता जो फुला गॉव सम्पर्क मार्ग से अमृतपुर होकर गुजरता है। बाढ़ग्रस्त इलाके में आधुनिक इंजीनियरों द्वारा पुलिया निर्माण कार्य पानी निकाले बिना ही शुरू कर दिया गया गया। जो भविष्य के लिए एक बड़े खतरे का संकेत है। बताया गया है पुलिया निर्माण में पुरानी ईटें पीली सेम ईटें लगाकर निर्माण कराया जा रहा है। पुलिया निर्माण कार्य को लेकर ग्राम जैतपुर के ग्रामीणों ने बताया निर्माण कार्य शुरू कराए जाने के दौरान ठेकेदार को अच्छी गुणवत्ता से निर्माण कार्य करने को कहा गया था। मगर ठेकेदार मनमानी पर उतारू है। ग्रामीणों के अनुसार जलालाबाद का भी पुल का एक कुआं जो शायद ऐसी ही गलती के कारण धंस गया था। घटिया निर्माण को लेकर अक्रोशित ग्रामीणों का कहना था ठेकेदार बिहार में हुए पुल हादसों से भी सबक नहीं ले रहे हैं। अगर बिहार जैसा मामला हुआ तो पुलिया ज्यादा समय तक नहीं टिकेगी। ग्रामीणों के अनुसार घटिया निर्माण को लेकर तीन दिन पहले शिकायत की गई थी। मगर अफसोस है शिकायत के बाबजूद कोई भी अधिकारी नहीं आया। निर्माण में पुरानी ईट सेम तथा पीली ईट लगाई जा रही जो गलत है। इसको लेकर फिलहाल ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह से पूरे मामले की जांच कराकर ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

पानी में चल रहा निर्माण कार्य

एसपी के आदेश पर पति सहित चार पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

▶ पति द्वारा दूसरी शादी कर लेने व मारपीट कर घर से निकाल देने का मामला

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। पति द्वारा दूसरी शादी कर लेने तथा महिला के साथ शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न कर मारपीट करने के मामले में पति सहित चार ससुरालियों के विरुद्ध एसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार कस्बा मंजना रोड बरतल निवासी मरजीना बेगम पत्नी कमर अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसकी शादी 23 जून 2009 को कमर अहमद के साथ हुई थी। तब से लगातार वह अपने पति कमर अहमद के साथ रह रही थी। उसकी एक 12 वर्षीय पुत्री निशा बानो है। दो वर्षों से पति व ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की खातिर शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न कर मारपीट करते है। सास ताने मारती है कि तेरे पिता ने शादी मात्र 5 लाख रुपये में की थी। मेरी हैसियत तुझसे बहुत ज्यादा है। 18 जून 2023 को सास, देवर, पति ने मारपीट कर घर से निकाल दिया तथा पति ने तमंचा दिखाकर कहा कि यदि तू दोबारा घर में आई तो तुझ को जान से मार देंगे। पीड़िता पुलिस की शरण में गई, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। सूत्रों द्वारा जानकारी मिली कि उसके पति ने जनपद कन्नौज के थाना गुरसहायगंज के गांव हमारी गौरी नवादा निवासी अंजुम बानो उर्फ बुशरा पुत्री इकबाल खान से शादी कर ली। तब पीड़िता पुलिस अधीक्षक के पास गई और घटना के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने पति कमर अहमद पुत्र खुर्शीद अहमद, देवर तौहीर अहमद पुत्र खुर्शीद अहमद, सास रजिया पत्नी खुर्शीद निवासीगण मंझना रोड कस्बा नवाबगंज तथा सौतन तंजुम उर्फबुसरा पुत्री इकबाल निवासी गौरी नवादा थाना गुरसहायगंज जनपद कन्नौज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

भुट्टा चुराने की बात कहकर दबंगों ने युवक को पीटा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। खेत में शौच करने गए युवक को भुट्टा चुराने की बात कह कर दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। थाना क्षेत्र के गांव नदी वीरपुर निवासी चंदन पुत्र रामप्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसका पुत्र आदित्य बीते दिन टीकाराम के खेत में शौच करने गया था, तभी उसके पुत्र को नगला पुठा निवासी टीकाराम पुत्र कुंवर सिंह तथा एक अन्य ने रोंक लिया और भुट्टा चुराने की बात कहकर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

खबरें चलते-चलते

पूर्व शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण हो

फर्रुखाबाद। अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन की बैठक सरस्वती शिशु मंदिर सेनापत में राममुरारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। जिसमें जगदीश चन्द्र कटियार ने कहा कि सभी को शिक्षा के प्रति सजग रहने की जरुरत है। कृष्णकान्त अक्षर ने कहा कि अपनी पेंशन की बात की। अफरोज यूसुफ ने कहा कि कुछ समस्यायें है जो संगठन को बताना चाहिए। मुन्नू सिंह तोमर ने कहा कि हम सब एकजुट रहे और समाज के प्रति अपना दायित्व निर्वाह्न करें। ज्योति स्वरुप अग्निहोत्री ने कहा कि समस्याओं का निराकरण सभी लोग मिलजुल कर करें। राममुरारी शुक्ला ने कहा कि हमें समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। संचालन बृजकिशोर सिंह किशोर ने किया। इस मौके पर सेठ बहादुर मिश्रा, सोवरन सिंह, सत्यप्रकाश पाण्डेय, सोने लाल यादव, उदयवीर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

मारपीट के मामले में पांच पर मुकदमा दर्ज

नवाबगंज (सं.)। गली के विवाद हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव आसलपुर पुठरी निवासी संजीव कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि बीते दिन वह अपने घर में काम कर रहा था, तभी गांव के विजेंदर सिंह, अनूप सिंह, सुनील कुमार, टीटू सिंह पुत्रगण वीरेंद्र सिंह तथा विकास कुमार पुत्र विजेंदर सिंह एकराय होकर आये और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी के बैट से मारपीट कर दी। बचाये आये पिता राजेन्द्र को भी पीटा। जिससे वह भी घायल हो गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

युवक को दबंगों ने पीटा, थाने में दी तहरीर

नवाबगंज (सं.)। होटल पर खाना खाने गए युवक को दबंगों ने मारपीट कर उसका मोबाइल तोड़ दिया। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। थाना क्षेत्र के गांव सोना जानकीपुर निवासी अंकित कुमार पुत्र सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसकी नवाबगंज चौराहे पर मंजना रोड पर हेयर कटिंग सैलून की दुकान है। वह दोपहर को मंजना रोड पर एक होटल पर खाना खाने गया था, तभी वहां पहुंचे गांव बरतल निवासी दबंग शिवम कुमार पुत्र किशनपाल, विशाल पुत्र नामालूम ने गाली-गलौज किया। विरोध करने पर मारपीट कर दी और मोबाइल भी तोड़ दिया। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

बीते कई महीनों से खराब पड़े हैंडपंप को नगर पंचायत ने कराया सही

▶ हैंडपंप सही होने से पुलिस कर्मियों ने ली राहत की सांस

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। बीते कई माह से खराब पड़े थाने के हैंड पंप को नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने कर्मचारियों को भेजकर सही कराया। हैंडपंप सही होने पर पुलिसकर्मियों ने राहत की सांस ली और अब उन्हें पानी के लिए इधर उधर नहीं जाना पड़ेगा।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज स्थित थाना प्रांगण में लगा हैंडपंप बीते कई महीनों से खराब चल रहा था। जिसकी सूचना थाना पुलिस ने चेयरमैन को दी। चेयरमैन अनिल कुमार राजपूत ने अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र राजपूत को मामले से अवगत कराया। तब सुभाष चंद्र राजपूत के निर्देशन में कर्मचारी प्रवीण कुमार, नरोत्तम कुमार, अमित गुप्ता तथा मिस्त्री मनीष कुमार ने पहुंचकर थाने के हैंडपंप को खोलकर संभाला। जिसमें एक नई समरसेबिल भी डाल दी। तब जाकर थाना प्रांगण में लोगों को पानी पीने से राहत मिली तथा थाना पुलिस को भी पानी मिल सका, लेकिन वहीं थाने के मेन गेट पर कंप्यूटर कक्ष के पास लगे हैंडपंप अब भी खराब पड़ा हुआ है। जिसको कर्मचारियों ने बताया कि यह हैडपंप रिवोर अवस्था में है। इसको रिबोर कराया जाएगा। जिसके बाद आने वाले फरियादियों को भी पानी की व्यवस्था दुरुस्त हो पाएगी। लोगों का कहना है कि नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत से अब लोगों को काफी उम्मीदें हैं।

हैंडपंप की मरम्मत करते कर्मचारी

आपातकाल का मंजर याद आते ही आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं

▶ 25 जून इतिहास का काला अध्याय: चंद्रपाल
▶ तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार ने आपातकाल लगाकर दी थीं यातनायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। 25 जून का दिन इतिहास का काला अध्याय था। लोकतंत्र सेनानी चंद्रपाल वर्मा के आवास पर राकेश सक्सेना की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कांग्रेस ने देश पर आपातकाल थोपा और अत्याचार किया। आज भी वह मंजर याद कर लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। जिन लोगों पर डीआर मीसा लगाया गया वह एक कांग्रेस सरकार की साजिश थी। साथ ही मीडिया पर प्रतिबंध लगाया गया, क्योंकि कांग्रेस के खिलाफ कुछ भी बोला न जाये। उस समय कांग्रेस के खिलाफ जो भी बोलता था, उसे जेल में बंद करवाकर उत्पीड़न किया जाता था। अंग्रेजों जैसा व्यवहार किया गया। मगर अंग्रेज तो पराये थे, तब अपनों ने ही सितम ढाये थे। कांग्रेस ने सितम नेता ही नहीं, बल्कि आम जनता पर ढाया गया और इमरजेंसी की आग में झुलसाया गया। आपातकाल के 48 वर्ष पूरे होने पर लोकतंत्र रक्षक सेनानियों ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर आरोप लगाये कि स्वतंत्रता सेनानियों व लोकतंत्र सेनानियों पर जुल्म इतना ढहाया गया जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। आने वाली पीढ़ियां भी कांग्रेस का यह मंजर जरुर जानें। आज देश बदल रहा है। देश पर कुठाराघात करने वाले सत्ता से बेदखल होते जा रहे हैं। बैठक में चंद्रपाल वर्मा, राकेश सक्सेना, अशोक कुमा, शिव नारायन वर्मा, कौशलेंद्र कुमार, कन्हैया लाल, वेदराम पाल मौजूद रहे।

काला दिवस मनाते लोकतंत्र सेनानी व मौजूद अन्य

अग्निवीर भर्ती के मद्देनजर एएसपी ने किया क्षेत्र का निरीक्षण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय कुमार सिंह ने अग्निवीर भर्ती के मद्देनजर रविवार को क्षेत्र का भ्रमण कर मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

अपर पुलिस अधीक्षक ने मातहतों से कहा कि बाहर से आने वाले युवाओं पर कड़ी नजर रखें तथा उन्हें भर्ती स्थल के आसपास न एकत्र होने दें तथा भर्ती समाप्त होने के बाद उनसे अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचने के लिए कहें। इसके अलावा अपर पुलिस अधीक्षक ने अन्य भी कई दिशा निर्देश दिये। जिससे कि अग्निवीर भर्ती में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो सके।

सूचना

आप सभी को सूचित किया जाता है कि भूमि प्रबंधन समिति ग्राम पंचायत सिगतुइया वि0ख0 मोहम्मदाबाद तहसील सदर जिला-फर्रुखाबाद की बैठक दिनांक 28/6/2023 को होगी। जिसमें गांव सभा के अंदर निवास करने वाले पात्र व्यक्तियों को बंजर व नवीन परती कृषि भूमि का आवंटन किया जायेगा। आप सभी की उपस्थित अनिवार्य है।

ग्राम प्रधान/अध्यक्ष भूमि प्रबंधन समिति सिगतुइया

सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2020 का अनुक्रमांक 1335241 का अंक पत्र व सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

संजू शाक्य पुत्र मुकेश सिंह निवासी ग्राम ढर्रा पो0 कुरार, जनपद फर्रुखाबाद।

डीएसबीडी पब्लिक स्कूल के 14वें स्थापना दिवस पर सुंदरकाण्ड पाठ का हुआ आयोजन

▶ विद्यालय परिवार व अभिभावकों ने लिया भाग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। डीएसबीडी पब्लिक स्कूल पांचाल घाट में विद्यालय के चौदहवें स्थापना दिवस पर सुंदर कांडपाठ का आयोजन हुआ। गंगा नगर कथा एवं सुंदर कांड पाठ समिति के धर्मगुरु राम बाबू मिश्र तथा कर्म काण्ड के विशिष्ट ज्ञाता निर्दोष शुक्ल द्वारा विधिवत पूजन संपन्न कराया गया। दोनों ही पुरोहितों ने मंत्र वाचन के साथ पाठ का शुभारंभ किया। यजमान के रूप में विद्यालय के चेयरमैन विभोर सोमवंशी तथा प्रधानाचार्या राजू सोमवंशी ने पूजन अर्चन किया। सुंदर कांड पाठ समिति के अध्यक्ष राम सागर दीक्षित, ऋषिपाल सिंह, सचिव मनोज अग्निहोत्री, अखिलेश त्रिवेदी, सतीश त्रिवेदी, उमेश कुमार, जितेंद्र अग्रवाल, बृजेश कुमार, अमित बाजपेई आदि ने सस्वर पाठ का वाचन किया। श्रोता के रूप में विद्यालय संस्थापक महेश पाल सिंह सोमवंशी उपकारी, वैभव सोमवंशी सुभग, अनुराग सोमवंशी, अमर पाल सिंह, कुशल पाल सिंह, आरव सोमवंशी, सुब्रत, सुयश रानी सोमवंशी आदि लगभग आधा सैकड़ा लोग मौजूद रहे। व्यवस्था में सहयोग विद्यालय प्रबंधक अनुजा सोमवंशी, अध्यापक सचिन, निर्भय आलोक, कीर्ति, संध्या व आकृति ने किया। सभी को प्रसाद व मिष्ठान वितरण किया गया।

उपस्थित सभी आत्मीय जनों ने विद्यार्थियों और विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास की शुभकामनाएं दी।

सुंदर काण्ड पाठ के दौरान आरती में भाग लेते भक्तगण

जालसाजी के मामले में दंपत्ति के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

पूर्व प्रधानाचार्य रोज मेरी चन्द्रा

राकेश सक्सेना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पूर्व प्रधानाचार्य के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है।

मामले की सुनवाई के दौरान उपस्थित न होने पर रखा बालिका इंटर कालेज की पूर्व प्रधानाचार्य रोजमेरी चन्द्रा समेत दो लोगों के खिलाफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार त्यागी ने गैर जमानती वारंट जारी कर दिये। पुलिस को वारंट तामील कराने का आदेश दिया गया। रखा बालिका इंटर कालेज की पूर्व प्रधानाचार्य व उनके पति राकेश चन्द्र सक्सेना के खिलाफ न्यायालय में धोखाधड़ी के मामले का मुकदमा चल रहा है। न्यायालय में उपस्थित न होने पर सीजीएम ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस को 25 जून तक वारंट तामील कराने का आदेश दिया है। जालसाजी के मुकदमे में न्यायालय के आदेश का अनुपालन न करने पर दंपत्ति के खिलाफ वारंट तामील कराने का आदेश जारी किया है। न्यायालय ने दोनों की गिरफ्तारी का आदेश जारी किया है।

भाजपा ने मनायी आपातकाल की बरसी

▶ इंदिरा गांधी को बचाने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने लगाया था आपातकाल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर आपातकाल की बरसी पर गोष्ठी का आयोजन जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला संगठन प्रभारी डॉ0 अरुण पाठक ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ0 अरुण पाठक ने कहा 25 जून 1975 भारत के लोकतंत्र का सबसे काला दिन रहा। जिस दिन भ्रष्टाचार और तानाशाही में डूबी तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में भारत में आपातकाल लगाया। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने इंदिरा गांधी को बचाने के लिए लोकतंत्र की हत्या कर दी। इमरजेंसी को पूरे 48 साल हो गए, लेकिन आज तक कांग्रेस पार्टी ने इस घोर कृत्य के लिए कभी भी देश से माफी नहीं मांगी। कांग्रेस ने देश के संविधान को नष्ट करने का पाप किया है। वर्तमान में भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी विदेश में जाकर भी भारत के लोकतंत्र को नीचा दिखाने की कोशिश करते रहते हैं। 25 जून 1975 के उस दिन को भारतीय जनता पार्टी काला दिवस के रूप में मनाती है। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने कहा आज ही के दिन 1975 में एक परिवार ने अपने हाथ से सत्ता निकलने के डर से जनता के अधिकारों को छीन लोकतंत्र की हत्या कर देश पर आपातकाल थोप दिया था। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा आपातकाल जैसे कठिन समय में अनेक यात्राएं कहकर लोकतंत्र को पूर्ण जीवित करने के लिए लाखों लोगों ने संघर्ष किया उन सभी देशभक्तों को दिल से नमन किया जाता है। इस मौके पर भूदेव राजपूत, हिमांशु गुप्ता, डीएस राठौर, फतेहचन्द्र वर्मा मौजूद रहे।

आपातकाल संगोष्ठी को संबोधित करते डा0 अरुण पाठक

लालगेट के पास नर्सिंग होम के बाहर पड़ा मिला युवक का शव

▸ पुलिस ने पहुंचकर की जांच, युवक की जेब से मिला दवा का पर्चा, जिस पर लिखा था सुदेश

घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। रविवार को कादरीगेट थाना क्षेत्र के लालगेट स्थित एक नर्सिंग होम के बाहर एक युवक का शव पड़ा मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई। सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल तो मृतक की जेब से एक दवाई का पर्चा बरामद हुआ। पुलिस ने युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट क्षेत्र लालगेट के पास एक नर्सिंग के सामने युवक का शव पड़ा लोगों ने देखा तो मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर थानाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ पहुंच गये और जांच पड़ताल की। पुलिस ने मृतक युवक की तलाशी ली तो उसकी जेब से कुछ रुपये व एक दवा का पर्चा मिला। जिस पर सुदेश लिखा था। पुलिस ने पर्चे के सहारे युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस ने नर्सिंग संचालक से पूछताछ की, लेकिन फिर भी युवक की शिनाख्त नहीं हुई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर मोर्चरी भिजवाया। वहीं लोग अनुमान लगा रहे हैं कि युवक डॉ0 चौहान के यहां दवा लेने आया होगा। डाक्टर के न मिलने पर वह वहीं बैठकर उनका इंतजार करने लगा और उसकी मौत हो गयी। फिलहाल अभी शिनाख्त नहीं हुई है।

अज्ञात एंबुलेंस चालक पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज। एंबुलेंस की टक्कर से प्रतीक्षालय में बैठी मां-बेटी के मौत के मामले में मृतका के ससुर ने अज्ञात एंबुलेंस चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

बताते चले कि कोतवाली कायमगंज के ग्राम न्यामतपुर ढिलावली निवासी मृतका रुबी पत्नी दुर्गेश अपनी तीन वर्षीय पुत्री खुशबू के साथ अपने पिता रामनारायण निवासी अमृतपुर के गांव मुजहा गयी थी। 24 जून को रुबी अपनी पुत्री खुशबू की दवाई लेने अपनी बहन सरिता के साथ कस्बे में गयी थी। गर्मी अधिक होने की बजह से तीनों लोग प्रतीक्षालय में बैठ गये, तभी तेज रफ्तार से आ रही सरकारी एंबुलेंस संख्या यूपी 32ईजी/5001 के अज्ञात चालक ने प्रतीक्षालय में टक्कर मार दी। जिससे प्रतीक्षालय भरभराकर गिर गया। उसमें दबकर रुबी व उसकी पुत्री खुशबू की दबकर मौत हो गई थी। वहीं सरिता गंभीर रुप से घायल हो गयी थी। कोतवाली कायमगंज के ग्राम न्यामतपुर ढिलावली निवासी आशाराम पुत्र रामसहाय थाना अमृतपुर पुलिस को दी है। जिसमें दर्शाया कि सरकारी एंबुलेंस संख्या यूपी 32ईजी/5001 के अज्ञात चालक ने कस्बा अमृतपुर बने में छायागृह में टक्कर मार दी। जिससे उनकी पुत्रवधू रुबी व पोती खुशबू की मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात एंबुलेंस चालक के विरुद्ध धारा 279, 337, 338, 304-ए के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

चोरों ने दो घरों से नकदी व जेवरात किये पार, पुलिस ने की जांच पड़ताल

▸ पुलिस मामले को मान रही संदिग्ध, चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत

चोरों द्वारा तोड़ी गयी सेफ व बिखरा पड़ा सामान

कम्पिल, समृद्धि न्यूज। दीवार फांदकर घर में घुसे चोरों ने दो घरों से जेवर व नगदी चोरी कर लिए। सुबह जागने पर स्वजनों को मामले की जानकारी हुयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव चांदपुर कच्छ निवासी सरनाम कठेरिया ने दी तहरीर में बताया कि रविवार की बीती रात पत्नी व बच्चों के साथ छत पर सो रहा था। किसी पहर चोर दीवार फांदकर घर में घुस गए और कमरे में रखे बक्से को खोलकर जेवर व नगदी चोरी कर ली। सुबह जागे स्वजनों ने कमरे में जाकर देखा तो दंग रह गए। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। वहीं पड़ोसी पूर्व प्रधान गजराज ने दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार को उनका पुत्र शिवनन्दन घर में ताला लगाकर पत्नी व बच्चों के साथ शादी समारोह में शामिल होने रिश्तेदारी में गया था। रविवार की बीती रात चोर मुख्य गेट का ताला तोड़कर घर में घुस गए। चोरों ने कमरे में रखे दो लाख के जेवर व पचास हजार रुपए की नगदी चोरी कर ली। रविवार सुबह ग्रामीणों ने घर का ताला टूटा देख गजराज को सूचना दी। स्वजनों ने घर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। नगदी व जेवर गायब था। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घरों में जांच पड़ताल की। थाने पहुंचे सीओ सोहराब आलम ने पीड़ितों से घटना के सम्बन्ध में जानकारी ली। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया मामला संदिग्ध है। पीड़ित के अनुसार ताले टूटे हुए हैं, जबकि ताले खुले पाए गए। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

जिला योजना समिति के चुनाव में बबली, निर्मला शाक्य, महेश विजयी, सीमा निर्विरोध

विजयी पत्याशी निर्मला शाक्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिला योजना समिति के चुनाव में आठ उम्मीदवार मैदान में थे। रविवार को मतदान के बाद देर शाम परिणाम घोषित हुए। जिसमें बबली, महेश, निर्मला शाक्य ने बाजी मारी। वहीं सीमा अनारक्षित वर्ग से निर्विरोध चुनी गई। जिला योजना चुनाव में अनुसूचित जाति महिला के लिए बबली व पूनम देवी का मुकाबला हुआ। 110 मत पाकर बबली ने पूनम देवी को पराजित कर जीत हासिल की। पूनम को 55 वोट मिले। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए निर्मला शाक्य, अनुराग यादव, संजीव बाथम और जूली के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें सर्वाधिक 78 मत पाकर निर्मला शाक्य ने अपने प्रतिद्वंती अनुराग यादव को 15 मतों से पराजित कर जीत हासिल की। अनुराग यादव को 67 वोट मिले। संजीव बाथम को 11 और जूली के 6 वोट मिले। अनाराक्षित वर्ग के लिए महेश और बिटाना देवी के बीच मुकाबला हुआ। 89 वोट पाकर महेश ने बिटाना देवी को 17 मतों से पराजित किया। बिटाना देवी को 72 मत प्राप्त हुए। वहीं अनारक्षित सीट सीमा पत्नी अतुल कुमार निर्विरोध चुनी गई। वहीं बृजेश ने अपना नाम वापस ले लिया था। परिणाम आते ही समर्थकों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। जीत का प्रमाण पत्र लेकर बाहर आने पर फूल माला से समर्थकों ने स्वागत किया।

पुलिस ने पशु तस्करों को लोडर सहित पकड़ा

▸ 12 जानवरों को कराया मुक्त, पशु क्रूता अधिनयम में मुकदमा दर्ज

पिकअप गाड़ी में भरे पशु

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। जहानगंज थाना में तैनात उपनिरीक्षक भगवती प्रसाद ने जहानगंज थाने में पशु तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाते हुए बताया कि वह बीती शाम हमराही संजीव कुमार, कुलदीप सिंह, मनजीत सिंह के साथ संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे, तभी छिबरामऊ जाने वाले रोड पर एक प्रतीक्षालय के पास खड़े थे, तभी छिबरामऊ की तरफ से महिंद्रा पिकअप यूपी 76 के 4971 आती हुई दिखाई दी। जो हम पुलिस वालों को देखकर पीछे की ओर मुड़ने लगी। शक होने पर नजदीक जाकर गाड़ी के पीछे देखा और लकड़ी के पल्ले को हटाकर अंदर देखा तो भैंस एवं पड़िया जो एक दूसरे के ऊपर चढ़े हुए थे। उनके पैर रस्सी के सहारे बंधे हुए थे एवं प्लास्टिक की रस्सी से मुंह बहुत टाइट बांधा गया था। जानवरों की संख्या करीब 12 थी। पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम राम सागर निवासी घाटमपुर जहानगंज बताया। दूसरे अभियुक्त ने अपना नाम सलीम खान निवासी खटकपुरा इज्जत खां कोतवाली फर्रुखाबाद बताया। तीसरे अभियुक्त ने अपना नाम मोहम्मद आसिफ निवासी खटकपुरा इज्जत खां कोतवाली फर्रुखाबाद बताया। चौथा इमरान पुत्र हाजी निवासी उपरोक्त गाड़ी के कागज मांगने पर नहीं दिखा सका। पुलिस ने सभी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम पंचायत अधिकारी ने चोरी की दर्ज करायी रिपोर्ट

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। ग्राम पंचायत अधिकारी ने सचिवालय में हुई चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

महमदपुर अमलैया थाना जहानगंज के ग्राम विकास अधिकारी करन सिंह ने थाने में शिकायत कर बताया ग्राम पंचायत महमदपुर अमलैया में ग्राम पंचायत सचिवालय स्थापित किया गया था। जिससे ग्राम पंचायत के सभी कार्य संचालित किए जाते थे। ग्राम पंचायत कार्यालय में कंप्यूटर प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा, एलईडी टीवी, इनवर्टर, दो बैटरी, वाईफाई डीवीआर, चार एलईडी बल्ब एवं लैपटॉप आदि उपकरण लगाये गये थे। जो चोरी हो गए। चोरी हुए उपकरणों की कीमत लगभग 130000 थी। चोरी की घटना दिनांक 20 जून की रात को घटी। जिसकी जानकारी 21 जून सुबह 8 बजे हुई जब ग्राम प्रधान पति पंचम सिंह राठौर ग्रामवासियों के साथ योगा दिवस पर योगा करने सचिवालय पहुंचे। वहां पर पूर्व में ही कार्यालय का ताला टूटा पाया गया, जो कि चोरों द्वारा 20 जून की रात को तोड़ा गया था। जिसके बाद प्रधान पति द्वारा 112 नंबर पर सूचना दी गई एवं दूरभाष से मुझे सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगर पालिका कर्मचारी के घर से नकदी व जेवरात चोरी

चोरों द्वारा तोड़ी गयी सेफ को देखते गृह स्वामी

▸ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर की जांच पड़ताल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। नगर पालिका कर्मचारी के घर का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों की नगदी सहित जेवरात व अन्य घरेलू सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी होने पर सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र की वाटर वर्क्स कॉलोनी निवासी अब्दुल नाजिर जो कि नगर पालिका में कर्मचारी है। वह जनपद कन्नौज के कस्बा गुरसहायगंज से दवा लेने गये थे। इस दौरान चोरों ने ताला तोड़कर घर के अंदर रखी 40 हजार की नगदी, सोने-चांदी के आभूषण, इन्वर्टर आदि घरेलू सामान चोरी कर ले गये। जब वह वापस आया तो घटना की जानकारी हुई और सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की गई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जायेगी। घटना को लेकर आसपास के लोगों में रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि पुलिस की लापरवाही से घटनायें हो रही है।

जिला बदर अपराधी को पुलिस दबोचा

पुलिस हिरासत में जिला बदर अपराधी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने जिला बदर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 3/10 उ0प्र0गुण्डा अधिनियम के उल्लंघन के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। रविवार को थाना कादरीगेट पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जिला बदर अपराधी सुरेन्द्र पुत्र चंद्र शेखर निवासी रामलीला गड्ढा थाना कादरीगेट को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 3/10 उ0प्र0गुण्डा अधिनियम के उल्लंघन में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

ट्रक पर जाने की बात कहकर निकला युवक लापता

शमसाबाद, समृद्धि न्यूज। ट्रक पर जाने की बात कहकर घर से निकला व्यक्ति अचानक लापता हो गया। पता न चलने पर ट्रक मालिक ने थाना पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार जनपद ठठिया के ग्राम पल्ले पुरवा निवासी रघुनाथ पुत्र हरनाथ ने शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा है उनके ट्रक पर रोहित पुत्र उमेश चंद्र निवासी बेला सराय थाना शमशाबाद कंडक्टर था। ट्रक स्वामी के अनुसार 19 जून को रोहित छुट्टी लेकर घर चला गया। यहां से 24 जून को अपनी मां संतोषी देवी से कहकर चला गया कि वह ट्रक स्वामी के पास जा रहा है और अचानक रास्ते में कहीं गुम हो गया। उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। ट्रक स्वामी के अनुसार पुलिस तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित ट्रक स्वामी ने शमशाबाद थाना पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।

खबरें चलते-चलते

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने संभाला चार्ज

फर्रुखाबाद (सं.)। नवांगतुक पुलिस अधीक्षक ने रविवार को पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण कर लिया। वर्ष 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी विकास कुमार की पहली तैनाती गोरखपुर में रही। इसके बाद जनपद अलीगढ़ और वाराणसी में भी तैनात रहे हैं। शासन द्वारा किये तबादले के वक्त वह आगरा में 5 अगस्त 2021 से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट थे। रविवार को उन्होंने अपना पदभार ग्रहण कर लिया। वह मूल रुप से बिहार के प्रांत जिला भोजपुर के रहने वाले हैं।

वृद्ध की हालत बिगड़ी, मौत

कायमगंज (सं.)। वृद्ध की अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर निवासी 60 वर्षीय देवदत्त पुत्र रामकुमार की अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लेकर आये। जहां डाक्टर ने देवदत्त को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जेवर चोरी करने वाले महिलाएं गयीं जेल

पुलिस हिरासत में टप्पेबाज महिलायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। बीते दिन शिक्षामित्र के साथ हुई टप्पेबाजी के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दि गया।

जानकारी के अनुसार मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव रोहिला निवासी पूर्व सैनिक शैलेंद्र यादव की पत्नी शिक्षामित्र अनीता यादव अपने बच्चों के साथ शहर के मोहल्ला राजीव गांधी नगर में छोटी बहन की शादी में शामिल होने आयी थी। शादी के बाद वह टेंपो से बस अड्डा जा रही थी। रास्ते में एक युवती और दो महिलाएं उसी टेंपो पर बैठ गईं। उन्होंने रास्ते में शिक्षामित्र का बैग खोलकर उसमें रखे करीब आठ लाख रुपये के जेवर पार कर कर दिये थे। ताला खुला देखकर शिक्षामित्र अनीता यादव ने युवती को पकड़ का सरे बाजार बस अड्डा के पास चप्पलों से पिटाई की थी। अनीता की तहरीर पर पुलिस ने मैनपुरी जिले के थाना बिछवा के सहारा निवासी युवती विनीता, कमलेश उर्फ मुन्नी देवी व पूजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने तीनों की गिरफ्तारी दिखाकर रिमांड मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेश किया। वहां से तीनों महिलाओं को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस ने गुमशुदा बच्चे को सकुशल किया बरामद

बच्चे को बरामद करने के बाद पिता को सौंपते पुलिसकर्मी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। नवागंतुक पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना मऊदरवाजा पुलिस ने गुम हुए बच्चे को सकुशल बरामद कर उसके पित को सौंपा दिया। जानकारी के अनुसार बीते दिन बच्चा गुम हो गया था। जिसकी गुमशुदगी उसके पिता ने थाना मऊदरवाजा में दर्ज करायी थी। रविवार को पुलिस ने बच्चे को सकुशल बरामद कर उसके पिता को सौंपा दिया। अपने बच्चे को सकुशल पाकर पिता फूले नहीं समाया।

संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर की मौत

▸ परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से किया इंकार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर की हालत बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन में उपचार के लिए डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने पहुंच गयी। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया और शव लेकर घर चले गये।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के सेंट्रल जेल चौकी के निकट निवासी सर्राफा व्यापारी राजेश का 12 वर्षीय पुत्र कृष्णा की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया। जानकारी होने पर परिजन उपचार के लिए कृष्ण को डा0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

इस दौरान परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया और शव लेकर अपने घर चले गये। वहीं घटना के पीछे के कारणों का पता नहीं चला है। वहीं मृतक के परिजन भी कुछ बताने को तैयार नहीं हैं।

छेड़छाड़ के मामले में कार्यवाही न होने पर पीड़ित चढ़ा पेड़ पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज, एक हिरासत में

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। किशोरी के साथ छेड़छाड़ व जानमाल की धमकी देने के मामले में पुलिस द्वारा कार्यवाही न किये जाने पर पीड़ित पिता रस्सी लेकर पेड़ पर आत्महत्या की धमकी देकर चढ़ गया। तब जाकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुत्रियों के साथ छेड़छाड़ के मामले में पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न करने पर आत्महत्या के उद्देश्य से रस्सी लेकर पेड़ पर चढ़ गया। घटना की जानकारी होते ही ग्रामीणों ने उसे देखकर पकड़ लिया और घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आनन-फानन में मौके पर पहुंचकर समझाकर बुझाकर शांत किया और आरोपी विपिन, छोटू, अजय पुत्र राम सिंह, रतन, पवन पुत्र अजय व विपिन की मां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं सूत्रों की माने तो पुलिस ने आरोपी विपिन को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।